www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 19 जनवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -285 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



देश की शान हैं आदिवासी : धनखड़ 02
■ जंजीर और ताले में बंद नोएडा प्राधिकरण
■ जब नगर आयुक्त ने सड़क पर रखवाया ड्रेन कवर 04
■ पाकिस्तान ने ईरान में आतंकवादी ठिकानों पर
■ अमेरिका ने हाउती के ठिकानों पर किए हमले 07
'ब्लडी इश्क' के लिए विक्रम भट्ट के साथ काम... 10


## सार संक्षेप

### ईडी के भेजे चारों नोटिस गैरकानूनी : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी के चौथे समन को गैरकानूनी और अमान्य बताते हुए कहा कि भाजपा किसी भी तरह उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना चाहती है। श्री केजरीवाल ने पत्रकारों से आज कहा कि ईडी ने उन्हें चौथा नोटिस भेजा है। इस संबंध में कई बार ईडी को लिखकर भेज चुका हूं लेकिन ईडी इसका कोई जवाब नहीं दे रही है।

### उत्तरकाशी में गुरुवार को आया 2.8 तीव्रता का भूकंप



**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी में गुरुवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। सुबह जब लोग अपने घरों में काम कर रहे थे, तभी उन्हें भूकंप के झटके महसूस हुए जिसके बाद लोग डर के कारण अपने अपने घरों से बाहर आ गए। रिएक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.8 मापी गई है। हालांकि अच्छी बात ये रही कि इसमें किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। उत्तराखंड का उत्तरकाशी जिला भूकंप के जोन 5 में आता है। कई बार भूकंप के झटके महसूस किए जाते हैं।

### सीबीआई कोर्ट में गवाह ने यासीन मलिक को पहचाना



**नई दिल्ली।** जेकेएलएफ प्रमुख यासीन मलिक ने बंदूक निकाली और भारतीय वायुसेना के जवानों पर गोलियां चला दीं। यह बात स्पेशल सीबीआई कोर्ट को उस चश्मदीद ने बताईं जो 25 जनवरी 1990 को श्रीनगर में हुए आतंकी हमले के वक्त मौजूद था। ये गवाह पूर्व वायुसेना कर्मी राजवार उमेश्वर सिंह हैं, जो उस आतंकी हमले में बच गए थे।


### ओडिशा में मजदूरों को ट्रक ने कुचला चार की मौत



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बरगढ़ जिले के बिरजाम गांव में बुधवार को जमीन पर सो रहे चार मजदूरों के ऊपर एक बोरवेल ड्रिलिंग कंपनी का ट्रक चढ़ गया, जिससे उनकी मौत हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मरने वाले चार लोगों में से तीन मध्य प्रदेश और एक छत्तीसगढ़ का था, जबकि हादसे में गंभीर रूप से घायल मजदूर मध्य प्रदेश का रहने वाला है।

### पास बारूदी सुरंग विस्फोट में सैनिक की मौत, दो घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास गुरुवार को एक बारूदी सुरंग विस्फोट में एक सैनिक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास यह विस्फोट हुआ।



देश की राजधानी में दिल्ली में गणतंत्र दिवस को लेकर तैयारियां चल रही हैं। कर्तव्य पथ पर परेड की रिहर्सल की जा रही है। कर्तव्य पथ पर परेड को देखते हुए कुछ यातायात प्रतिबंध लागू किए गए हैं। गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल 21 जनवरी तक कर्तव्य पथ पर की जाएगी। (छाया : देशबन्धु)।

असम पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा

# हिमंत बिस्वा देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री : राहुल

## असम के 17 जिलों में 833 किमी का सफर तय करेगी न्याय यात्रा

■ असम को विभाजित कर रही भाजपा
■ राज्य में आठ दिन तक रहेगी यात्रा

**जोरहाट,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' गुरुवार को नगालैंड से असम पहुंच गई। शिवसागर जिले से शुरू होकर यह यात्रा असम के 17 जिलों से गुजरेगी और 833 किमी का सफर तय करेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों से होकर गुजरेगी। यात्रा नगालैंड से शिवसागर जिले के हलुवाटिंग होते हुए असम पहुंची। असम के लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने केंद्र सरकार के साथ ही राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। राहुल ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताया है। उन्होंने कहा, 'आज भाजपा और आपके मुख्यमंत्री असम को विभाजित कर रही है। शायद देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री असम का मुख्यमंत्री है।' हलुवाटिंग में सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं ने गांधी का स्वागत किया और राज्य में आठ दिवसीय यात्रा के लिए कांग्रेस की असम इकाई के नेताओं को राष्ट्रीय ध्वज सौंपा गया। असम में यह यात्रा 25 जनवरी तक जारी रहेगी। कांग्रेस सांसद के नेतृत्व में 6,713 किलोमीटर लंबी यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई थी और 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी।



### मणिपुर में सिविल वॉर का माहौल बना

राहुल ने कहा कि मणिपुर में सिविल वॉर का माहौल बना हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी आज तक वहां नहीं गए। नगालैंड में पीएम ने बड़े वादे किए थे। वहां के लोग पूछ रहे हैं कि प्रधानमंत्री के वादों का क्या हुआ। ऐसी ही चीजें असम में भी हो रही हैं।

### लोगों को लड़ाते हैं भाजपा-आरएसएस

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) देश में नफरत फैलाते हैं, धर्म के आधार पर लोगों को लड़ाते हैं और फिर जनता का धन लूटते हैं। श्री गांधी ने भारत 'जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान गुरुवार को असम नागालैंड सीमा पर स्थित नकाचरी देवरापारा में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही।

# वडोदरा में नाव पलटी, 16 की मौत

■ क्षमता से ज्यादा लोग थे सवार ■ निजी कंपनी के हाथ में रखरखाव

**वडोदरा,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। गुजरात के वडोदरा में बड़ी दुर्घटना हुई है। हरणी तालाब में नाव पलट गई। इस पर 23 छात्र और चार शिक्षक सवार थे। मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। आठ लोगों को बचा लिया गया किया है। चार से पांच लोग अभी भी लापता हैं। मौके पर बचाव कार्य जारी है। नाव की क्षमता 14 लोगों की थी, लेकिन इसमें 27 से ज़्यादा लोगों को सवार किया गया था। तालाब का रख रखाव एक निजी कम्पनी के हाथ में है। सभी विद्यार्थी वडोदरा के एक स्कूल के थे। बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। छात्र जो गंभीर रूप से घायल हुए हैं उन्हें अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। 10 से ज्यादा एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंच चुकी हैं। घटना की जानकारी मिलते ही वहां पर रेस्क्यू की टीम पहुंची। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मृतकों के परिजनों के लिए चार लाख और घायलों के लिए 50 हजार रुपए मुआवजे का एलान किया है।



### घूमने के लिए आए थे छात्र

ये सभी छात्र वडोदरा के न्यू सनराइज स्कूल के थे जो यहां पर ट्रिप के लिए आए थे। जितने भी छात्र और शिक्षक नाव पर सवार थे उनमें से किसी ने लाइफ जैकेट नहीं पहनी हुई थी।

### सात एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में फैला है हरणी तालाब

हरणी तालाब सात एकड़ से ज्यादा क्षेत्र में फैसला हुआ है। इस तालाब का सौंदर्यीकरण साल 2019 में किया गया था। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद छात्रों के परिवार में मातम का माहौल हो गया है।

# दोषियों ने मांगी आत्मसमर्पण की मोहलत




■ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा बिलकिस बानो मामले में सामूहिक बलात्कार और हत्या के 11 दोषियों की समयपूर्व रिहाई पर रोक लगाने के कुछ दिनों बाद, उनमें से तीन ने शीर्ष अदालत के समक्ष आवेदन दायर कर जेल अधिकारी के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए समय बढ़ाने की मांग की है। गुरुवार को न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने इन आवेदनों को सुनवाई के लिए 19 जनवरी को सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने रजिस्ट्री को आदेश दिया कि वह भारत के मुख्य न्यायाधीश से एक विशेष पीठ गठित करने के निर्देश प्राप्त करें, जिसमें वह और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां शामिल हों?, जिसने पहले गुजरात सरकार द्वारा दिए गए छूट के आदेश को रद्द कर दिया था और दोषियों को 21 जनवरी तक जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए कहा था।

अपने आवेदन में, एक दोषी ने अनुरोध किया कि उसके 88 वर्षीय बिस्तर पर पड़े पिता पूरी तरह से उस पर निर्भर हैं और उसकी 75 वर्षीय मां का स्वास्थ्य भी खराब है। इसके अलावा, उन्हें 'बवासीर' के इलाज के लिए ऑपरेशन भी कराना है। आवेदन में कहा गया है, प्रतिवादी (दोषी) और उसके परिवार द्वारा सामना की जा रही कठिनाइयों के मद्देनजर और न्याय के हित में, प्रतिवादी को संबंधित जेल अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण करने के लिए चार सप्ताह का विस्तार दिया जाना चाहिए। एक अन्य दोषी मितेश चिमनलाल भट्ट ने कहा कि वह लगभग 62 साल के हैं और उन्होंने मोतियाबिंद के लिए आंख की सर्जरी कराई है। भट्ट ने अपने आवेदन में अनुरोध किया, चूंकि आवेदक द्वारा उत्पादित शीतकालीन फसलें कटाई और अन्य प्रक्रियाओं के लिए तैयार हैं, इसलिए आवेदक को ऐसी कटाई और अन्य प्रक्रियाओं के लिए 5 से 6 सप्ताह की आवश्यकता है। इसी तरह, एक अन्य आवेदन में आत्मसमर्पण के लिए समय अवधि चार सप्ताह बढ़ाने की मांग करते हुए कहा गया है कि आवेदक का छोटा बेटा विवाह योग्य उम्र का है और वह यह जिम्मेदारी पूरा करना चाहते हैं।

# 22 को सरकारी दफ्तरों में आधे दिन की छुट्टी

## मंत्री अपने घरों में रहकर जलाएंगे दीप गरीबों को कराएंगे भोजन

**नई दिल्ली,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों में आधा दिन का अवकाश रहेगा। ताकि कर्मचारी टीवी स्क्रीन पर राममंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देख सकें। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इसकी पुष्टि की है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक बैठक भी की है। इसी बैठक में उन्होंने सभी मंत्रियों को निर्देश दिया है कि इस दिन वे अपने क्षेत्र में रहें और अपने-अपने घरों में दीपक जलाएं। निर्देश में कहा गया है कि वे दीपावली की तरह इस दिवस को भी अपने घरों में मनाएं और गरीबों को भोजन भी कराएं।



लोगों को दर्शन कराएंगे मंत्री व भाजपा सांसद

प्रधानमंत्री के निर्देश में कहा गया है कि 22 जनवरी के बाद जब सामान्य लोगों के दर्शन के लिए राममंदिर खोला जाएगा तो सभी मंत्री, सांसद और विधायक अपने-अपने क्षेत्रो में रहकर लोगों को दर्शन कराने के लिए पूरी यात्रा का प्रबंध करेंगे।

### श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर डाक टिकट जारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर स्मारक डाक टिकट जारी किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका, न्यूजीलैंड, इंडोनेशिया और सिंगापुर सहित दुनिया भर में 20 से ज्यादा देशों द्वारा भगवान राम पर जारी टिकटों की एक स्टाम्प पुस्तक भी जारी की। डाक टिकट के डिजाइन में राम मंदिर, चौपाई 'मंगल भवन अमंगल हारी', सूर्य, सरयू नदी, और मंदिर में एवं उसके आसपास की मूर्तियां शामिल हैं।

भारी नाटकीयता के बीच चंडीगढ़ मेयर का चुनाव स्थगित

# चुनाव रोकना चाहती है भाजपा : कांग्रेस

■ पीठासीन अधिकारी के खराब स्वास्थ्य का दिया गया हवाला

**चंडीगढ़,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह के अस्वस्थ होने से चंडीगढ़ नगर निगम मेयर का चुनाव गुरुवार को स्थगित कर दिया गया। पार्षदों को प्राप्त एक संदेश में सूचित किया गया है कि पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह का स्वास्थ्य खराब है। उपरोक्त के मद्देनजर, यह अनुरोध किया जाता है कि अगले आदेश प्राप्त होने तक एमसी कार्यालय न पहुंचें। इस बीच, आप और कांग्रेस पार्षदों ने इस घटनाक्रम पर अपना विरोध दर्ज कराया। मुझे सूचित किया गया है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पार्षदों को चंडीगढ़ नगर निगम कार्यालय के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है क्योंकि पीठासीन अधिकारी ठीक नहीं हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कांग्रेस नेता पवन बंसल ने मीडिया से कहा, भाजपा चुनाव रोकना चाहती है, हम उच्च न्यायालय जाएंगे। सभी की निगाहें चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर थीं, क्योंकि यह 2024 के लोकसभा चुनावों से कुछ महीने पहले विपक्षी भारतीय गुट के गठबंधन के रूप में कांग्रेस और आप के एक साथ आने की पहली परीक्षा होगी। गठबंधन के मुताबिक, आप मेयर की सीट के लिए चुनाव लड़ेगी, जबकि कांग्रेस सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद पर चुनाव लड़ेगी।

# उप्र में गन्ना मूल्य में 20 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि



आठ अहम प्रस्तावों पर योगी कैबिनेट की मुहर

**लखनऊ,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को लोक भवन में मंत्री परिषद् की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान आठ अहम प्रस्तावों पर योगी कैबिनेट ने अपनी मुहर लगा दी। इसमें बहुप्रतीक्षित सेमी कंडक्टर नीति 2024 के साथ ही गन्ना किसानों को बड़ी सौगात देते हुए गन्ना मूल्य में वृद्धि के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। इसके अलावा प्रदेश में तीन नए निजी विश्वविद्यालयों को भी मंजूरी दी गई है। साथ ही गोरखपुर के मुंडेरा बाजार नगर पंचायत के नाम को बदलकर चौरी चौरा करने के प्रस्ताव पर भी योगी कैबिनेट की मुहर लग गई है।

दिशा-निर्देश | स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किया नोटिफिकेशन

# चिकित्सक की पर्ची के बिना नहीं मिलेंगी एंटीबॉयोटिक्स दवाइयां

■ **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। अब चिकित्सक की पर्ची के बिना एंटीबॉयोटिक्स दवाइयां नहीं मिल सकेंगी। इसको लेकर केंद्र ओर से एडवाइजरी जारी कर दी गई है। केंद्र सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने द्वारा जारी नए निर्देशों में कहा गया है कि एंटीबॉयोटिक्स दवाईयो 'से होने वाले नुकसान को देखते हुए इनकी खुलेआम बिक्री पर रोक लगा देने की सख्त जरूरत है।

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने देश भर के सभी फार्मासिस्ट एसोसिएशनों से अपील की है कि वह केवल पंजीकृत चिकित्सकों की पर्ची के आधार पर एंटीबायोटिक्स दें। ऐसे किसी भी व्यक्ति को इन दवाओं को देने से परहेज किया जाए, जिसके पास पर्याप्त चिकित्सकीय परामर्श या लिखित पर्चा न हो। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने देश के सभी फार्मासिस्ट ऐसोसिएशन, मेडिकल एसोसिएशन और सभी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों के लिए यह एडवाइजरी जारी की हैं। इसके अलावा महानिदेशालय ने चिकित्सकों को स्पष्ट सलाह दी है वह एंटी माइक्रोबियल दवा लिखने की वजह साफ तौर पर मरीज की पर्ची पर लिखें। जिससे भविष्य में जरूरत पडने पर मरीज का इलाज करने में आसानी हो और उसे सही इलाज मिल सके।



■ खुलेआम बिक्री पर रोक लगा देने की बताई सख्त जरूरत

महानिदेशालय के मुताबिक, एंटीबायोटिक्स दवाईयां आज के दौर में चिंता की वजह हैं। आंकडों पर गौर करें तो 2019 में इन दवाईयों के सेवन से पूरी दुनिया में 12.70 लाख लगों की मौत हुई। जो खतरे की घंटी है और इस पर लगाम लगाने की जरूरत हैं।

एंटीबायोटिक का इस्तेमाल बैक्टीरिया को मारने के लिए किया जाता है। लेकिन अगर कोई व्यक्ति बार-बार एंटीबायोटिक का इस्तेमाल कर रहा है तो बैक्टीरिया उस दवा के खिलाफ अपनी इम्युनिटी डेवलप कर लेता है। इसके बाद इसे ठीक करना काफी ज्यादा मुश्किल होता है। इसे ही एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (रस्क्र) कहते हैं।

# देश

**उवाच** "प्रधानमंत्री मोदी सुशासन दे रहे हैं और कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। मोदी लगातार तीसरी बार पीएम बनने के लिए तैयार हैं। इसे पचाने में असमर्थ सिद्दारमैया उन पर निराधार आरोप लगा रहे हैं:- **बसवराज बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 18.6 | 06.6 |
| मुंबई | 29.0 | 17.5 |
| कोलकाता | 19.1 | 14.5 |
| चेन्नई | 29.1 | 20.1 |

# गरीबी घटने का सरकार का आंकड़ा झूठाः कांग्रेस

- 25 करोड़ लोगों को 'फ्री राशन' से वंचित करने की एक साजिश
- नीति आयोग के इस दावे का समर्थन किसी भी थर्ड पार्टी ने क्यों नहीं किया



'तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है, मगर ये आंकड़े झूठे हैं, ये दावा किताबी है:-सुप्रिया श्रीनेथ

**नई दिल्ली,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस ने सरकार की गरीबों की संख्या घटने के आंकड़े को गुलाबी माहौल का झूठा आंकड़ा करार देते हुए गुरुवार को कहा कि यदि सच में देश में गरीबी कम हुई है तो उपभोग करने वालों का आंकड़ा बढ़ने की बजाय घट क्यों रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेथ ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार का यह दावा गलत है कि देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से उबारा गया है। उनका कहना था कि यदि सच में गरीबों की संख्या घटी है तो फिर उपभोग करने वालों की संख्या क्यों कम हो रही है।

उन्होंने सरकार के दावे पर तंज करते हुए, 'तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है, मगर ये आंकड़े झूठे हैं, ये दावा किताबी है। ये लाइनें मोदी सरकार के उस नए दावे पर चरितार्थ होती हैं जिसमे कहा जा रहा है कि गत नौ साल में 24.82 करोड़ भारतीयों को गरीबी से उबारा गया है। लेकिन असल में यह गरीब के खिलाफ एक बहुत बड़ी साजिश है। यह दावा जमीनी हकीकत के विपरीत है। इसमें चार बड़ी समस्याएं हैं। अगर गरीबों की संख्या घट गई है, तो उपभोग क्यों नहीं घट रहा है। अगर गरीबी 11.7 प्रतिशत तक गिर चुकी है यानी सिर्फ 15 करोड़ लोग ही गरीब हैं तो सरकार 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों दे रही है।' प्रवक्ता ने कहा, 'नीति आयोग के इस दावे का समर्थन किसी भी थर्ड पार्टी ने क्यों नहीं किया। वर्ल्ड बैंक, आईएमएफ किसी ने तो यह बात मानी होती। नीति आयोग के गरीबी नापने के स्थापित मानक हैं फिर ऐसे मानकों को क्यों चुना गया जो सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर आधारित है।'

उन्होंने कहा 'आर्थिक विकास को लेकर हाल में एक ग्रोथ नंबर आया था जिस पर सरकार सीना ठोंक रही थी। उसी जीडीपी नंबर में उपभोग का भी डेटा सामने आया। डेटा दिखाता है कि इस वित्त वर्ष में उपभोग की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत पर आ गिरी है जो पिछले वित्त वर्ष में 7.5 प्रतिशत थी। यानी उपभोग लगातार कम हो रहा है। श्रीमती सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि सरकारी आंकड़े के हिसाब से जब देश में गरीबी घटी है तो लोग नियमित उपयोग की चीज क्यों नहीं खरीद रहे हैं। उपभोग को लेकर सरकार जो आंकड़ा पेश कर रही है वह लगातार और तेजी से गिर रहा है जबकि सरकार का कहना है कि गरीबी घट रही है और गरीबी से बाहर निकलने वाले लोगों का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। सरकार का देश में गरीबी कम होने का यह आंकड़ा गरीबों के खिलाफ एक साजिश है।

उन्होंने कहा, मोदी सरकार की मानें तो देश के 25 करोड़ लोग अब गरीब नहीं रहे। जब गरीब नहीं रहे तो फिर वे रोजमर्रा का सामान क्यों नहीं ख़रीद रहे। दरअसल, यह 25 करोड़ लोगों को 'फ्री राशन' से वंचित करने की एक साजिश है।' प्रवक्ता ने कहा, 'यूपीए सरकार ने 27 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। वर्ल्ड बैंक ने इस आंकड़े पर थर्ड पार्टी रिपोर्ट की पुष्टि की और इसे सही माना। लेकिन मोदी सरकार अपने ही मुंह मियां मिट्ठू बन रही है।' यहां नीति आयोग ने खुद ही अनुमान लगाया, खुद ही सर्वे कराया, खुद ही रिपोर्ट बनाई और खुद की रिपोर्ट को प्रचारित भी किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रियों ने इस रिपोर्ट की वाहवाही की। ऐसा करके सरकार सिर्फ गरीबों का मखौल नहीं उड़ा रही है बल्कि पूरे देश का मजाक बना रही है। उन्होंने कहा, 'गगनचुंबी इमारतों और एसी कमरों में बैठकर, मनमुताबिक सरकारी योजनाओं के बल पर गरीबी से जुड़ा एक सर्वे रिलीज कर दिया गया। यह 10 साल की मोदी सरकार की विफलताओं का सबसे बड़ा प्रमाण है। जिसमें मोदी सरकार गरीबी, भुखमरी, आर्थिक असमानताओं, बेरोजगारी और महंगाई का समाधान ढूंढने की बजाय, झूठ का सहारा ले रही है।

## 'सद्भाव रैली' में धार्मिक नेताओं की भागीदारी सुनिश्चित करें'



'यह 'सद्भाव रैली' सभी धर्मों के धार्मिक स्थलों से होकर गुजरेगी। मैंने हमेशा कहा है कि धर्म व्यक्तिगत है, त्योहार सभी के लिए हैं:-ममता बनर्जी

**कोलकाता,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस ने 22 जनवरी को पश्चिम बंगाल में अपने जिला स्तरीय नेतृत्व को राज्य में होने वाली सद्भावना रैलियों में धार्मिक नेताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। तृणमूल कांग्रेस की 'सद्भावना रैली' की तारीख उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के साथ मेल खाती है।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में मुख्य 'सद्भाव रैली' कोलकाता में होगी, वहीं, उस दिन राज्य के सभी जिलों में भी ऐसी ही रैलियां होंगी। तृणमूल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुब्रत बख्शी ने जिला स्तर के नेताओं से कहा है कि वे धार्मिक नेताओं की भागीदारी सुनिश्चित करें और उन्हें सभी रैलियों में पहली पंक्ति में रखें। धार्मिक नेताओं से भी रैलियां समाप्त होने पर अपना संदेश देने के लिए कहा जाएगा।पार्टी के जिला अध्यक्षों और चेयरमैन को इस संबंध में लिखित निर्देश भेजे गए हैं और उन्हें इसे ब्लॉक स्तर के पार्टी नेताओं को बताने के लिए कहा गया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि प्रस्तावित रैलियां सभी धर्मों के धार्मिक स्थलों से होकर गुजरेंगी। ममता बनर्जी ने कहा था, 'यह 'सद्भाव रैली' सभी धर्मों के धार्मिक स्थलों से होकर गुजरेगी। मैंने हमेशा कहा है कि धर्म व्यक्तिगत है, त्योहार सभी के लिए हैं। हम सभी धर्मों के बारे में बात करते हैं।' उन्होंने कहा कि इस रैली को राम मंदिर उद्घाटन के विरोध के रूप में समझना गलत होगा क्योंकि यह उसी दिन आयोजित की जा रही है। 'सद्भाव रैली' किसी अन्य आयोजन का प्रतिकार नहीं है। साधु-संतों के प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है। मैं हमेशा उनकी बात सुनती हूं।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'हम सभी धर्मों की एकता का संदेश फैलाने के लिए रैली का आयोजन कर रहे हैं, क्योंकि अगले दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है।'

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने सद्भावना रैली को दी सशर्त मंजूरी

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस द्वारा 22 जनवरी को आयोजित की जाने वाली 'सद्भाव रैली' को सशर्त मंजूरी दे दी, जो उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित की जाएगी। पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता ने बुधवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर इस आधार पर रैली को स्थगित करने में अदालत के हस्तक्षेप की मांग की कि इससे राज्य में कानून और व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है।

## सार संक्षेप

### सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड : दो दोषियों ने दोषसिद्धि, उम्रकैद की सजा को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी

**नई दिल्ली।** 2008 में टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए बलजीत मलिक और अमित शुक्ला ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने कोर्ट में अर्जी दाखिल कर ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें दोषी ठहराया गया था और उम्र कैद की सजा सुनाई गई थी। साकेत कोर्ट ने नवंबर में इस मामले में दोषी रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। जबकि, पांचवें दोषी अजय सेठी को तीन साल कैद की सजा सुनाई गई थी। अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए अदालत ने कहा था कि अपराध 'दुर्लभतम' मामलों की श्रेणी में नहीं आता है, और मौत की सजा के अनुरोध को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था।

### हंगल सामूहिक बलात्कार मामले की एसआईटी जांच की मांग को लेकर कर्नाटक भाजपा का विरोध-प्रदर्शन 20 जनवरी को

**बेंगलुरु।** वरिष्ठ भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने गुरुवार को कहा कि पार्टी की प्रदेश इकाई हंगल सामूहिक दुष्कर्म मामले की एसआईटी जांच की मांग को लेकर शनिवार (20 जनवरी) को हावेरी जिले में एसपी कार्यालय के सामने विरोध रैली आयोजित करेगी। बोम्मई ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि रैली में विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक तथा पार्टी के राज्य और जिला स्तर के नेता शामिल होंगे। पूर्व सीएम ने कहा, 'हावेरी पुलिस ने मामले को दबाने का प्रयास किया था। राज्य के गृह मंत्री और हावेरी एसपी इसे स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे। लेकिन अब हंगल पुलिस कर्मियों को निलंबित रखा गया है।' उन्होंने कहा, 'निलंबन स्पष्ट रूप से कर्तव्य में लापरवाही का संकेत देता है।

### द्रमुक उस जगह मंदिर बनाने का समर्थन नहीं करती, जहां मस्जिद ढहाई गई थी : उदयनिधि स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के खेल विकास और युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी उस स्थान पर मंदिर बनाने का समर्थन नहीं करती, जहां एक मस्जिद को ध्वस्त किया गया था। उनका इशारा 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम जन्मभूमि मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' कार्यक्रम की ओर था। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के बेटे उदयनिधि ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उनकी द्रमुक धर्म को राजनीति के साथ जोड़ने के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि द्रमुक मंदिरों के निर्माण के खिलाफ नहीं है, लेकिन यह निर्माण उस स्थान पर नहीं किया जाना चाहिए जहां सदियों पुरानी मस्जिद को ध्वस्त किया गया था।

## देश की शान हैं आदिवासीः धनखड़



**नई दिल्ली,** 18 (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आदिवासी समुदाय को देश की शान करार देते हुए कहा है कि आदिवासी क्षेत्रों की पहचान खनन से नहीं, बल्कि प्रतिभाशाली व्यक्तियों से होनी चाहिए। श्री धनखड़ ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के आदिवासी छात्र-छात्राओं से उपराष्ट्रपति निवास पर भेंट करते हुए कहा कि आदिवासी हमारे देश की शान हैं। उन्होंने कहा कि आज का भारत बदल गया है और यही कारण है कि भारत के तीन सर्वोच्च पद- नंबर एक पर एक ट्राइबल महिला हैं, नंबर दो पर किसान पुत्र है और नंबर तीन पर अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं। दुनिया में क्रांति भारत की वजह से आ रही है।

श्री धनखड़ ने कहा, 'मैं आपको यही कहूंगा कि आप इस देश के मालिक हैं। आप जमीन से जितना जुड़े हुए हैं, और कोई नहीं जुड़ा हुआ है।' उन्होंने कहा कि जनजाति की ताकत को यदि समझना है, इसके महत्व को समझना है, इसकी प्रतिभा को समझना है तो राष्ट्रपति भवन चले जाइए। जनजाति की महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू भारत की राष्ट्रपति हैं। भगवान बिरसा मुंडा की स्मृति में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है जो हमें प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज भारत अमृत काल में है और दुनिया हमारी प्रगति को देखकर आश्चर्यचकित है। छात्रों को भविष्य के भारत का कर्णधार बताते हुए श्री धनखड़ ने कहा, 'सदा स्वस्थ रहें, स्वस्थ सोचे, बिल्कुल नहीं डरें। कई बार हम लोग गांव से आते हैं तो हमें डर लग जाता है शहर की चमक दमक से। मत डरिए, क्योंकि शहरों में भी ताकत ग्रामीण की ही है, ट्राइबल की ही है। उपराष्ट्रपति निवास पर भेंट के बाद सभी छात्र-छात्राओं ने संसद का भ्रमण किया। इनमें से 140 छात्र छत्तीसगढ़ के बीजापुर, सुकुमा, बस्तर, दंतेवाड़ा, कांकेर, नारायणपुर और राजनंदगांव से हैं जबकि 60 छात्र मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले से हैं।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद भाजपा-जेडीएस सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया जाएगा : कुमारस्वामी



**नई दिल्ली,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने गुरुवार को कहा कि अयोध्या में 'प्राण प्रतिष्ठा' कार्यक्रम के बाद भाजपा और जद(एस) नेताओं को शामिल करके सीट-बंटवारे और अन्य विवरणों सहित प्रक्रियाओं को पूरा करने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के साथ बैठक के बाद कुमारस्वामी ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि शाह और नड्डा इस पर सहमत हो गए हैं। सीट बंटवारे को लेकर दोनों पार्टियों के बीच पूरा सामंजस्य है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि इस संबंध में कोई भ्रम या सवाल नहीं हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह बैठक बुधवार रात को हुई। कुमारस्वामी ने कहा, 'जद(एस) राज्य के हित में एनडीए गठबंधन में शामिल हुई है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पास पहले से ही राज्य की एमपी सीटों पर सर्वे रिपोर्ट मौजूद है। हमारे पास सर्वे रिपोर्ट भी हैं। दोनों सर्वे रिपोर्टों पर विस्तृत और खुली चर्चा की गई।' अमित शाह और नड्डा जद(एस) को एक छोटी पार्टी और भाजपा को एक बड़ी पार्टी के रूप में नहीं देखते हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के प्रति अपार सम्मान दिखाते हुए अत्यंत सौहार्दपूर्ण और गोपनीयता के साथ चर्चा की।

## 'मोदी की गारंटी' वाली गाड़ी फरवरी महीने में भी चलाएंगे': मोदी



**नई दिल्ली,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की कामयाबी से उत्साहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब 'मोदी की गारंटी' वाली गाड़ी को फरवरी महीने में भी चलाने की घोषणा कर दी है।

देशभर के विभिन्न शहरों से जुड़े 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के हजारों लाभार्थियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'विकसित भारत संकल्प यात्रा के 2 महीने पूरे हो चुके हैं। इस यात्रा में चलने वाला विकास रथ, विश्वास रथ है और अब इसको लोग गारंटी वाला रथ भी कह रहे हैं। ये विश्वास है कि कोई भी वंचित नहीं रहेगा, कोई भी योजनाओं के लाभ से नहीं छूटेगा। जिन गांवों में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी अभी नहीं पहुंची है, वहां अब इसका बेसब्री से इंतजार हो रहा है। और, इसलिए पहले ये यात्रा 26 जनवरी तक हमने सोची थी, लेकिन, इतना समर्थन मिला है, इतनी मांग बढ़ी है, गांव-गांव से लोग कह रहे हैं कि 'मोदी की गारंटी' वाली गाड़ी हमारे यहां आनी चाहिए। जब ये मुझे पता चल रहा है तो मैंने सरकार के हमारे अफसरों से कहा है कि अब भई 26 जनवरी तक नहीं, थोड़ा आगे बढ़ाओ। लोगों को जरूरत है, लोगों की मांग है तो इसको जरा हमें पूरा करना होगा। इसलिए, शायद थोड़े दिन के बाद तय हो जाएगा ये मोदी की गारंटी वाली गाड़ी शायद फरवरी महीने में भी चलाएंगे।'

प्रधानमंत्री ने कहा, 'जब 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा के आशीर्वाद से, हमने ये यात्रा शुरू की थी, तो इसकी इतनी सफलता की कल्पना नहीं की थी। बीते दिनों में मुझे कई बार इस यात्रा से जुड़ने का अवसर मिला। अनेकों लाभार्थियों से मेरी खुद बातचीत हुई। सिर्फ दो महीने में विकसित भारत संकल्प यात्रा, एक जनआंदोलन में बदल गई है।

## कलकत्ता हाई कोर्ट ने बंगाल में मनरेगा के तहत फर्जी जॉब कार्डों की पहचान के लिए समिति बनाई

कोलकाता, 18 जनवरी (एजेंसियां)। कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने गुरुवार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत पश्चिम बंगाल में फर्जी जॉब कार्डों की पहचान के लिए तीन सदस्यीय समिति के गठन का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ के निर्देश के अनुसार, तीन सदस्यीय समिति में केंद्र सरकार, पश्चिम बंगाल सरकार और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के कार्यालय से एक-एक प्रतिनिधि होंगे। समिति जिलावार रिपोर्ट तैयार करेगी और इसके लिए उसके सदस्य प्रत्येक जिले के प्रत्येक उपमंडल का सघन दौरा कर सूचीबद्ध जॉब कार्डों की जांच करेंगे। मनरेगा के तहत 100 दिन की रोजगार गारंटी योजना में पश्चिम बंगाल में अनियमितताओं को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय में दो अलग-अलग जनहित याचिकाएं दायर की गई हैं। एक याचिका पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने दायर की है जबकि दूसरी कृषि श्रमिकों के संगठन पश्चिम बंगाल खेत मजदूर समिति ने दायर की है। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ में गुरुवार को जनहित याचिकाओं पर समानांतर सुनवाई हुई, जिसके बाद अदालत ने तीन सदस्यीय समिति के गठन का आदेश दिया।

## मैं लालू यादव का पोता हूं, जो उखाड़ना है उखाड़ लेना, तेजस्वी बोले, कोई भी हो कार्रवाई होगा



चाहे हमारे परिवार का हो या कोई रिश्तेदार हो जो गलती करेगा उस पर कार्रवाई होगी किसी को बख्शा नहीं जाएगा:-तेजस्वी यादव

**पटना,** 18 जनवरी (देशबन्धु) पटना में नशे में धुत्त कुछ युवकों ने उप नगर आयुक्त पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वे बुरी तरह घायल हो गये। हमला करने वालों में से एक शख्स यह बार-बार बोल रहा था कि मेरा नाम तनुज यादव है, मेरे बाप का नाम नागेन्द्र यादव और मैं लालू यादव का पोता हूं। जो उखाड़ना है उखाड़ लेना। बदमाशों ने अधिकारी की इस कदर पिटाई कर दी कि उन्हें इलाज के लिए दिल्ली ले जाना पड़ा। अधिकारी बुरी तरह से घायल हो गये हैं। उनके सिर और आंख में गंभीर चोटे आई है। मामला सामने आने के बाद बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने पटना एसएसपी राजीव मिश्रा को फोन किया और सख्त से सख्त कार्रवाई करने की बात कही।

पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि अधिकारी की पिटाई का मामला कल सामने आया था। मामला संज्ञान में आने के बाद वे खुद पटना एसएसपी को फोन किये थे। उन्होंने कहा था कि इस मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। जो भी दोषी हो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए।

तेजस्वी यादव ने एसएसपी से कहा कि चाहे हमारे परिवार का हो या कोई रिश्तेदार हो जो गलती करेगा उस पर कार्रवाई होगी किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

दरअसल यह मामला 16 जनवरी की रात की है। जब उप नगर आयुक्त अरविंद कुमार सिंह पटना के गोला रोड से बोरिंग रोड स्थित अपने घर जा रहे थे। रात के लगभग साढ़े नौ बजे गोला रोड में ही नशे में धुत्त कुछ युवकों ने उनकी स्कोर्पियो गाड़ी को रोक लिया। अरविंद कुमार सिंह के भाई विजय सिंह भी उसी गाड़ी में सवार थे। विजय सिंह ने बताया कि गाड़ी रोकने वाले युवक नशे में धुत्त थे। अरविंद कुमार सिंह उनसे बात करने के लिए नीचे उतरे और फिर बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया।

**लालू यादव का पोता हूं....**

विजय सिंह ने बताया कि हमला करने वालों में से एक अपना नाम तनुज यादव बता रहा था।वह बार बार कह रहा था- मेरा नाम तनुज यादव है, मैं नागेंद्र यादव का बेटा हूं, लालू यादव मेरे बाबा हैं।

## मंदिर बनाने से नहीं रोजगार बढ़ाने से देश चलेगा : ललन सिंह



**पटना/मुंगेर,** 18 जनवरी (देशबन्धु) मुंगेर से जेडीयू सांसद ललन सिंह ने बीजीपी पर जमकर हमला किया है। 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन और रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर ललन सिंह ने कहा है कि मंदिर बनाने से नहीं रोजगार बढ़ाने से देश चलेगा। अपने दो दिवसीय दौरे पर लखीसराय पहुंचे मुंगेर सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा साथ ही महागठबंधन को एकजुट बताते हुए जल्द शीट शेयरिंग का दावा किया। ललन सिंह ने महागठबंधन में ऑल इज वेल के सवाल पर कहा महागठबंधन एकजुट है। महागठबंधन में शेट शेयरिंग की बात पार्टियों के बीच होती है न कि मीडिया में। ललन सिंह ने बीजेपी पर मुख्य मुद्दा को छोड़कर श्रीराम का नाम लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मंदिर से वोट का क्या लेना देना है। जो लोग काम नहीं करते हैं वो मंदिर का नाम लेकर मुख्य मुद्दे से ध्यान भटका रहे हैं। सरकार का काम विकास करना है न कि मंदिर बनवाना। आज देश में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। केंद्र सरकार ने जो वादा किया था उसे दस सालों में भी पूरा नहीं कर पायी।

**योजना** *यूपी सरकार की श्रद्धालुओं के लिए व्यापक तैयारियां*

## बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को ई कार्ट से श्रीरामलला के दर्शन कराएगी सरकार

**अयोध्या, 18 जनवरी (देशबन्धु)। 22 जनवरी को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए यूपी सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं। इसी क्रम में सरकार श्रीरामलला के दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं को राम मंदिर और हनुमान गढ़ी तक पहुंचाने के ई कार्ट चलाएगी। ये ई कार्ट या गोल्फ कार्ट बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं के लिए निशुल्क होंगी।**

इस महत्वपूर्ण योजना को मूर्त रूप देने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने निजी औद्योगिक घरानों को प्रस्ताव भेजा है। यह प्रयास किया जा रहा है कि निजी औद्योगिक घराने अपने सीएसआर फंड के माध्यम से अयोध्या में इस सेवा के लिए डोनेशन प्रदान करें, ताकि बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को राहत प्रदान की जा सके। वहीं अयोध्या विकास प्राधिकरण का फैसिलिटी मैनेजमेंट पार्टनर कवच ग्लोबल जल्द ही 650 ई कार्ट्स को रोड पर उतारने जा रहा है।

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के अनुसार, प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु नए मंदिर में श्रीरामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या आएंगे। इसमें दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं भी शामिल होंगी। जो श्रद्धालु अपने वाहनों से अयोध्या आएंगे उन्हें पार्किंग स्थल पर ही ई कार्ट की सुविधा मिलेगी, जिसके माध्यम से वो हनुमान गढ़ी और श्रीरामलला के दर्शनों के साथ ही धाम में स्थित अन्य धार्मिक स्थलों तक जा सकेंगे। बुजुर्गों, दिव्यांगो और गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सेवा उपलब्ध कराने की योजना है।



अयोध्या विकास प्राधिकरण के फैसिलिटी मैनेजमेंट पार्टनर कवच ग्लोबल कनेक्ट्स प्रा. लि. भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कवच ग्लोबल के डायरेक्टर तक्ष रावल ने बताया कि हमें टेंडर के माध्यम से अयोध्या विकास प्राधिकरण में विभिन्न लोकेशन मिली हैं। इन लोकेशंस पर हम श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में हमारी योजना है कि श्रद्धालुओं को इन लोकेशंस से 12 सीटर और 18 सीटर ई कार्ट की सुविधा मिले जो उन्हें अयोध्या के विभिन्न धार्मिक स्थलों की सैर कराए। इसमें ओएनजीसी, आईओसी, टाटा प्रोजेक्ट्स जैसी कंपनियों से सर्वाधिक डोनेशन मिला है।

उन्होंने कहा कि पहले चरण में हम जनवरी से मार्च तक 650 ई कार्ट्स उतारने जा रहे हैं। एडीए के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने पूरी अयोध्या की कनेक्टिविटी के लिए जो हाइपरलूप मॉडल तैयार किया है, ये प्रोजेक्ट उसी का हिस्सा है। आने वाले दिनों में राम पथ पर 4 व्हीलर्स पर रोक रहेगी, तब ये ई कार्ट ही लोगों को दर्शन कराएंगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा जो प्रस्ताव कॉर्पोरेट हाउसेस को दिया गया है उसमें कई बातों का जिक्र किया गया है। इसमें ई कार्ट या गोल्फ कार्ट के मेंटिनेंस, इसकी निगरानी, पार्किंग, ड्राइवर के चयन और प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता के संबंध में जानकारी दी गई है।

उल्टा पुल्टा

एक बार एक बादशाह ने खुशी में सब कैदी रिहा कर दिए।
उन कैदियों में बादशाह ने एक कैदी को देखा जो बहुत ही बुजुर्ग था।
बादशाह : तुम कब से कैद में हो ?
बुजुर्ग : आप के अब्बा के दौर से। यह सुनकर बादशाह की आंखों में आंसू आ गए और बोला: इसको दोबारा कैद करो ये अब्बा की निशानी है।

# केजरीवाल ने छात्रों को एक्सीलेंस ऑफ एजुकेशन अवॉर्ड 2023 से किया सम्मानित



**नई दिल्ली,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। केजरीवाल सरकार द्वारा तालकटोरा स्टेडियम में गुरुवार को एक्सीलेंस ऑफ एजुकेशन अवॉर्ड 2023 कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शिक्षा जगत में परचम लहराने वाले छात्रों को सीएम केजरीवाल ने सम्मानित किया। शुरुआत में स्कूली छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है तब से यहां शिक्षा बेहतर हुई है।

हमने जो यहां की जनता से वादा किया था उसे पूरा किया है। आज देशभर में दिल्ली की शिक्षा मॉडल की तारीफ की जा रही है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में ऐसा शिक्षा मॉडल लागू किया है जिससे हर गरीब तबके के लोग शिक्षित हो रहे हैं। जब गरीब का बच्चा पढ़ेगा तो अपने आप ही देश के अंदर से गरीबी खत्म हो जाएगी। शिक्षित व्यक्ति ही गरीबी को खत्म कर सकता है। यहां के सरकारी स्कूलों से पढ़े हुए बच्चे अब आईआईटी, आईआईएम जैसी संस्थानों में एडमिशन ले रहे हैं। आईएएस, आईपीएस और एमबीबीएस की तैयारी कर रहे हैं। क्योंकि दिल्ली के स्कूलों को बेहतर किया है जो पिछली सरकार नहीं कर पाई थी।

दिल्ली के मुखिया ने आगे कहा कि यहां स्कूल सबसे बेहतर हो गई है। पूरे देश ही नहीं दुनिया भर में दिल्ली के शिक्षा मॉडल की तारीफ होती है। यहां के हर वर्ग के छात्रों को अच्छी शिक्षा मिल रही है। पहले स्कूलों की हालत क्या थी और आज स्कूलों की हालत क्या है सबको पता है। सरकारी स्कूलों के बच्चे अब फर्राटेदार अंग्रेजी बोलते हैं। आम आदमी पार्टी का यही संकल्प है की देश का हर युवा शिक्षत बने।

# एमसीडी को दो साल के भीतर स्वच्छता रैंकिंग में 15वें स्थान पर लाना लक्ष्य : शैली ओबरॉय

■ अब दिल्ली होगी साफ अभियान के तहत मेयर और डिप्टी मेयर ने नरेला विधानसभा वार्डों का निरीक्षण किया

**आने वाले समय में दिल्ली की स्वच्छता रैंकिंग शीर्ष 15 में आएगी**



**नई दिल्ली,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय और डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने अब दिल्ली होगी साफ अभियान के अंतर्गत नरेला विधानसभा का मैराथन निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड 1 नरेला, वार्ड 2 बांकनेर एवं वार्ड 3 होलंबी के इलाकों का 8 किमी पदयात्रा कर निरीक्षण किया एवं स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर सफाई व्यवस्था का फीडबैक लिया।

दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने निरीक्षण के दौरान कहा कि नरेला क्षेत्र में साफ सफाई को लेकर बहुत ज्यादा दिक्कत रहती थी। लेकिन आज निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनता से बात करने पर उन्होंने बताया कि निगम में आप सरकार आने के बाद सफाई व्यवस्था में काफी सुधार आया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का मानना है कि दिल्ली का कोई भी इलाका हो, सभी 250 के 250 वार्ड में सफाई व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए।

मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में आप सरकार बनते ही हमने दिल्ली की सफाई व्यवस्था पर कार्य करना आरंभ किया। हमने तीन महीने पहले अब दिल्ली होगी साफ अभियान आरंभ किया था जिसके अंतर्गत अब हम मैराथन निरीक्षण कर रहे हैं। अब दिल्ली काफी हद तक साफ है तथा हमारा दिल्ली को साफ करने का सफर अपने अगले पड़ाव अब दिल्ली हो रही है साफ एवं अब दिल्ली रहेगी साफ पर पहुंच गया है। हमने गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स को खत्म कर दिया है तथा आने वाले 1 से 2 साल में दिल्ली की सफाई व्यवस्था पहले से बेहतर होगी।

मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने निरीक्षण के दौरान कहा कि नरेला अर्ध शहरी एवं ग्रामीण इलाका है और यहां बहुत ही बेहतरीन सफाई व्यवस्था देखने को मिली है। इस बार के स्वच्छता सर्वे में दिल्ली की रैंकिंग 90 वीं एवं 28 वीं आई है। लेकिन मैं पूर्ण विश्वास के साथ कहती हूं कि आने वाले समय में दिल्ली की स्वच्छता रैंकिंग शीर्ष 15 में आएगी। पिछले 15 वर्षों की कमियों को ठीक करने में थोड़ा समय लगेगा। अभी हम संसाधनों की कमी को भी पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले 15 सालों के मुकाबले इस बार की स्वच्छता रैंकिंग बेहतर है। खराब व्यवस्था को पटरी पर लाने में थोड़ा समय लगता है। दिल्ली की जनता हमारे साथ है एवं आने वाले 1-2 सालों में हम शीर्ष 15 में आएंगे।

## सार संक्षेप

### ब्लैकबेरीज मैन ने पेश की विंटर पोशाकें

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष परिधान ब्रांड ब्लैकबेरीज़, जो वैश्विक भारतीयों की फैशन जरूरतें पूरी करता है, आपको और आपके वार्डरोब को भरा-पूरा दिखलाने के लिए, सर्दियों के बुनियादी और जरूरी परिधानों का सही मिश्रण प्रदान करता है। आराम के साथ तहजीब का मेल कराने वाली ब्लैकबेरीज़ की विंटर रेंज में, चमकीले और हल्के रंगों की मुख्तलिफ साइज वाली स्वेटशर्ट, ब्लेज़र, ट्राउज़र और ज़िपर जैकेट का एक सोचा-समझा चयन शामिल किया गया है। ब्लैकबेरीज़ की स्वेटशर्ट आला दर्जे के फैब्रिक से तैयार की गई हैं, जो स्टाइल से समझौता किए बगैर गर्माहट बनाए रखती हैं। वहीं ब्लैकबेरीज़ के ब्लेज़र हर लुक में निखार लाने का एकदम सही पुट देते हैं, फिर चाहे वह फॉर्मल हो या सेमी-फॉर्मल। स्टाइलिश पतलूनें अलग-अलग ढंग और विभिन्न रंगों वाली स्टाइलिश पतलूनों के कलेक्शन की गैर-मौजूदगी में हर विंटर वार्डरोब अधूरा ही होता है। ब्लैकबेरीज़ इनके अलावा और भी बहुत कुछ पेश करता है। ज़िपर जैकेट सर्दियों का पर्याय हैं। ये स्टाइलिश, गर्म व भरोसेमंद होते हैं, तथा इन्हें कैजुअल और सेमी-फॉर्मल लुक दोनों के साथ पहना जा सकता है।

### श्रीमंदिर ऐप से हर भारतीय परिवार को मिलेगा उद्घाटन में शामिल होने का मौका

**नई दिल्ली।** भारत के पहले डिवोशनल ऐप श्रीमंदिर ऐप ने देश के प्रधानमंत्री द्वारा अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के उपलक्ष्य में श्री मंदिर द्वारा रामोत्सव का अनावरण किया। एलीवेशन कैपिटल और पीक समर्थित स्टार्टअप राजद्वार मंदिर, अयोध्या में 18-24 जनवरी 2024 के बीच पूरे एक सप्ताह के दौरान 100,000 से अधिक दिए प्रज्जवलित करेंगे। इस त्योहार के दौरान श्रीमंदिर ऐप अयोध्या में पूजा और पाठ का आयोजन करेगी, जो दुनिया भर के भक्तों को अपने घरों से भाविक रीति-रिवाजों में वर्चुअल रूप में भाग लेने की अनुमति देगा। ऐप पर दीपोत्सव पहल के तहत, श्रद्धालु दीप प्रज्जवलन में हिस्सा ले सकेंगे, अयोध्या में अपने नाम पर 1, 5, 11, 21 दीप प्रज्जवलित कर भगवान राम का स्वागत कर सकेंगे। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रशांत सचन संस्थापक एवं सीईओ, श्री मंदिर ने कहा कि इस भव्य राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर मैं बेहद उत्सुक हूं, जो समर्पण एवं आस्था का प्रतीक हैं हमारा उद्देश्य इस अनुभव को देश के हर श्रद्धालु तक पहुंचाना और उन्हें समारोह में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना है। हमारी ऐप दुनिया भर के लोगों को एक साथ जोड़कर आध्यात्मिक एकजुटता को बढ़ावा देती है तथा आज के डिजिटल दौर में उन्हें भक्ति के सार का अनुभव प्रदान करती है।

# 22 जनवरी को 21 हजार दीपों का महोत्सव मनाएगी सेंट्रल सिंधी महापंचायत

**नई दिल्ली,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। 500 वर्षों के सतत संघर्ष के उपरांत श्री रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनने जा रहा है जिसकी प्राण प्रतिष्ठा आगामी 22 जनवरी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसे लेकर पूरे देश में हर समाज में, हर पंथ में, उत्साह व उल्लास का माहौल है। सेंट्रल सिंधी महापंचायत दिल्ली एनसीआर के अध्यक्ष महेश सुखवानी ने बताया कि सेंट्रल सिंधी महापंचायत दिल्ली एनसीआर पूरी दिल्ली की सिंधी पंचायतों व संस्थाओं के साथ मिलकर 22 जनवरी को 21 हजार दीपों का महोत्सव भव्य दिवाली के रूप में मनाने जा रही है व इस कार्यक्रम का नाम है एक दीप मेरे परिवार के नाम कार्यक्रम पीतमपुरा में दीपाली चौक के नजदीक एपीजे स्कूल के सामने बत्रा टैंट हाउस के विशाल प्रागंण में किया जाएग, जिसमें दिल्ली की कई बड़ी राजनीतिक व सामाजिक हस्तियां शिरकत करने वाली हैं, केवल सिंधी समाज ही नहीं अपितु हर समाज, हर वर्ग व हर पंथ का व्यक्ति परिवार सहित इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है। कार्यक्रम में राम भक्ति संगीत की प्रस्तृति ब्रदीनाथधाम से प. पवन गोडियाल व उनकी सुपुत्री कविता गोडियाल के साथ दिल्ली के प्रसिद्ध भजनीक संदीप सहगल देंगे। इनके अलावा बच्चों का फेंसी ड्रेस कम्पीटिशन भी रखा गया जोकि रामयाण के पात्रों पर आधारित होगा, इस कम्पीटिशन में जो भी बच्चा या बच्ची पुरस्कृत किया जाएगा उसे महापचांयत की ओर से परिवार सहित अयोध्याधाम के नि:शुल्क दर्शन करवाए जाएंगे। इस कार्यक्रम की घोषणा के वक्त सेंट्रल सिंधी महापंचायत दिल्ली एनसीआर के अध्यक्ष महेश सुखवानी, महासचिव मनोज सिंधी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन आहूजा,सलाहकार विशेष सहयोगी मनोहर बलवानी उपस्थित थे।






■ नई दिल्ली में विजय चौक पर आगामी बीटिंग द रिट्रीट के लिए रिहर्सल में भाग लेते रक्षा बलों के जवान और मार्चिंग बैंड का दस्ता फोटो: इम्तियाज खान

# आरके पुरम में डोनेशन ड्राइव का आयोजन, गरीबों को बांटे कंबल



**नई दिल्ली,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। दान का सबसे बड़ा त्योहार मकर संक्रांति पूरे भारत में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में सर्व हितम् मानव सेवा संस्थान ने भी कड़कड़ाती सर्दी से ठिठुर रहे लोगों में गर्माहट बांट कर यह त्योहार मनाया। दिल्ली की इस ग़ैर-सरकारी संस्था द्वारा आरके पुरम सेक्टर पांच में एक डोनेशन ड्राइव का आयोजन किया गया।

इस मौक़े पर वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सोनल गोयल भी मौजूद रहीं। सोनल ज़रूरतमंदों और ग़रीब मज़दूरों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल और राशन आदि बांटती नज़र आयीं। आईएएस सोनल और संस्था के इस मिले-जुले प्रयास से कड़कड़ाती सर्दी में कंबल के बिना रहने वाले लोगों तक काफ़ी मदद पहुँची है। जिसके बाद कई चेहरों पर राहत भरी मुस्कान नज़र आयी। आईएएस सोनल गोयल अपने समाज-सेवा के कार्यों के चलते अक्सर चर्चा में रहती हैं। फ़िलहाल सोनल त्रिपुरा सरकार में सचिव के पद पर कार्यरत हैं। महिलाओं और समाज के मुद्दों पर मुखर रहने वाली सोनल यूथ आइकन भी हैं। सोशल मीडिया पर भी लाखों लोग उन्हें फ़ॉलो करते हैं। इससे पूर्व भी सोनल कई डोनेशन ड्राइव का हिस्सा रह चुकी हैं। यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन के लिए अपनी पहली पुस्तक नेशन कॉलिंग को लेकर इन दिनों चर्चा में बनी हुई आईएएस सोनल गोयल अपने सोशल मीडिया हैंडल्स के माध्यम से भी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करती रहती हैं। समय-समय पर परीक्षा से जुड़े गुरुमंत्र भी साझा करती रहती हैं। वहीं सर्व हितम् मानव सेवा संस्थान की स्वाति ने बताया कि संस्था पूर्व में भी कई डोनेशन ड्राइव आयोजित करती आयी है। जिससे कई सैकड़ों-हज़ारों लोगों तक मदद पहुंची है।

# टिकट नहीं होने पर टीटीई ने पैसेंजर को जमकर पीटा, वीडियो आया सामने, सस्पेंड

**नई दिल्ली**, 18 जनवरी (एजेंसियां)। ट्रेन में सफर कर रहे एक बगैर टिकट के पैसेंजर को टीटीई ने बुरी तरीके से पीटा। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। लोगों ने टीटीई के खिलाफ कार्रवाई की बात की, जिसके बाद एक्शन लिया गया और टीटीई को सस्पेंड कर दिया गया। मिली जानकारी के मुताबिक बरौनी-लखनऊ एक्सप्रेस में पैसेंजर से मारपीट करने वाले टीटीई को रेलवे ने सस्पेंड कर दिया है और उसके खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। सोशल मीडिया पर इस घटना का एक वीडियो वायरल होने के बाद रेलवे ने कार्रवाई की है। लखनऊ जोन के डीआरएम ने एक ट्वीट में बताया कि संबंधित टीटीई को निलंबित कर दिया गया है। वीडियो में एक टीटीई पैसेंजर के साथ जमकर मारपीट करता दिख रहा है। पैसेंजर के हाथ जोड़ने के बाद भी टीटीई ने उसे जमकर पीटा। इतना ही नहीं, टीटीई ने वीडियो बनाने वाले पैसेंजर पर भी हमला किया। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई और टीटीई के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। दावा किया जा रहा है कि वीडियो ट्रेन नंबर 15203 बरौनी-लखनऊ एक्सप्रेस के कोच नंबर एस 6 का है।

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखंड सं.-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी जिला गौतमबुद्धनगर
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि BHS16 योजना में Flat No-2TF, Block-59, Sector-10, Area-29.76 Sqm, Allotment No-BHS165695 जो श्री Amarjeet Singh Lamba S/o Harbansh Singh Lamba, R/o 17/43-A, First Floor, Tilak Nagar, West Delhi, Delhi-110018 के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। श्री Amarjeet Singh Lamba S/o Harbansh Singh Lamba की मृत्यु दिनांक 14.08.2023 को हो गई है। उक्त भवन को मृतक आवंटी श्री Amarjeet Singh Lamba S/o Harbansh Singh Lamba के स्थान पर उनके पुत्र श्री Arvinder Singh Lamba S/o Late Shri Amarjeet Singh Lamba R/o 17/43-A, First Floor, Tilak Nagar, West Delhi, Delhi-110018 ने उपरोक्त भूखण्ड अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन किया गया है। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में श्री Amarjeet Singh Lamba S/o Harbansh Singh Lamba के स्थान पर उनके पुत्र Arvinder Singh Lamba S/o Late Shri Amarjeet Singh Lamba R/o 17/43-A, First Floor, Tilak Nagar, West Delhi, Delhi-110018 का नाम पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।
विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# राजा इकबाल सिंह ने मंदिर में स्वच्छता अभियान के तहत की सफाई



**नई दिल्ली,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत प्रीतमपुरा के श्री शिव शक्ति मंदिर जेयू ब्लाक में स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने मंदिर में दिल्ली वासियों के स्वास्थ्य व उन्नति की कामना भी की। स्थानीय पार्षद श्री अमित नागपाल और नेता प्रतिपक्ष श्री राजा इकबाल सिंह ने इस दौरान लोगों से संवाद भी किया ।

इस अवसर पर राजा इकबाल सिंह ने कहा की 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है और इसको लेकर पूरे देश में उत्साह व उमंग है। उन्होंने कहा लोग इस कार्यक्रम के लिए उत्साहित हैं और वह चाहते हैं कि इस कार्यक्रम को देंखे। इसलिए मंदिरों में की जाने वाली तैयारी को लेकर नागरिक भी सहयोग कर रहे हैं। साथ ही मंदिरों की सफाई में भी लोग शामिल हो रहे हैं। लोग दीपावली की तरह अपने घरों व कार्यालय को सजा रहे हैं।

इस अवसर पर मंदिर के प्रधान दिनेश सोंधी , एन के कौशिक जी, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, मंडल में उपाध्यक्ष मंजू टंडन, अपनी महिला शक्ति के साथ, मंडल महामंत्री अमित गुलाटी , रविंद्र सोनी, दीपक राय आदि उपस्थित रहे।

## दिल्ली भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने चलाया सफाई अभियान



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आज दिल्ली के चाणक्यपुरी में स्थित महर्षी बाल्मीकि मंदिर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया जिसमें मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, मोर्चा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल गिहारा, महामंत्री रुपेश मेहरा सहित अन्य पदाधिकारियों ने स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। इस मौके पर लाल सिंह आर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने राम मंदिर के लिए जो संघर्ष किया है, उसका आज परिणाम है कि करोड़ों सनातनियों की जीत हुई है और यह स्वर्णिम अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को हम सभी अपने घरों में दीप जलाए और भगवान श्री राम का स्वागत करें क्योंकि 500 वर्षों के बाद भगवान श्री राम अपने अयोध्या वापस आ रहे हैं। मोहन लाल गिहारा ने बताया कि आज अनुसूचित जाति चाणक्यपुरी स्थित नेहरु पार्क बाल्मीकि मंदिर और वसंत गांव में स्थित बाल्मीकि मंदिर में आयोजित सफाई अभियान चलाया जिसमें मोर्चे के पदाधिकारियों ने श्रमदान किया।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
**उत्तर रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**
उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत की राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण और स्थान | उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन ट्रैक मशीन अनुरक्षण डिपो तुगलकाबाद, कुरुक्षेत्र, लखनऊ, भटिंडा और मुरादाबाद एवं कार्यस्थल पर ट्रैक मशीन खराबी के दौरान क्रिम्पड फिटिंग हाइड्रॉलिक होज की सप्लाई और फिक्सिंग (इच्छित लम्बाई में) |
| 2. | कार्य समाप्त अवधि | 02 वर्ष |
| 3. | अनुमानित लागत | ₹ 83.79 लाख केवल |
| 4. | धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | ₹ 1,67,600/- |
| 5. | निविदा पत्र का मुल्य (ऑनलाइन जमा) | रू- शून्य। |
| 6. | निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक 19.01.2024 से दिनांक 09.02.2024 तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 09.02.2023 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7. | निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 26.01.2024 से दिनांक 09.02.2024 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गयी हैं। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। |

प. सं. - 1-डब्ल्यू-उ. मु. अभि. -टी. एम. सी. -ला. -एच. एच-22-23-24 दिनांक-18.01.2024 215/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

आइसीसीसी सेंटर को सुचारू रूप से चलने के लिए सभी कार्यों पर तेजी से कार्य चल रहा है जिसमें 311 एप, वाहनों की ट्रैकिंग, आई हुई समस्याओं पर कार्रवाई, तथा विशेष रूप से मॉनिटरिंग के कार्यों को और अधिक प्रबल करने के लिए नगर आयुक्त के नेतृत्व में कार्य चल रहा है।

**विक्रमादित्य मालिक, नगर आयुक्त**

# जंजीर और ताले में बंद नोएडा प्राधिकरण

- किसानों ने कहा संपूर्ण लॉकडाउन
- पुलिस प्रशासन के समझाने के बाद भी नहीं माने
- जब तक हमारा हक नहीं तब तक नहीं होने देंगे काम
- 2021 में भी की थी तालाबंदी









**नोएडा,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा में किसानों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारी किसानों ने सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण के गेट पर ताला जड़ दिया। किसानों ने कहा कि जब तक हमारा काम नहीं होगा वो किसी का नहीं होने देंगे। पंचायत के बाद किसान उग्र हो गए और उसके बाद तालाबंदी कर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को उनके दफ्तरों में कैद कर दिया। कई प्रदर्शनकारी बैरिकेड पर चढ़ गए। इसमें महिला भी शामिल रही। पुलिस प्रशासन के कई बार समझाने के बाद भी वो नहीं माने। धक्का देकर बेरीकेडिंग गिरा दी। इसमें कुछ महिला किसान और किसान नेताओं को हल्की चोट लगी। किसानों ने अपनी मांगें पूरी होने तक आंदोलन को जारी रखने की बात कही।

दरअसल पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत 105 गांवों के किसान दोपहर करीब 12 बजे प्राधिकरण पर पहुंचने लगे। पुलिस ने पहले से ही प्राधिकरण के सभी गेटों के बाहर बेरीकेडिंग कर दी थी। ताकि किसान तालाबंदी नहीं कर सके। करीब दो बजे तक पंचायत चली। इसके बाद पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों के साथ किसानों की वार्ता शुरू हुई। इससे पहले किसानों ने दो बजकर 45 मिनट पर तालाबंदी करने का फैसला किया था। करीब तीन बजे भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष ने किसानों से तालाबंदी करने का ऐलान किया। इसके बाद महिला किसान हाथ में ताला और जंजीर लेकर गेट नंबर दो की ओर बढ़े। यहां पुलिस प्रशासन ने किसानों को रोकने का प्रयास किया। इसके बाद भी उन्हें रोक नहीं सके।

गेट नंबर दो पर पहुंचते ही किसान वहां लगी बेरीकेडिंग पर चढ़ गए। हंगामा किया और नारेबाजी करते हुए किसानों ने प्राधिकरण के गेट पर ताला लगा दिया। इस दौरान कुछ महिला किसान भी बेरिकेडिंग पर चढ़ गईं। हंगामा ज्यादा होने के चलते कुछ बेरिकेडिंग गिर गई। जिससे किसानों को चोट आई और इसी में किसान नेता सुखवीर खलीफा के माथे पर भी चोट लगी। इस दौरान हंगामा बढ़ गया। हालांकि पुलिस प्रशासन के समझाने के बाद किसान शांत हुए और वहीं बैठ गए।

### 5 सालों से किसानों के साथ प्राधिकरण कर रहा वादाखिलाफ, दूसरी बार तालाबंदी

5 सालों से किसान प्राधिकरण की वादाखिलाफी से आक्रोशित है। ये वादाखिलाफी एक बार नहीं बल्कि 2019 से लगातार किसानों के साथ हो रही है। पहली बार 10प्रतिशत विकसित भूखंड या इसके समतुल्य मुआवजे की मांग को लेकर 2019-20 में किसानों ने प्रदर्शन किया। इसके बाद हर साल कभी लगातार 4 तो कभी 6 महीने तक किसान प्राधिकरण की चौखट पर बैठे रहे। यही वजह थी सितम्बर 2021 में भारतीय किसान परिषद ने प्राधिकरण की तालाबंदी की थी।

उस तालाबंदी के समय प्राधिकरण में कई दिनों तक काम प्रभावित हुआ और रीजनल ऑफिस से काम किया गया।

### पहली बार 2019-20 में किसानों ने प्राधिकरण के खिलाफ किया था प्रदर्शन

किसानों ने 2019-20 में 5 व 10 प्रतिशत विकसित भूखंड या इसके समतुल्य धनराशि की मांग को लेकर प्राधिकरण पर धरना दिया। किसानों ने मांग की कि 10 प्रतिशत के अतिरिक्त भूखंड को प्राप्त करने के लिए कोर्ट की बाध्यता को समाप्त किया जाए। इसके अलावा 1997 से 2014 तक के सभी किसानों को 10 प्रतिशत भूमि या इसके समतुल्य मुआवजा दिया जाए। किसानों ने तर्क दिया कि न्यायालय के आदेश पर आपने जो किसान न्यायालय गए उनको 10 प्रतिशत जमीन दी। लेकिन उसी दौरान हमारी जमीन भी अधिग्रहीत की गई। किसानों ने यह भी कहा जिन किसानों ने न्यायालय से याचिका वापस ली या जो आपके कहने पर न्यायालय नहीं गए उनको भी आपके द्वारा 5 प्रतिशत अतरिक्त प्लाट दिया गया। इस धरने के बाद पहली बार प्राधिकरण ने बोर्ड में किसानों से संबंधित प्रस्ताव भेजा गया जिसे बोर्ड ने निरस्त कर दिया।

### 2020-21 में प्रदर्शन के दौरान बोर्ड से अनुमोदन के बाद शासन को भेजा था प्रस्ताव

किसानों ने इसी मांग को लेकर 2020-21 में धरना प्रदर्शन किया। जिसके बाद प्राधिकरण ने किसानों की मांग के अनुरूप 4 जनवरी 2021 को शासन को मांग पत्र भेज दिया। साथ ही 11 मार्च, 29 अक्टूबर 2022 और 14 मार्च 2023 को रिमाइंडर भी भेजा गया। जवाब नहीं आने पर किसानों ने जून 2023 से 19 सितम्बर 2023 तक फिर प्राधिकरण पर लगातार धरना दिया। इस धरने में भी किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूखंड को भी प्राथमिकता दी गई। इसी मांग को एक बार फिर नवम्बर में आयोजित बोर्ड में रखकर शासन को भेजा गया।

### 39 दिन में सीईओ से लेकर आईडीसी से वार्ता रही विफल

इस 39 दिनों में किसानों की चेयरमैन से लेकर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ, पुलिस प्रशासन, डीएम सभी से वार्ता हो गई। सभी ने सिर्फ किसानों की मांगों पर आश्वासन दिया। पंचायत के बाद किसानों में रोष व्याप्त हुआ और तालाबंदी के लिए चल दिए। किसानों ने कहा ये तालाबंदी नहीं बल्कि संपूर्ण लॉकडाउन है।

## क्यों किया जा रहा धरना प्रदर्शन इसके पीछे की क्या है वजह इसे समझे

- दरअसल, नोएडा प्राधिकरण ने भू अर्जन अधिनियम 1984 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार 16 गांव की 19 अधिसूचनाओं को एक किसान की ओर से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई।
- इस चुनौती पर उच्च न्यायालय ने किसानों को 64.70 प्रतिशत की दर से मुआवजा और 10 प्रतिशत आबादी भूखंड देने का आदेश दिया।
- 21 अक्टूबर 2011 के आदेश क्रम में ऐसे किसान जिनकी याचिका खारिज कर दी गई या जो न्यायालय नहीं गए उनका निर्णय प्राधिकरण को लेने का निर्देश दिया गया।
- न्यायालय के आदेश के बाद प्राधिकरण ने 191वीं बोर्ड बैठक में निर्णय लिया कि 10 प्रतिशत विकसित आबादी भूखंड (जिन्हें पूर्व में 5 प्रतिशत विकसित आबादी भूखंड मिल चुका है उन्हें अतिरिक्त 5 प्रतिशत भूखंड) या इसके क्षेत्रफल के समतुल्य मुआवजा सिर्फ उन्हीं किसानों को दिया जाएगा जो उच्च न्यायालय के आदेश 21 अक्टूबर 2011 में शामिल हुए थे।
- प्राधिकरण ने माना कि ऐसे किसान जिन्होंने न्यायालय में चुनौती दी लेकिन उनकी याचिका को निरस्त कर दिया गया और ऐसे किसान जिन्होंने अधिसूचना को चुनौती ही नहीं दी। वे पात्र नहीं है।
- इस निर्णय के बाद किसानों में आक्रोश भर गया। इसके बाद ऐसे किसान जो उस समय न्यायालय नहीं गए थे। उन्होंने याचिका दायर की। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।
- तब से लगातार किसान मांग को लेकर प्रदर्शन करते आ रहे है।

## एक्सप्रेस वे पर ओवर स्पीडिंग के 478 चालान

**नोएडा,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा में सुबह शाम कोहरा पड़ रहा है। इससे एक्सप्रेस वे पर विजिबिलिटी काफी कम है। सुबह के समय यह विजिबिलिटी शून्य तक पहुंच जाती है। इसके बाद वाहन चालक ओवर स्पीड कर रहे है। अकेले 17 जनवरी को नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे पर ओवर स्पीडिंग के 478 वाहनों के चालान किए गए। इसमें से अधिकांश की स्पीड 100 किमी प्रति घंटा से ज्यादा थी। जबकि यहां फॉग के कारण स्पीड लिमिट 75 किमी प्रति घंटा और भारी वाहनों के लिए 50 किमी प्रति घंटा की गई है। नोएडा में 4 जनवरी से 18 जनवरी तक विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को यातायात के प्रति जागरुक किया जा रहा है। हालांकि लोग मान नहीं रहे है। यही वजह है कि एक दिन में 6623 ई चालान किए गए। इसमें सेक्टर 15 गोल चक्कर, मॉडल टाउन, किसान चौक, सेक्टर 51, 52 मेट्रो स्टेशन, रजनीगंधा चौक, सेक्टर 37, सूरजपुर, परी चौक, दादरी आदि स्थानों पर कुल 22 वाहनों को सीज किया गया। इनमें से अधिकांश चालान विपरीत दिशा, फिटनेस समाप्त, दोषपूर्ण नंबर प्लेट एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से संबंधित है। कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि अभियान के तहत 393 वाहनों के चालान विपरीत दिशा से आने वालों के किए गए। इसके अलावा 22 चालान फिटनेस समाप्त, 98 चालान दोषपूर्ण नंबर प्लेट व अन्य उल्लंघन मामलों में 6110 चालान किए गए।

**अधिकांश की स्पीड 100 किमी प्रति घंटा से ज्यादा, एक दिन में हुए 6623 ई चालान**

## सार संक्षेप

### बाइक सवार बदमाशों ने लूटे ढाई लाख

**नोएडा।** फेज-2 स्थित इलाहाबांस गांव में बुधवार की रात बाइक सवार दो बदमाशों ने भतीजे की बारात में शामिल होने आए ताऊ से ढ़ाई लाख रुपए लूट लिए और भाग गए। लूट के बाद पीड़ित काफी देर तक शोर मचाता रहा, लेकिन डीजे के चलते किसी को भी उसकी आवाज नहीं सुनाई दी। पीड़ित ने फेज-2 थाने में लूटपाट का केस दर्ज कराया है। गिझौड़ निवासी संजय प्रधान ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार की रात अपने छोटे भाई सुदर्शन शर्मा के बेटे यश की शादी में शामिल होने के लिए इलाहाबास गांव जा रहे थे। रात करीब 8:30 बजे बारात की चढ़त का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान वह इलाहाबांस पुश्ते के नीचे की तरफ जाने वाले रास्ते पर अपनी कार खड़ी कर लघुशंका करने लगे। उन्होंने रुपए से भरा बैग अपनी बगल में दबा रखा था। इस दौरान सेक्टर-85 की तरफ से बाइक सवार दो बदमाश उनका बैग छीनकर भाग गए। उन्होंने शोर मचाकर बाइक सवार बदमाशों का पीछा किया, लेकिन डीजे के चलते उनके चिल्लाने की आवाज किसी ने नहीं सुनी। इसके बाद उन्होंने अपने बेटे जतिन को घटना के बारे में बताया। संजय प्रधान के मुताबिक बैग में ढाई लाख रुपये थे। उन्होंने आशंका जताई कि संभवत: किसी व्यक्ति ने रेकी करने के बाद वारदात को अंजाम दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के विशेष अभियान में हुए 808 पंजीकरण

**नोएडा।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के तहत ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों का पंजीकरण करने के लिए जनपद में चलाए गये तीन 'विशेष पंजीकरण अभियान' में 808 लाभार्थियों ने पंजीकरण कराया। योजना में पंजीकरण के लिए शासन की ओर से तीन विशेष अभियान चलाए गये। पहला अभियान 30 नवम्बर से एक दिसम्बर तक चलाया। इसके बाद इसे आठ दिसम्बर तक के लिए बढ़ा दिया गया। इसके बाद दूसरा अभियान 18 से 22 दिसम्बर तक चला। तीसरा अभियान दो जनवरी से 16 जनवरी तक चला। इन अभियानों को संचालित करने का मकसद गर्भवती एवं धात्री माताओं को प्रथम सन्तान एवं द्वितीय सन्तान (लड़की) होने पर लाभ दिये जाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण किया जाना था।

### नाले में मिला शव, शराब का करता था सेवन

**नोएडा।** थाना सेक्टर 63 प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार की सुबह सूचना मिली कि छिजारसी से गांव के पास नाले में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवा कर उसकी पहचान कराई। युवक की पहचान आगरा निवासी सुनील पुत्र विजयपाल के रूप में हुई। सुनील वर्तमान में सेक्टर-63 की एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सुनील शराब का अत्यधिक सेवन करता था। आशंका जताई जा रही है कि शराब के नशे में वह नाले में गिर गया और पानी में डूबने की वजह से उसकी मौत हो गई। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## नगर आयुक्त ने लिया इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर के निर्माण कार्यों का जाएजा



**गाजियाबाद,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में ही इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। जिसमें एक ही स्थान पर जन समस्याओं के समाधान पर अधिकारी तथा टीम कार्य करेगी। जिससे कार्य की गुणवत्ता भी बढ़ेगी तथा समय भी कम लगेगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मालिक निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया जिस पर मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी द्वारा कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

नगर आयुक्त ने बताया कि आइसीसीसी सेंटर को सुचारू रूप से चलने के लिए सभी कार्यों पर तेजी से कार्य चल रहा है जिसमें 311 एप, वाहनों की ट्रैकिंग, आई हुई समस्याओं पर कार्रवाई, तथा विशेष रूप से मॉनिटरिंग के कार्यों को और अधिक प्रबल करने के लिए नगर आयुक्त के नेतृत्व में कार्य चल रहा है। गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय की बेसमेंट में टेक्निकल सुविधाओं से युक्त आइसीसीसी सेंटर को बनाया जा रहा है जिसमें निर्माण विभाग के कार्यों को तेजी से करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। मुख्य अभियंता नगर आयुक्त के दौरे के समय चल रहे कार्यों की प्रगति दिखाई गई। जिसमें टीम का सिटिंग एरिया, मॉनिटरिंग के लिए एरिया, वर्चुअल बैठक के लिए एरिया का स्थान निर्धारित करते हुए निरीक्षण के दौरान बताया गया, मौके पर अन्य निर्माण की टीम भी उपस्थित रही।

- मुख्य अभियंता ने पेश की प्रगति रिपोर्ट

## जब नगर आयुक्त ने सड़क पर रखवाया ड्रेन कवर

**गाजियाबाद,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक विभागीय अधिकारियों को इमरजेंसी वर्क में जनहित को प्राथमिकता देते हुए तत्काल कार्रवाई करने की निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त ने कहा कि कार्य किसी भी अन्य विभाग का हो यदि दुर्घटना की स्थिति पैदा होती दिखती है तो तत्काल प्रभाव से गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी अपने क्षेत्र संबंधित कार्य को पूर्ण कराये। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा लोक निर्माण विभाग द्वारा संचालित सड़क पर तत्काल कार्रवाई कराई तथा जनहित में दुर्घटना से पूर्व बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए साथ ही लोक कल्याण विभाग को सूचना भी भिजवाई गई। हापुर रोड पर सड़क पर चेंबर टूटने की शिकायत प्राप्त हुई सूचना मिलते ही नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग तथा जलकल विभाग को निर्देश दिए जानकारी मिलने पर ज्ञात हुआ कि उक्त सड़क लोक निर्माण विभाग द्वारा संचालित है नगर आयुक्त ने तत्काल चेंबर पर ड्रेन कवर रखवाया साथ ही अन्य संबंधित विभागों को भी कार्रवाई के निर्देश दिए लोक निर्माण विभाग को भी सूचित कराया, किसी प्रकार की परेशानी शहर वासियों को ना हो, आवागमन सरल रहे इसके लिए कार्रवाई की गई।

**दुर्घटना होने की स्थिति में जन सुविधा को दें प्राथमिकता : मालिक**



## जेपी क्लासिक सोसाइटी की लिफ्ट फंसी

**नोएडा,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। सेक्टर-134 स्थित जेपी क्लासिक सोसाइटी की लिफ्ट में तीन महिलाओं समेत सात लोग करीब 40 मिनट तक लिफ्ट में फंसे रहे। इसमें एक महिला की तबियत बिगड़ने गई। बिजली विभाग की टीम ने लिफ्ट के गेट खोलकर सातों को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना के बाद से सोसाइटी में रोष है। दरअसल सोसाइटी में बुधवार शाम को बी-4 टावर की 16वीं मंजिल से तीन महिला समेत सात लोग ग्रांउड फ्लोर पर आने के लिए लिफ्ट में चढ़े। फर्स्ट फ्लोर से पहले ही लिफ्ट अचानक रूक गई। लिफ्ट में सातों लोग करीब 40 मिनट तक फंसे रहे। लिफ्ट के अंदर से शोर मचाया। लिफ्ट में लगे इमरजेंसी बटन भी काम नहीं कर रहे थे। शोर की आवाज वहां से गुजर से सोसाइटी के निवासियों को सुनाई दिया। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना मेंटेनेंस विभाग को दी। इस बीच लिफ्ट के अंदर ईशा की तबीयत खराब होने लगी। ईशा को बाहर निकाला गया और करीब एक घंटे तक वो ग्राउंड फ्लोर पर रही। सोसाइटी के लोगों ने बताया कि लिफ्ट में मेंटेनेंस खराब होने की वजह से अक्सर इस तरह की घटना हो रही है।

- 7 लोगों को निकाला गया बाहर, एक महिला की तबियत बिगड़ी

### अब पहले हुए हादसों पर डालते है नजर

- दिसम्बर में सेक्टर-126 क्षेत्र में लिफ्ट गिरने से आठ इंजीनियर घायल हो गया थे।
- दो नवम्बर को फेस-टू के सेक्टर-110 में यथार्थ अस्पताल में गिर गई। इस लिफ्ट में सामान ले जाने का काम किया जाता था। घटना के दौरान अस्पताल में काम करने वाले चार लोग मौजूद थे। तार टूटने से लिफ्ट झटके से नीचे गिरी।
- 15 सितम्बर ग्रेटर नोएडा में बड़ा हादसा हुआ था। ड्रीम वैली प्रोजेक्ट में निर्माणाधीन साइट पर लिफ्ट गिरने से नौ मजदूरों की मौत हो गई थी।
- 3 अगस्त को नोएडा के सेक्टर-137 स्थित पारस टियरा सोसाइटी में लिफ्ट गिरने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है।
- अप्रैल में नोएडा के रीजेंटा होटल में ओवरलोडिंग होने से लिफ्ट के टूटने से कुल नौ लोग घायल हो गए। छह लोगों को मामूली चोट आई है, जबकि तीन लोगों के फ्रैक्चर हो गया था।

## स्वच्छ तीर्थ अभियान : महापौर ने मंदिर परिसर में सफाई कर अभियान चलाया

**गाजियाबाद,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। स्वच्छ तीर्थ अभियान के अंतर्गत महापौर सुनीता दयाल ने गुरुवार को पटेल नगर स्थित ए ब्लॉक में श्री शिव मंदिर में महापौर सुनीता दयाल ने सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया है जिसमे स्थानीय पार्षद शीतल देओल,नगर निगम के कर्मचारियों एवं स्थानीय लोग शामिल हुए।

महापौर ने कहा कि भविष्य में इसी प्रकार देवालयों के लिए अभियान चलता रहना चाहिए। इससे लोगो में मंदिर ले प्रति जन जागृति होगी और 14 से 21 जनवरी तक नगर निगम ने भी 40 मंदिरों को चिन्हित किया है



जिनमें रोजाना सफाई अभियान चलाया जा रहा है और 22 जनवरी को अयोध्या में 500 वर्ष बाद श्री रामलला की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। जिसको गाजियाबाद शहर भी धूम धाम से मनाएगा सभी घरों में दीपोत्सव मनाया जाएगा दीपावली की तरह यह पर्व मनाया जाएगा। मन्दिर परिसर में सफाई अभियान के बाद महापौर सुनीता दयाल ने सभी को कपड़े के थैले वितरण किए। जिससे शहर में प्लास्टिक का प्रयोग बन्द किया जा सकें और हमारा जीवन प्लास्टिक मुक्त हो सके एवं सभी शहरवासियों से प्लास्टिक प्रयोग न करने की अपील भी की।

## सांसद ने श्रीराम भक्ति का भजन रिलीज किया

**गाजियाबाद,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। सांसद अनिल अग्रवाल एवं विधायक अजीतपाल त्यागी ने गुरुवार को सुमित चतुर्वेदी के मंत्रमुग्ध कर देने वाले नए भजन 'राम जी की जीत, सनातन की जय' का विमोचन आरडीसी स्थित एक होटल में किया। इस भजन को पगीतकार रवि चौपड़ा ने लिखा है।

- रौंगटे खड़े कर देने वाले भजन 'राम जी की जीत सनातन की जय' का विमोचन

इस भावपूर्ण भजन में भगवान राम की विजयी भावना और सनातन धर्म की प्रचंडता को अच्छे ढंग से लयबद्ध किया गया है और ये समाज में बहुत ही प्रभावशाली छाप छोड़ने वाला है। पंडित सुमित चतुर्वेदी ने रिलीज के बारे मे बताया कि 'राम जी की जीत, सनातन की जय' सिर्फ एक गीत नहीं है, यह एक आध्यात्मिक यात्रा है, परमात्मा के प्रति समर्पण का भाव है। इस संगीतमय रचना के माध्यम से, उम्मीद है कि सुनने वाले सभी लोगों के बीच सनातन धर्म के प्रति नई ज्वाला जागृत होगी।



यह भजन प्रमुख संगीत प्लेटफार्मों जैसे स्पॉटीफाई, एप्पल म्यूजिक, अमेज़ॉन, जिओसावन, गाना, विंक म्यूजिक, टाइडल, डीज़र, इंस्टाग्राम, यूट्यूब म्यूजिक आदि पर उपलब्ध होगा।

सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि पूरा देश श्री राम भक्ति में सराबोर हैं अत: इस प्रकार की अभिव्यक्ति समाज को दिशा देने की काम करती है। कार्यक्रम के दौरान मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि कि गाज़ियाबाद के लिये ये गर्व की बात है कि हमारे पास सुमित चतुर्वेदी जैसे गायक हैं जिनको लोग इतनी बड़ी संख्या में सुनते हैं और उनके भजनों को पसंद करते हैं।

भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष प्रयासों से अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है और सम्पूर्ण देश राममय हो रहा है। ऐसे में इस प्रकार के भजन आने से लोगों में नये उत्साह का संचार होता है। इस अवसर पर पंडित कमलेश चतुर्वेदी, सौरभ चतुर्वेदी, अमित चतुर्वेदी, भाजपा नेता चौधरी प्रताप सिंह, महंत प्राचीन बालाजी मनोकामना मधुबन बापूधाम स्वामी जीवन ऋषि महाराज, सहकारी समिति घंटाघर वाईस चेयरमैन संदीप चौधरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मजदूरों में खूनी संघर्ष एक की मौत, कई घायल

**गाजियाबाद,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। ट्रानिका सिटी थाना क्षेत्र के पंचलोक गांव में निर्माणाधीन दिल्ली-सहारपुर एक्सप्रेस वे पर काम कर रहे बंगाल और सहारनपुर के मजदूर विवाद के बाद आपस मे भिड़ गए। आपस मे हुई मारपीट में एक मजदूर की मौत हो गयी, जबकि कई घायल हो गए। पुलिस कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि मरने वाले मजदूर का नाम नदीम है जो सहारनपुर का निवासी है। जबकि घायलों में शाहरुख,गुलफाम, अमजद, फरीद, कुर्बान व आसिम हैं। उन्होंने बताया कि ट्रानिका सिटी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि पंचलोक गांव में निर्माणाधीन दिल्ली सहारनपुर एक्सप्रेस वे पर काम कर रहे बंगाल और सहारनपुर के कामगारों के बीच में मारपीट हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की है। प्रारंभिक पड़ताल में पता चला है कि दोनों पक्षों में वाहन पिछड़ने को लेकर भी पूर्व में विवाद हुआ था। विवाद के बाद जब यह पुन: यहां रहने आए तो झगड़ा हो गया। सूर्यबली मौर्य ने बताया कि नौ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

- दिल्ली-सहारनपुर एक्सप्रेस वे पर काम कर रहे बंगाल व सहारनपुर के मजदूर
- ट्रैक्टर में बैठने को लेकर हुआ था विवाद



उवाच “

यह बस सेवा गौतमबुद्ध नगर और जेवर क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान है। इससे उनका समय और पैसा दोनों बचेगा और वे आसानी से नोएडा और दिल्ली तक पहुंच सकेंगे। पहले रूट में सुबह सात बजे रबूपुरा से बस चलेगी। जबकि बॉटेनिकल गार्डन से सुबह नौ बजे पहली बस रवाना होगी। रबूपुरा से आखिरी बस 4:30 बजे और बॉटेनिकल गार्डन की तरफ से आखिरी बस 6:30 बजे से चलेगी। दूसरे रूट में यमुना प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय सेक्टर 22 डी से सुबह 7:45 बजे से पहली बस चलेगी। **धीरेंद्र सिंह, जेवर विधायक**

# कैपिटल ज़ोन

## यीडा सिटी से नोएडा सिटी तक चलने वाली बसों का आठ से 89 रुपए तक होगा किराया





- यमुना प्राधिकरण और परिवहन विभाग ने मिलकर शुरू की बस सेवा
- विदेशी छात्रा ने नारियल फोड़ कर बस सेवा की कराई शुरू
- गलगोटिया विवि के छात्रों ने किया बस में सफर

**ग्रेटर नोएडा,**18 जनवरी (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण ने परिवहन विभाग के साथ मिलकर गुरुवार से बस सेवा शुरू कर दी। दो रूटों पर छह बसें चलेंगी। इसमें तीन बसें रबूपुरा से और तीन बसें यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-22 डी से चलेंगी। इन रूटों पर न्यूनतम किराया आठ रुपए और अधिकतम 89 रुपए है।

यीडा सिटी में औद्योगिक गतिविधियां शुरू हो गई हैं। इसको देखते हुए गुरुवार को यमुना प्राधिकरण ने परिवहन विभाग के साथ मिलकर बसों का संचालन शुरू कर दिया। पहले चरण में दो रूटों पर छह बसों का संचालन किया जाएगा। यात्री बढ़ने पर बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। ये रूट नोएडा बॉटेनिकल गार्डन से वाया कुलेसरा, सूरजपुर, परी चौक, यीडा सिटी के सेक्टर व रबूपुरा तक हैं। पहला रूट 64 और दूसरा रूट 58 किमी लंबा है। गुरुवार को गलगोटिया यूनिवर्सिटी के पास सैकड़ों छात्रों की मौजूदगी में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने बस सेवा का शुभारंभ किया। विदेशी छात्रा ने नारियल फोड़ा। विधायक ने कहा कि यह बस सेवा गौतमबुद्ध नगर और जेवर क्षेत्र के लोगों के लिए वरदान है। इससे उनका समय और पैसा दोनों बचेगा और वे आसानी से नोएडा और दिल्ली तक पहुंच सकेंगे। पहले रूट में सुबह सात बजे रबूपुरा से बस चलेगी। जबकि बॉटेनिकल गार्डन से सुबह नौ बजे पहली बस रवाना होगी। रबूपुरा से आखिरी बस 4:30 बजे और बॉटेनिकल गार्डन की तरफ से आखिरी बस 6:30 बजे से चलेगी। दूसरे रूट में यमुना प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय सेक्टर 22 डी से सुबह 7:45 बजे से पहली बस चलेगी। जबकि बॉटेनिकल गार्डन से पहली बस सुबह आठ बजे मिलेगी। सेक्टर-22 डी से आखिरी बस 6 बजे और बॉटेनिकल गार्डन की तरफ से आखिरी बस चार बजे चलेगी। पहला रूट में बस सेवा ग्राम रबूपुरा से शुरू होकर यमुना एक्सप्रेस वे के समानान्तर प्राधिकरण की 60 मीटर चौड़ी (सर्विस रोड) सड़क से होते हुए यीडा सिटी के सेक्टर-21, 20, 18 व सालारपुर अंडरपास होते हुए दनकौर गोल चक्कर आएगी। यहां से सेक्टर-17ए, सेक्टर- 26ए, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, यीडा कार्यालय, पी- 3 गोल चक्कर, परी चौक, जगत फार्म, जिला न्यायालय, विकास भवन, जिलाधिकारी कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय सूरजपुर, कुलेसरा, भंगेल, बॉटेनिकल गार्डन तक बस जाएगी। जबकि दूसरा रूट में क्षेत्रीय कार्यालय यमुना विकास प्राधिकरण, सेक्टर- 22डी से बस चलेंगी। यहां से सालारपुर अंडरपास वाया 120 मीटर चौड़ी सड़क, दनकौर गोल चक्कर, सेक्टर-17ए, 26ए, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, यमुना प्राधिकरण कार्यालय ओमेगा-1, सेक्टर पी-3 गोल चक्कर, परी चौक, जगत फार्म, जिला न्यायालय, विकास भवन, जिलाधिकारी कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय, सूरजपुर, कुलेसरा, भंगेल व बॉटेनिकल गार्डन तक बस जाएगी।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ननवा का राजपुर में अवैध निर्माण को ढहाया





- कॉलोनाइजर ने अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण कर कॉलोनी बना ली थी
- 43 हजार वर्ग मीटर जमीन की कीमत करीब 87 करोड़ होने का आकलन

**ग्रेटर नोएडा,**18 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने गुरुवार को ननवा का राजपुर में हुए अवैध निर्माण को ढहा कर 43 हजार वर्ग मीटर जमीन को मुक्त करा लिया। जमीन की कीमत करीब 87 करोड़ रुपए होने का अनुमान है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि गांव ननवा का राजपुर प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। कुछ कालोनाइजर गांव के खसरा नंबर -37 और 112 की करीब 43670 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध प्लॉटिंग कर लिए थे। अवैध निर्माण हटाने के लिए धारा दस की नोटिस भी जारी कर दी गई थी, लेकिन अवैध निर्माण न हटाने पर विगत 15 जनवरी को एफआईआर दर्ज करने के लिए तहरीर भी दे दी गई है। गुरुवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम ने दोपहर 1: 00 बजे से कार्रवाई शुरू की। प्राधिकरण की पुलिस की मौजूदगी में तीन डंफर और तीन जेसीबी व अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग से अवैध निर्माण को ढहा दिया। टीम ने करीब 43670 वर्ग मीटर जमीन को मुक्त करा लिया है। इस जमीन की कीमत करीब 87 करोड़ रुपए आंकी गई है। ओएसडी हिमांशु वर्मा ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने हर वर्क सर्किल को अपने एरिया में जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिए कड़ी नजर रखने और अतिक्रमण की सूचना मिलते ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## ग्रेनो प्राधिकरण 35 बिल्डर को बकाया जमा करने का भेजा नोटिस

**ग्रेटर नोएडा,**18 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण एक हफ्ते में 35 बिल्डर्स को बकाया जमा करने के लिए पत्र भेजेगा। अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों का लाभ लेने के लिए बिल्डर्स को दो महीने बकाये का 25 प्रतिशत पैसा जमा करना होगा। पैसा जमा होते ही खरीदारों की रजिस्ट्री शुरू हो सकेगी। बिल्डर-बायर्स मुद्दे को हल करने की कार्रवाई चल रही है। हाल ही में प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने बिल्डरों के साथ बैठक की थी। इसमें 52 परियोजनाओं के बिल्डर शामिल हुए। बैठक के बाद 35 परियोजनाओं के बिल्डर्स ने अब तक जमा किए गए पैसों का ब्योरा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को सौंप दिया था। प्राधिकरण ने अपने बकाये और बिल्डर्स द्वारा जमा किए गए चालान का मिलान कर लिया है। प्राधिकरण इन 35 बिल्डर्स को अगले एक हफ्ते में बकाया पैसा जमा करने के लिए पत्र भेजेगा। पत्र जारी होने के बाद 60 दिन के भीतर बिल्डर को कुल बकाये का 25 प्रतिशत पैसा जमा करना होगा। प्राधिकरण ने 20 और परियोजनाओं के बिल्डर्स के बकाये की गणना का काम लगभग पूरा कर लिया है। इनको भी जल्द ही बकाया पैसा जमा करने के लिए पत्र भेजा जाएगा।

## बच्चों को करियर के बारे में अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने किया जागरूक

**ग्रेटर नोएडा,**18 जनवरी (देशबन्धु)। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में उच्च शिक्षा अध्ययन कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए एक समृद्ध अनुभव साबित हुआ। इस कार्यक्रम में परामर्शदाता सांता मोनिका, सांता एना, विचिटा स्टेट यूनिवर्सिटी और यूआईसी चीन से, जिन्होंने अपना अनुभव साझा किया। उच्च शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अंतर्दृष्टि। विद्यार्थियों ने विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इन प्रसिद्ध संस्थानों से शैक्षणिक कार्यक्रम, प्रवेश प्रक्रियाएं और करियर की संभावनाएं। कार्यशाला में एक संवादात्मक वातावरण को बढ़ावा दिया, जिससे छात्रों को सार्थक गतिविधियों में का मौका मिला। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की इस पहल ने छात्रों को अपने भविष्य के शैक्षणिक प्रयासों के बारे में निर्णय लेने का अनूठा अवसर प्रदान किया।



## नौ ग्रह पूजन महायज्ञ का आयोजन

**रबूपुरा,**18 जनवरी (देशबन्धु)। क्षेत्र के गांव कलूपुरा में 19 जनवरी शुक्रवार से नौ ग्रह पूजन एवं पांच कुंडीय हवन महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ में प्रखंड संतों द्वारा ग्रामीण के सहयोग से आहुति देकर पूजन का शुभारंभ किया जाएगा। जोकि 19 जनवरी से 24 जनवरी तक चलेगा। महंत रामगिरी महाराज ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर धर्म लाभ उठाने की अपील की है। संत सेवा आश्रम धाम आनंदपुर साहिब पंजाब के महंत रामगिरी महाराज ने बताया कि रबूपुरा क्षेत्र के कलूपुरा गांव में शुक्रवार से पांच कुंडीय महालक्ष्मी विष्णु महायज्ञ एवं नवग्रह पूजन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। विधिवत पूजा अर्चना कर हवन का शुभारंभ किया जाएगा तथा 25 जनवरी को महायज्ञ की पूर्ण आहुति संपन्न कर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यज्ञ प्रारंभ से पूर्व 19 जनवरी को कलूपुरा गांव में भव्य कलश यात्रा भी निकल जाएगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित



**ग्रेटर नॉएडा,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा जेवर के सैमसंग नगर एवं नीमका गांव पहुंची, सैमसंग नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को वर्चुअल संबोधित किया उन्होंने कहा कि जब से यह अभियान 15 नवम्बर से चालू हुआ है, 50 लाख आयुष्मान कार्ड 50 लाख बीमा योजना 33 लाख पीएम किसान योजना 22 लाख लाभार्थी गैस कनेक्शन के 10 लाख से ज्यादा इस यात्रा को आज लगभग 2 महीने हो चुके हैं। यह विकसित यात्रा एक विश्वास का रथ एक संकल्प यात्रा बन चुकी है जिन गांवों में गाड़ी अभी नहीं पहुंची है वहां के लोग इंतजार कर रहे हैं इस यात्रा को अभी फरवरी तक भी बढ़ाया जा सकता है यह यात्रा आगे भी जारी रहेगी हमने इतना भूतपूर्व समर्थन मिलेगा ऐसी हमने कल्पना नहीं की थी जय यात्रा 2 महीने में ही जन आंदोलन बन गई, जहां गाड़ी जा रही है वहां लोग स्वागत करने के लिए आतुर खड़े रहते हैं। 4 करोड़ लोगों का हेल्थ चेक हमारी सरकारी नव वर्ष में गरीबी आंकड़ा से 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं हमारे देश के लोगों को साधन और संसाधन मिले तो गरीबी से बाहर आ सकते हैं। मोदी सरकार को गरीबों का आशीर्वाद मिल रहा है जिन महिलाओं को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान मिले हैं उनकी 70 परिधि रजिस्ट्री महिलाओं बहनों के नाम हुई है इस अवसर पर राज्यसभा सांसद राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र नागर जी जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह एमएलसी विधायक चंद शर्मा, दादरी विधायक तेजपाल नागर, एमएलसी नरेंद्र भाटी, अभियान के जिला संयोजक रवि जिंदल, ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिंह भाटी संजय रावत, सुशील शर्मा, अमित भाटी डॉक्टर चंद्रपाल सिंह सुशील शर्मा आदि सैकड़ों लोग यात्रा व प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।

## सीमा पर सुरक्षा को लेकर चलाया जांच अभियान



**जेवर,**18 जनवरी (देशबन्धु)। गणतंत्र दिवस व अयोध्या मे होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर जेवर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जांच अभियान बढ़ा दिए गए हैं। गुरुवार को एसीपी ने अंतर्जनपदीय व अंतरराज्जीय बॉर्डर चेक पॉइंट्स पर पहुंच आवश्यक निर्देश दिए। एसीपी प्रवीन कुमार ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कस्बा जहांगीरपुर मे बुधवार की शाम पैदल गस्त किया गया और यमुना एक्सप्रेस वे, जिला अलीगढ़ सीमा गोपालगढ़ बैरियर, हरियाणा बॉर्डर पर झुप्पा व बेगमाबाद चेक पॉइंट पर यहां से गुरजने वाले सभी वाहनों की जांच व लोगों की तलाशी ली जा रही है। गुरुवार को इन सभी महत्वपूर्ण पॉइंट्स को चेक किया गया और यहां किसी भी पुलिस कर्मी से लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए।

## महिला सुरक्षा पर जागरूकता के लिए कार्यशाला आज

**ग्रेटर नोएडा,**18 जनवरी (देशबन्धु)। महिलाओं के कार्यस्थलों पर लैंगिक उत्पीड़न और वर्तमान में हुए कुछ घटनाक्रमों को देखते हुए सभी सरकारी महकमों में अधिकारियों व कर्मचारियों को जागरूक और संवेदनशील बनाने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार 19 जनवरी को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में भी दोपहर 3:30 बजे भूतल स्थित सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ह्यूमन टच फाउंडेशन की प्रतिनिधि डॉ. उपासना सिंह हिस्सा लेंगी और अधिकारियों-कर्मचारियों को संवेदनशील और जागरूक बनाने के लिए जानकारी देंगी। प्राधिकरण के कार्मिक विभाग की तरफ से इस कार्यालय में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के उपस्थित होने की अपील की गई है।

## ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर हादसे का कारण बने ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज

**दनकौर,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र स्थित ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे पर करीब चार दिन पहले घने कोहरे के कारण कई ट्रक आपस में टकरा गए थे। हादसे में एक ट्रक चालक की मौत हो गई थी। मृतक के स्वजन द्वारा गुरुवार को अज्ञात ट्रक चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। दरअसल विगत 14 जनवरी की रात पलवल की तरफ से एक ट्रक मेरठ की तरफ जा रहा था। जब यह ट्रक दनकौर कोतवाली क्षेत्र स्थित ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे पर पहुंचा तो अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया था। घना कोहरा होने के चलते पीछे से आ रहे करीब चार ट्रक इससे टकराकर क्षतिग्रस्त हो हुए थे। हादसे में एक ट्रक चालक की मौत हो गई थी। मृतक की पहचान मुरली (35 वर्ष) पुत्र दीन मोहम्मद निवासी मामलिक थाना पिनहवा जिला नूंह हरियाणा के रूप में हुई थी। मृतक के स्वजन मजीद द्वारा सबसे पहले डिवाडर पर चढ़ने वाले ट्रक के अज्ञात चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उक्त ट्रक चालक की लापरवाही के कारण ही घने कोहरे में अन्य गाड़ियां आपस में टकराईं थीं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## गाजियाबाद से संचालित ई-बसे दादरी होकर गुजरेगी

**ग्रेटर नोएडा,**18 जनवरी (देशबन्धु)। आर्य प्रतिनिधि सभा की मांग पर निकट भविष्य में गजियाबाद से संचालित होने वाली रोडवेज की लंबी दूरी की ई-बसें दादरी होकर गुजरेगी। इसके प्रति क्षेत्रीय प्रबंधक गाजियाबाद-केसरी नंदन चौधरी ने सहमति व्यक्त की है। जैसा कि विदित है, अगले महीने गाजियाबाद क्षेत्र को प्रदेश का परिवहन विभाग इंटर सिटी रूटों पर संचालन हेतु अपनी 50 ई-बसें मुहैया करा रहा है, जो लंबे रूटों पर चलेंगी।

इसमें बुलंदशहर की ओर जाने वाली समस्त सेवाएं दादरी होकर गुजरेगी जिनमे दादरी से बस स्टैंड पर सवारी लेने की सुविधा होगी इससे हजारों यात्रियों को फायदा होगा। आर्य प्रतिनिधि सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. आनंद आर्य ने इसकी मांग रखी थी।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655


Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## हर्षोलास के साथ मनाया गया विद्यालय का स्थापना दिवस



**ग्रेटर नोएडा,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, के. पी. 3 का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर के किया गया। तत्पश्चात विद्यालय प्रांगण में हवन किया गया, जिसमें विद्यालय निर्देशिका कंचन कुमारी व प्रधानाचार्य हीमा शर्मा के साथ सभी छात्र छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं ने आहुति दी। हवन के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर छात्रों के ग्रैंडपेरेंट्स को भी आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। उन्होंने विद्यालय परिवार की भूरि भूरि प्रशंसा कर अपनी प्रसन्नता व संतुष्टि जाहिर की। इस अवसर पर विद्यालय की छात्र-छात्राओं व शिक्षकों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय निर्देशिका कंचन कुमारी ने कहा कि हमारे विद्यालय के 8 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। विद्यालय का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का विकास करना है। प्रधानाचार्या डॉ. हीमा शर्मा ने परिवार में दादा-दादी का महत्व बताते हुए कहा कि घर के बुजुर्ग कल्पवृक्ष के समान होते हैं, जो हमारी इच्छाओं को बिना किसी स्वार्थ के पूर्ण करते हैं। उन्होंने सभी छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं।

## भारत को विश्वगुरू बनाने के लिए युवाओं को करना होगा मतदान : अनूप चंद



**ग्रेटर नोएडा,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। भारत को विश्वगुरु बनाना है तो युवाओं को मतदान करने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। विश्व में सबसे ज्यादा युवा देश में रहते है। यह बात ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय में भारत में लोकतंत्र को मजबूत करना भारत में चुनावों की 70 वर्षों की यात्रा के अनुभव, मुद्दे और चुनौतियां पर आयोजित सेमिनार में चुनाव आयुक्त, भारत, अनूप चंद्र पांडेय ने कही। कार्यक्रम में उन्होंने ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत का है। चुनाव करवाने में बहुत सारी चुनौतियां आती है। हमारा लक्ष्य ज्यादा ज्यादा मतदान करवाने का होता है। इसमें 10 लाख मतदान केंद्रो में करीब एक करोड़ पोलिंग एजेंट ड्यूटी करते है। देश में गिरी नाम की जगह में एक वोट डलवाने के लिए 10 अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाती है। सबसे ज्यादा चुनौती तब आती है जब बड़े शहरों में लोग मतदान करने में उदासीनता दिखाते है। उन्हें जागरूक करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम भी चलाए जाते है। मतदान में पारदर्शिता रखने के लिए कई पोलिंग और काउंटिंग एजेंट के साथ सेंट्रल आब्जर्वर, माइक्रो ऑब्जर्वर और वेब कास्टिंग की जाती है। उन्होंने कहा कि मतदान तो सभी को करना चाहिए अगर आपको उम्मीदवार पसंद नही आता तो नोटा का इस्तेमाल कर सकते है। 80 वर्ष के लोगों के लिए घर पर वोट डालने की व्यवस्था की जाती है।इस दौरान विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर वाईके गुप्ता, वाइस चांसलर डॉ. सिबाराम खारा, प्रो. वाइस चांसलर परमानंद, डायरेक्टर पीआर डॉ. अजीत कुमार समेत विभाग के एचओडी और डीन मौजूद रहे।

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अमरपुर में उप जिलाधिकारी, सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 486/एस0टी0-एस0डी0एम0-सदर/2015-16 दिनांक 22.06.2016 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 फिरे सिंह पुत्र स्व0 श्री रामस्वरूप नि0 ग्राम अमरपुर तहसील सदर, गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| जगनपुर अफजलपुर | 557 555 | 256M 70M 258M 259M | स्व0 फिरे सिंह पुत्र स्व0 श्री रामस्वरूप नि0 ग्राम अमरपुर पर0 दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती धर्मवती | पत्नी | 62 वर्ष |
| | | | | श्रीमती शिक्षा | पुत्री विवाहित | 45 वर्ष |
| | | | | श्रीमती अजनेश | पुत्री विवाहित | 40 वर्ष |
| | | | | श्रीमती कविता | पुत्री विवाहित | 32 वर्ष |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के क्रम में प्रश्नगत भूमि पर किसी न्यायालय या आदेश द्वारा कृषक का स्वत्व समाप्त होता है अथवा क्षेत्रफल कम किया जाता है तो कम हुए क्षेत्रफल के सापेक्ष इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जाये।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धनौरी में उप जिलाधिकारी सदर द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 1015/एस0टी0-एस0 डी0एम0/2013 दिनांक 25.10.2023 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित हैः-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 1269 | स्व0 श्रीमती हमीदन पत्नी श्री जुम्मा खॉ व श्री जुम्मा खॉ पुत्र बल्लन खॉ नि0 ग्राम धनौरी कला, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री लाल मौहम्मद | 53 | पुत्र |
| | | | श्री आस मौहम्मद | 51 | पुत्र |
| | | | श्री अली हसन | 42 | पुत्र |
| | | | श्रीमती शब्बीरन | 49 | पुत्री (विवाहित) |
| | | | श्रीमती हसीना | 47 | पुत्री (विवाहित) |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मूजखेडा में उप जिलाधिकारी सदर द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 629/एस0टी0-एस0डी0एम0/2013, दिनांक 13.08.2013 व परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 1437/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 19.12.2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक काश्तकार का नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| मुंजखेडा | 591M | स्व0 यादराम पुत्र सूका व रतनपाल पुत्र स्व0 यादराम व विजयपाल पुत्र स्व0 रतनपाल नि0 ग्राम बिरौडी चकसेनपुर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती करतारी | 63 | पत्नी रतनपाल |
| | | | श्रीमती कालू उर्फ हरेन्द्र | 40 | पुत्र रतनपाल |
| | | | श्रीमती शकुन्तला पत्नी स्व0 विजयपाल | 50 | पुत्रवधू रतनपाल |
| | | | श्री राहुल कुमार पुत्र स्व0 विजयपाल | 29 | पौत्र रतनपाल |
| | | | श्री जयवीर पुत्र स्व0 विजयपाल | 28 | पौत्र रतनपाल |
| | | | श्रीमती कुसुम देवी | 39 | पुत्री विवाहित रतनपाल |
| | | | श्रीमती इन्द्रेश | 39 | पुत्री विवाहित रतनपाल |
| | | | श्रीमती सुरेश देवी | 43 | पुत्री विवाहित रतनपाल |
| | | | श्रीमती पूजा पुत्री स्व0 विजयपाल | 31 | पौत्री विवाहित रतनपाल |
| | | | श्रीमती बसन्ती | 63 | पुत्री विवाहित यादराम |
| | | | श्रीमती जगवती | 60 | पुत्री विवाहित यादराम |
| | | | श्रीमती छोटी | 58 | पुत्री विवाहित यादराम |
| | | | श्रीमती मुनेश | 56 | पुत्री विवाहित यादराम |
| | | | श्रीमती पीतो | 50 | पुत्री विवाहित यादराम |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारिवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम नवादा उपजिलाधिकारी सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 1119/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 02.12.2023 मृतक स्व0 श्री भगवत पुत्र प्रसादी निवासी ग्राम नवादा परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 03.04.2015 के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जगनपुर अफजलपुर | 875M 876M 878M | स्व0 श्री भगवत पुत्र0 स्व0 प्रसादी निवासी ग्राम नवादा परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती प्रेमवती | पत्नी | 68 वर्ष | विधवा |
| | | | श्री यशपाल | पुत्र | 43 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्री यशवीर | पुत्र | 33 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती बती | पुत्री | 53 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती सरला | पुत्री | 50 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती सुनीता कुमारी | पुत्री | 46 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती सीमा | पुत्री | 32 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के कम में प्रश्नगत भूमि पर किसी न्यायालय या आदेश द्वारा कृषक का स्वत्व समाप्त होता है अथवा क्षेत्रफल कम किया जाता है तो कम हुए क्षेत्रफल के सापेक्ष इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जाये।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 14.12.2015 में लिये गये निर्णय के क्रम में ग्राम दनकौर में उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 1102/एस.टी.-एम.डी.एम./2023 दिनांक 23.11.2023 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित हैः-

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम व पता | वारिसानों का नाम | मृतक से सम्बन्ध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | दनकौर | 8/3, 15M, 16M, 15/4M, 15/7M 15/8M | श्री समयपाल पुत्र स्व श्री मोहर सिंह व श्रीमती माया पत्नी स्व0 समयपाल नि0 ग्राम ऊँची दनौकर, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री जितेन्द्र सिंह | पुत्र | 35 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्री हरेन्द्र | पुत्र | 29 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अमरपुर में उप जिलाधिकारी, सदर, गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 837/एस0टी0-एस0डी0एम0-सदर/2023 दिनांक 06.10.2023 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 धर्मवीर पुत्र स्व0 श्री रामस्वरूप नि0 ग्राम अमरपुर तहसील सदर, गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु/जन्म तिथि | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| जगनपुर अफजलपुर | 557 555 | 256M 70M 258M 259M | स्व0 स्व0 धर्मवीर पुत्र रामस्वरूप नि0 ग्राम अमरपुर पर0 दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती सुखपाली | पत्नी | 62 वर्ष | विधवा |
| | | | | श्री रविन्द्र कुमार | पुत्र | 46 वर्ष | |
| | | | | श्री सुरेन्द्र सिंह | पुत्र | 42 वर्ष | |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के क्रम में प्रश्नगत भूमि पर किसी न्यायालय या आदेश द्वारा कृषक का स्वत्व समाप्त होता है अथवा क्षेत्रफल कम किया जाता है तो कम हुए क्षेत्रफल अथवा सम्पूर्ण क्षेत्रफल के सापेक्ष इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जाये।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

# देश विदेश

## रिश्वतखोरी के आरोप के बाद दिया मंत्री का इस्तीफा

**सिंगापुर।** सिंगापुर के परिवहन मंत्री सुब्रमण्यम ईश्वरन ने रिश्वतखोरी का आरोप लगने के बाद इस्तीफा दे दिया है। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, 16 जनवरी 2024 को, भ्रष्ट आचरण जांच ब्यूरो (सीपीआईबी) द्वारा श्री ईश्वरन को आरोपों की औपचारिक सूचना दिए जाने के बाद, उन्होंने कैबिनेट मंत्री एवं पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) के सदस्य के रूप में अपना त्यागपत्र मुझे भेज दिया।

# पाकिस्तान ने ईरान में आतंकवादी ठिकानों पर किया हमला



पाकिस्तान हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने के बाद 48 घंटे से भी कम समय में दिया जवाब

**इस्लामाबाद,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने ईरान की ओर से उसके (पाकिस्तान) हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने के 48 घंटे से भी कम समय में गुरुवार को उसके (ईरान) के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। पाकिस्तान की सेना की मीडिया मामलों की शाखा द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, जिन ठिकानों पर हमला किया गया, उनका इस्तेमाल बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) जैसे आतंकवादी संगठन करते थे। पाकिस्तानी सेना ने बताया कि हमला 'मार्ग बार सरमाचर' नामक एक खुफिया-आधारित अभियान के तहत किया गया। इस बीच, ईरान की न्यूज एजेंसी आईआरएनए ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सरवन शहर के एक गांव को निशाना बनाकर किए गए हमले में नौ लोग मारे गए। ईरान के गृहमंत्री अहमद वाहिदी ने कहा कि हमले में मारे गए सभी लोग विदेशी नागरिक थे। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि सरमाचर की बड़े पैमाने पर आतंकवादी गतिविधियों की विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आलोक में कार्रवाई की गई। उधर, ईरानी मीडिया ने बताया कि सरवन शहर के पास एक गांव को निशाना बनाकर किए गए हमले में तीन महिलाओं और चार बच्चों की मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि ईरान ने मंगलवार को पाकिस्तान में बलूचिस्तान के सीमावर्ती शहर पंजगुर में आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए थे। ईरान की ओर से किए गए ये हमले उसके (ईरान) क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमलों की प्रतिक्रिया के तौर पर हाल के दिनों में सीरिया और इराक में उसके द्वारा किए गए हमलों की एक श्रृंखला का हिस्सा थे। इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने आज अपने बयान में कहा कि पाकिस्तान ने हाल के हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किए गए ठिकानों के खिलाफ ईरान में 'प्रभावी हमले' किए।

आईएसपीआर ने कहा कि अभियान में बीएलए और बीएलएफ द्वारा इस्तेमाल किए गए ठिकानों पर सफलतापूर्वक हमला किया गया। सेना के मीडिया विंग ने कहा, आतंकवाद के कृत्यों के खिलाफ पाकिस्तानी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पाकिस्तान सशस्त्र बल लगातार तत्परता की स्थिति में हैं।

## ईरान में पाकिस्तानी मिसाइल हमलों में सात की मौत



**तेहरान।** ईरान के दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान के एक सीमावर्ती गांव में पाकिस्तान के मिसाइल हमलों में गुरुवार को तीन महिलाओं और चार बच्चों सहित सात गैर-ईरानी नागरिकों की मौत हो गई। डिप्टी गवर्नर(सुरक्षा) अलीरेज़ा मरहमती और प्रांतीय कानून प्रवर्तन ने यह जानकारी दी। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसकी सेना ने ईरान के अंदर आतंकवादी ठिकानों पर सिलसिलेवार सटीक हमले किए हैं, जिसमें कई आतंकवादी मारे गए। ईरानी समाचार एजेंसी फ़ार्स ने श्री मरहमती के हवाले से कहा, आज तड़के लगभग 04:30 बजे कई विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं, जिसमें हमारा एक सीमावर्ती गांव पाकिस्तानी मिसाइल हमले की चपेट में आ गया। इसमें तीन महिलाएं और चार बच्चे, जो गैर-ईरानी नागरिक मारे गए। उन्होंने बताया कि सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में सारावन शहर के पास एक और विस्फोट सुना गया, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

## पाकिस्तान ने ईरान से अपने राजदूत को वापस बुलाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बलूचिस्तान में ईरानी मिसाइल हमले के मद्देनजर बुधवार को ईरान में अपने राजदूत को वापस बुला लिया और इस्लामाबाद में ईरानी दूत को निष्कासित कर दिया। विदेश विभाग की प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच ने कहा कि पाकिस्तान ने हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखा है, और हमले को अवैध कृत्य और बिना किसी औचित्य के बताया है। हमले के बाद जारी दोनों बयानों में ईरान को उसकी कार्रवाई के परिणामों के बारे में चेतावनी दी। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान ने ईरान से अपने राजदूत को वापस बुलाने का फैसला किया है और पाकिस्तान में ईरानी राजदूत, जो वर्तमान में ईरान का दौरा कर रहे हैं, फिलहाल वापस नहीं लौट सकते हैं।' पाकिस्तानी समाचारपत्र डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक एक वरिष्ठ अधिकारी ने सैन्य प्रतिक्रिया से इनकार नहीं किया है।पाकिस्तान ईरान के हमलों को न केवल संप्रभुता का उल्लंघन मानता है, बल्कि व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष के लिए संभावित उत्प्रेरक भी मानता है, जो वर्तमान तनावपूर्ण क्षेत्रीय माहौल में विशेष रूप से चिंताजनक है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 19 जनवरी , 2024 पौष शुक्ल पक्ष 8

### राशिफल

मेष -आज जो भी काम करेंगे, उसमें उत्साह बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी और बनी रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। मित्रों और स्वजनों के साथ खुशी के पल गुजार सकेंगे।

वृषभ -आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी नहीं है। अनेक प्रकार की चिंता आपको हो सकती है। शारीरिक स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहेगा। स्वजनों और स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है।

मिथुन -व्यापारीवर्ग के लिए आज का दिन शुभफलदायी है। व्यापार तथा आय में वृद्धि होगी। मित्रों से लाभ होगा। नौकरी में अधिकारियों की कृपादृष्टि से आपके लिए पदोन्नति भी संभव है।

कर्क -आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरीपेशा लोगों से अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पदोन्नति का योग है। परिवार में वातावरण अच्छा बना रहेगा। घर की साज-सजावट कर उसे सुंदर बना सकेंगे। माता से भी लाभ मिलेगा।

सिंह -आज का दिन आलस्य तथा थकान में गुजरेगा। स्वभाव में उग्रता के कारण मानसिक रूप से व्यग्रता रहेगी। पेट दर्द के कारण परेशानी होगी। सफलता प्राप्त करने के लिए अधिक मेहनत करनी होगी।

कन्या -आज के दिन नए काम की शुरूआत न करें। बाहरी खाद्य पदार्थों से स्वास्थ्य खराब होने की संभावना रहेगी। गुस्सा अधिक रहेगा, अत: बोलने पर संयम रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

तुला -आपका आज का दिन सफलता और आमोद- प्रमोद से भरा होगा, जिससे पूरे दिन मन में प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। सार्वजनिक जीवन में सफलता और सिद्धि प्राप्त करेंगे। दोस्तों के मौज-मस्ती पर धन खर्च होगा।

वृश्चिक -परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा। शारीरिक-मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। खर्च पर नियंत्रण होगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होता हुआ प्रतीत होगा। विरोधियों और दुश्मनों को पराजित कर सकेंगे।

धनु -आज कार्य सिद्धि और सफलता न मिले तो हताश न हो। आप अपने काम करते रहें। क्रोध पर संयम रखें। संतान से सम्बंधित विषय से मन चिंताग्रस्त रहेगा। आज कोई यात्रा न करें। हो सकें तो आज ज्यादातर समय मौन रहकर गुजारें।

मकर -आज आपकी मन:स्थिति और स्वास्थ्य कुछ अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में क्लेशमय वातावरण से मन खिन्न रहेगा। शरीर में ताजगी एवं प्रफुल्लता का अभाव रहेगा। अपनों से मनमुटाव का प्रसंग हो सकता है।

कुंभ -मानसिक रूप से आज आप बहुत हल्कापन महसूस करेंगे। आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल हटने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। घर में भाई-बहनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे।

मीन -अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। किसी के साथ संघर्ष हो सकता है। वित्तीय मामले और लेन-देन में सावधानी रखनी पड़ेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद हो सकता है। मन पर नकारात्मकता हावी होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1597-मेवाड़ के राजपूत राजा राणा प्रताप सिंह का निधन।
1649-इंग्लैंड नरेश 'चार्ल्स प्रथम' के ख़िलाफ़ मुकदमा शुरू हुआ।
1905-देवेन्द्र नाथ टैगोर (ठाकुर) नोबेल पुरस्कार विजेता रबीन्द्रनाथ ठाकुर के पिता और भारतीय चिंतक, विचारक का निधन।
1919-फ़िल्म जगत के मशहूर उर्दू शायर कैफ़ी आज़मी का जन्म।
1938-जनरल मोटर्स ने डीजल इंजन का बड़े स्तर पर उत्पादन शुरू किया।
1960-अमेरिका और जापान के बीच आपसी सुरक्षा समझौता हुआ।
1966-इंदिरा गाँधी को भारत का तीसरा प्रधानमंत्री चुना गया।
1981-अमेरिकी तथा ईरान के बीच समझौते के तहत 52 अमेरिकी बंधकों को रिहा किया गया।
1986-पहला कम्प्यूटर वायरस 'सी.ब्रेन' सक्रिय किया गया।
1990-भारतीय विचारक और धर्मगुरु आचार्य रजनीश का पुणे में निधन।
1995-चेचन्या के अलगाववादी राष्ट्रपति भवन से भाग निकले और रूसी तोपख़ाने ने उसे नष्ट कर दिया।
2001-थाइलैंड में रॉक थाइ पार्टी को बहुमत, तालिबान पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध प्रभावी।
2002-पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने किसी भी ग़ैर-पाकिस्तानी आतंकवादी पाकिस्तान में होने से इन्कार किया।
2004-हिमाचल प्रदेश में चम्बा ज़िले के गरौला गांव में एक बस के नदी में गिर जाने से 21 लोग मारे गए।
2005-सानिया मिर्ज़ा लॉन टेनिस के 'आस्ट्रेलिया ओपन' के तीसरे दौर में पहुँचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।
2007-जवाहर लाल नेहरू पुरस्कार ओमान के सुल्तान काबूस बिन सईद बिन तैमूर अल सईद को प्रदान करने का फैसला।

## तोमोको तमुरा जापानी कम्युनिस्ट पार्टी की पहली महिला महासचिव नियुक्त



**टोक्यो,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। सुश्री तोमोको तमुरा को जापानी कम्युनिस्ट पार्टी (जेसीपी) का महासचिव नियुक्त किया गया है और इसके साथ ही वह पार्टी के 102 साल के इतिहास में यह पद संभालने वाली पहली महिला बन गई हैं। जापानी मीडिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सुश्री तमुरा को पहली बार 2010 के चुनावों में सहायक के रूप में चुना गया था। एनएचके ब्रॉडकास्टर की रिपोर्ट के अनुसार, वह तब से तीन बार चुनी जा चुकी हैं और हाल ही में उन्होंने पार्टी की राजनीतिक परिषद के प्रमुख के रूप में कार्य किया है। वह काज़ुओ शी की जगह लेंगी, जो पिछले 23 साल से यह पद संभाल रहे थे। न्यूज ऑन जापान वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार सुश्री तमुरा की नियुक्ति जापानी कम्युनिस्ट पार्टी की अपनी छवि को फिर से जीवंत करने और नेतृत्व के पारंपरिक रूपों से हटकर मतदाताओं के व्यापक विस्तार तक पहुंचने के इरादे के बीच हुई है। पार्टी का लक्ष्य उभरते राजनीतिक परिदृश्य में बदलावों को शामिल करने के लिए अपनी तत्परता प्रदर्शित करना है।

# अमेरिका ने हाउती के ठिकानों पर किए हमले



अमेरिका के रक्षा विभाग के अधिकारियों ने की पुष्टि

**वाशिंगटन,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका ने यमन के विद्रोही समूह हाउती के खिलाफ चौथे चरण के हमले की शुरुआत की है। अमेरिका के रक्षा विभाग के अधिकारियों ने बुधवार रात को इसकी पुष्टि की और कहा कि अमेरिका ने यमन में ईरान समर्थित हाउती विद्रोहियों पर चौथे दौर का हमला किया है। हाउती की ओर से दागी गयीं लगभग 14 मिसाइलों के बारे में अमेरिका का कहना है कि उनका उद्देश्य लाल सागर में नौवहन पर हमले करना था। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी नौसेना के जहाजों से दागी गई टॉमहॉक मिसाइलों से हाउती के ठिकानों पर हमला किया गया। गौरतलब है कि अमेरिका ने यमन के विद्रोह समूह हाउती को 'वैश्विक आतंकवादी' के रूप में नामित किया है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि ये हमले इस क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों आतंकवादियों की ओर से किए जा रहे हमले के जवाब में किये गये। जवाबी कार्रवाई में अमेरिका और ब्रिटेन ने 11 जनवरी को हाउती के कई ठिकानों पर हमले किए थे। ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, नीदरलैंड और कनाडा द्वारा समर्थित ये हमले हाउती द्वारा क्षेत्र में हमलों को रोकने के अल्टीमेटम को नजरअंदाज करने के बाद शुरू हुए। हाउती विद्रोहियों ने वाणिज्यिक जहाजों को लक्षित करके बुधवार को हमला किया था। इससे पहले इस समूह ने अमेरिका की और उसके द्वारा संचालित जहाजों को निशाना बनाया था, जो इस सप्ताह उसकी ओर से इस सप्ताह दूसरा हमला था। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में एम/वी जेनको पिकार्डी को निशाना बनाने के लिए एकतरफ़ा ड्रोन का इस्तेमाल किया।

## थाईलैंड की पटाखा फैक्टरी में विस्फोट होने से 23 लोगों की मौत



**बैंकॉक,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। थाईलैंड की एक पटाखा फैक्टरी में विस्फोट होने से 23 लोगों की मौत हो गई है। प्रांतीय गवर्नर ने बुधवार को बताया कि विस्फोट मध्य सुफान बुरी प्रांत के साला खाओ टाउनशिप के पास स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब तीन बजे हुआ। स्थानीय बचाव सेवा द्वारा साझा की गयी तस्वीरों में जमीन पर बिखरा हुआ धातु का मलबा और काले धुएं का एक बड़ा गुबार दिख रहा है। प्रांत के गवर्नर नट्टापत सुवनप्रतीप ने विस्फोटक अध्यादेश निपटान समूह का संदर्भ देते हुए कहा, हमें ईओडी टीम से रिपोर्ट मिली है कि 23 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। विस्फोट के कारण का अभी तक पता नहीं चला है। श्री नट्टापत ने कहा कि अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि घटना किस वजह से हुई। उन्होंने कहा, 'फैक्ट्री वैध लाइसेंस के साथ कानूनी रूप से चल रही थी।' पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आसपास के इलाके को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। पुलिस लेफ्टिनेंट जनरल नैयावत फाडेमचिड ने बताया कि इस समय विश्व आर्थिक मंच के लिए स्विट्जरलैंड में मौजूद प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन को घटना की जानकारी दे दी गई है।

## चीन की जनसंख्या में भारी गिरावट से अर्थव्यवस्था की विकास क्षमता पर गहरा असर पड़ने की आशंका

**हांगकांग,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। चीन की जनसंख्या में 2023 में लगातार दूसरे वर्ष रिकॉर्ड गिरावट आने से इसकी अर्थव्यवस्था की विकास क्षमता पर गहरा असर पड़ने का अनुमान है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने गुरुवार को कहा कि 2023 में चीन की जनसंख्या 20.80 लाख या 0.15 प्रतिशत घटकर 1.409 अरब रह गयी है। यह 2022 में 8.50 लाख की जनसंख्या गिरावट से काफी ज्यादा है। नए जन्म दर की संख्या 5.7 प्रतिशत घटकर 90.20 लाख रह गयी और 2022 में प्रति एक हजार लोगों पर 6.77 जन्म दर से कम होकर 6.39 जन्म के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई।


संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों का मानना ??है कि 2050 तक चीन की जनसंख्या 10.90 करोड़ तक कम हो जाएगी, जो 2019 में उनके पिछले पूर्वानुमान की तुलना में तीन गुना से भी अधिक है। चीन की 60 वर्ष और उससे अधिक आयु की जनसंख्या 2023 में 29. 69 करोड़ रह गयी, जो इसकी कुल जनसंख्या का लगभग 21.1 प्रतिशत है।

## सीरिया पर जॉर्डन के हवाई हमले में 11 लोगों की मौत

**दमिश्क।** सीरिया के अस सुवेदा प्रांत पर जॉर्डन के हवाई हमले में महिलाओं और बच्चों सहित 11 लोगों की मौत हो गयी। एक स्थानीय सूत्र ने गुरुवार को स्पूतनिक को यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा, अस सुवेदा प्रांत पर जॉर्डन के हवाई हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित 11 लोग मारे गये। सूत्र ने बताया कि गोलाबारी बुधवार से गुरुवार की दरमियानी रात को हुई।

**मौसम** मौसम खराब होने से कई उड़ानें रद्द सड़क यातायात भी हुआ बाधित

# भारी बर्फबारी व बर्फीली बारिश ने पूरे यूरोप में कहर बरपाया



तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंचा

**ब्रूसेल्स,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। यूरोप के कई देशों में भारी बर्फबारी और बर्फीली बारिश से स्थिति बहुत खराब हो गई है। मौसम की इस चरम स्थिति के कारण फ्लाइटें रद्द और देर हुई हैं तथा सड़क यातायात भी बाधित हुआ है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, बेल्जियम में, जेवेंतेम में ब्रुसेल्स हवाई अड्डे से प्रस्थान बुधवार को दोपहर 3:20 बजे अस्थायी रूप से रोक दिया गया था क्योंकि श्रमिकों को रनवे से बर्फ हटाने की जरूरत थी।

हवाई अड्डे के अधिकारियों ने कहा कि अधिकांश उड़ानें लगभग एक घंटे की देरी से चलीं और कुछ रद्द कर दी गईं, जिनमें फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख की उड़ानें भी शामिल थीं। ब्रुसेल्स में भारी बर्फबारी के कारण ब्रुसेल्स रिंग पर यातायात जाम हो गया है, विशेष रूप से ग्रैंड-बिगार्ड की ओर ज़ेवेंतेम क्षेत्र में। मौसम की चरम स्थितियों के कारण बेल्जियम का ट्रांसपोर्ट एन कम्यून (टीईसी) नेटवर्क भी बाधित हो गया। लीज और चार्लेरोई में, अधिकांश बसें बुधवार को सेवा से बाहर रहीं। बेल्जियम में बुधवार को मौसम में शीतलहर रही और तापमान शून्य डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। रॉयल मौसम विज्ञान संस्थान के पूर्वानुमानों के अनुसार, इस सप्ताह के अंत में तापमान शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस नीचे या इससे भी कम हो जाएगा। पड़ोसी देश नीदरलैंड में भी मौसम संस्थान केएनएमआई ने बर्फीली और फिसलन भरी स्थिति के कारण देश के कई हिस्सों के लिए येलो कोड जारी किया है। देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित प्रांत लिम्बर्ग में भारी बर्फबारी हुई है, जिससे राजमार्गों पर लंबा ट्रैफिक जाम हो गया है। स्थानीय अधिकारियों ने मोटर चालकों से राजमार्गों से बचने के लिए तत्काल आह्वान जारी किया है। केएनएमआई ने कहा कि लिम्बर्ग में 15 सेंटीमीटर तक बर्फबारी जारी रहने की उम्मीद है। जर्मनी की राष्ट्रीय मौसम विज्ञान सेवा (डीडब्ल्यूडी) ने मध्य और दक्षिणी क्षेत्रों में भारी बर्फबारी के साथ आंशिक रूप से चरम मौसम की स्थिति की चेतावनी दी है। यह गुरुवार तक जारी रहेगी।

देश के सबसे बड़े हवाई अड्डे फ्रैंकफर्ट में 600 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और सभी हवाई यातायात रोक दिया गया। स्थानीय मीडिया ने बताया कि फ्रैंकफर्ट में टेक-ऑफ रद्द कर दिया गया क्योंकि विमान को अब सुरक्षित रूप से बर्फ से नहीं हटाया जा सकता था, और पूरी तरह से भरे रैंप के कारण लैंडिंग भी असंभव हो गई थी। जर्मनी के दक्षिण में म्यूनिख हवाई अड्डे पर लगभग 254 उड़ानें रद्द होने की आशंका है।

## सुडोकू 6441

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | | | | | 5 | | 3 |
| 5 | 2 | | | | 6 | | 4 | |
| | | | 5 | | | | | |
| | | 2 | 6 | 3 | | 1 | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | 5 | | 8 | 2 | 4 | | |
| | | | | | 3 | | | |
| | 3 | | 2 | | | | 7 | 6 |
| 6 | | 1 | | | | | 2 | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6441

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. एक मणि जो चंद्रमा के किरणों से पसीज जाता है, कुमुद, चंद्रकांत
३. अंधेरा
५. निंदित,नीच
६. निर्दयी, पाषाण हृदय (उर्दू)
७. उत्तराधिकार से प्राप्त धनपर लगने वाला कर
९. निधन, मृत्यु
१०. लिहाज़ा, इसलिए
१२. उदासीन, तटस्थ, मुखरहित
१३. वैसा होने पर भी, तो भी
१४. सुरक्षित, सकुशल (उर्दू)
१६. फायदा, लाभ (उर्दू)
१८. फूल, पुष्प
२०. नगाड़ा (उर्दू)
२१. बातचीत
२३. आलोकित होना, प्रकाशवान होना

**ऊपर से नीचे:-**

१. सौ पैरों वाला, कनखजूरा
२. दीप्तिहीन, आभाहीन
३. परिवर्तित, अंतरण किया हुआ
४. करने वाला
५. वह देवता जिसकी पूजा कुल विशेष में पीढ़ियों से होती आ रही हो
८. मुर्गा
१०. आगे का, आने वाला
११. अकेला
१२. जंगल, वन
१३. उसके समान
१४. विनयपूर्वक, विनम्र
१५. ब्राह्मणों के लिए एक सम्मानसूचक संबोधन
१७. दूरी, अंतर (उर्दू)
१८. जहा जाना आसान हो, आसान
१९. झुकाना
२२. किंतु, में, लेकिन

### वर्ग पहेली-6440

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ज | ल्ली | २ क | टू | ■ | ■ | ३ अ | र्द्धा | ४ गि | नी |
| म | ■ | ल्प | ■ | ५ वि | प | क्ष | ■ | र | ■ |
| ६ घ | रा | ना | ■ | भा | ■ | ७ रि | क्त | ह | ८ स्त |
| ट | ■ | ती | ■ | ९ ज | न्न | त | ■ | ■ | ब्ध |
| ■ | १० वै | त | ११ नि | क | ■ | ■ | १२ उ | त्था | न |
| ■ | ध | ■ | य | ■ | १३ नि | मि | त | ■ | य |
| १४ सी | पा | १५ प | ति | ■ | पु | ■ | १६ म | १७ लि | न |
| धा | ■ | द | ■ | १८ प्र | ण | १९ त | ■ | हा | ■ |
| २० सा | द | र | ■ | ता | ■ | २१ र | म | जा | २२ न |
| दा | ■ | २३ ज | हां | प | ना | ह | ■ | ■ | भ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### अमेरिका में ऐपल की रक्त ऑक्सीजन सेंसर वाली घड़ियां बेचने पर प्रतिबंध



**सैन फ्रांसिस्को,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में ऐपल की रक्त ऑक्सीजन सेंसर वाली घड़ियां बेचने पर गुरुवार से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। अमेरिकी अपील न्यायालय ने यह आदेश दिया है। यह प्रतिबंध एक चिकित्सा उपकरण कंपनी मैसिमो के साथ बौद्धिक संपदा विवाद से उपजा है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग ने अक्टूबर में पाया कि ऐपल के रक्त ऑक्सीजन सेंसर ने मैसिमो की बौद्धिक संपदा का उल्लंघन किया है। प्रतिबंध के बाद ऐपल संबंधित उपकरण का आयात नहीं कर सकेगा जिसमें ऐपल वॉच सीरीज़ 9 और अल्ट्रा 2 शामिल हैं। ऐपल ने दिसंबर में प्रभावित घड़ियों को अपने ऑनलाइन और खुदरा स्टोर से कुछ समय के लिए हटा दिया था, जबकि स्टॉक में उन उपकरणों वाले खुदरा विक्रेता अभी भी उन्हें बेच सकते हैं।


# प्रादेशिकी

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन बंद रहेंगी मदिरा की दुकानें

**रुद्रप्रयाग।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम तथा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद के अंतर्गत स्थित समस्त विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, गोदामों सहित सैन्य कैंटीन विदेशी मदिरा की बिक्री के लिए पूर्णतया बंद रहेंगी। जिला आबकारी अधिकारी लक्ष्मण सिंह बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर तथा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोक शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आबकारी अधिनियम में निहित प्राविधानों के अंतर्गत जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद के अंतर्गत स्थित समस्त विदेशी मदिरा की फुटकर दकानों सहित गोदाम, एफएल-2/2बी एवं सैन्य कैंटीन विदेशी मदिरा की बिक्री व परिवहन के लिए पूर्णतया बंद रहेंगी।

# पेयजल निगम में उड़ रही अधिप्राप्ति नियमावली की धज्जियां

■ अमरनाथ तिवारी



■ इंजीनियर का कारनामा प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी तथा एडिशनल प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी में सरकार को लगाया चूना
■ प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी तथा एडिशनल प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी 7.49 करोड़ से घटाकर की 2.81 करोड़

**देहरादून,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तराखण्ड पेयजल निगम में सभी निविदाओं को स्वीकृत व अस्वीकृत करने के लिए उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2017 लागू की गई है। लेकिन उत्तराखण्ड पेयजल निगम में उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावाली की खुली धज्जियां उड़ाई जा रही है। उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली की धज्जियां इंजीनियर संजय सिंह मनमाने ठंग से उड़ा रहे हैं। संजय सिंह अपने चहेते ठेकेदारों को सीधा लाभ पहुंचाने के लिए निविदा स्वीकृत कर रहे है और जो उनके चहेते ठेकेदार नहीं है उनके अनुबन्ध तक निरस्त करने का कार्य कर रहे हैं। संजय सिंह मनमाने ठंग से प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी तथा एडिशनल प्रर्फोमेंश का निर्धारण कर रहे हैं। जबकि प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी तथा एडिशनल प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी का निर्धारण करने का अधिकार अधीक्षण अभियन्ता को होता है।

खाता न बही जो इंजीनियर संजय सिंह कहे वहीं सही ऐसा कारनामा उत्तराखण्ड पेयजल निगम में चल रहा है। संजय सिंह मनमाने ठंग से प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी तथा एडिशनल प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी का निर्धारण कर रहे हैं। संजय सिंह ने सरकार को चूना लगाते हुए अपने चहेते ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी तथा एडिशनल प्रर्फोमेंश सिक्योरिटी 7.49 करोड़ से घटाकर 2.81 करोड़ कर दी। यह सीधे सीधे तौर पर ठेकेदार को लाभ पहुंचाया गया है वह भी राजधानी देहरादून में हो रहे कार्य में किया गया है। संजय सिंह मनमाने तरीके से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बिना किसी कारण के ठेकेदारों के 29 अनुबंध निरस्त कर दिए थे। अधिशासी अभियन्ता से अधीक्षण अभियन्ता में पदोन्नति होने के उपरान्त भी उन्होंने पीआईयू रूड़की में अपने चहेते ठेकेदार को अधिशासी अभियन्ता बन 50 लाख का भुगतान किया। उनके कारनामों की शिकायतें सीएम पोर्टल पर दर्ज कराई गई है। संजय सिंह इतनी पहुंच रखते है कि सीएम के यहां की गई शिकायतों पर भी कोई जांच नहीं हो रही है। अगर सूत्रों की माने तो पेयजल सचिव अरविंद सिंह हयांकी का उनके पर सीधे तौर पर हाथ है इसलिए उन्हें इतने बड़े-बड़े कारनामें करने के बाद भी अभयदान मिला हुआ है। यहां सवाल यह उठता है कि जब सीएम पोर्टल पर की गई सीधी शिकायतों को संजय सिंह जैसे अधिकारी दबाने में कामयाब हो जाते हैं तो जनता को न्याय कहां से मिलेगा। भ्रष्टाचार और अफरशाही पर कैसे रोक लगेगी।

## भाजपा का वॉल राइटिंग अभियान, एक बार फिर पीएम मोदी : खन्ना

**शिमला,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने कहा कि पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा वॉल राइटिंग का एक विशेष अभियान चल रहा है जिसको युवा मोर्चा पूर्ण रूप से अग्रिम भूमिका में रहते हुए धरातल तक उतरने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और एक बार फिर हम सब मिलकर देश के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का चयन करेंगे। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार प्रधानमंत्री बनाने के पूरे मूड में है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में चलाई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश की जनता का कल्याण किया है। बात करें तो आयुष्मान भारत योजना से लेकर जनधन योजना तक प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक योजना का निर्माण भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।

खन्ना ने कहा की केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश का भी हमेशा ख्याल रखा है हिमाचल प्रदेश को प्रधानमंत्री पोषण स्कीम के तहत केंद्र की ओर से साढ़े 42 करोड़ रुपए का बजट जारी किया गया है। इसमें मंडी को सबसे ज्यादा करीब साढ़े छह करोड़, जबकि सबसे बड़े जिला कांगड़ा को करीब छह करोड़ रुपए आबंटित किए गए हैं। प्रदेश के कुल 12 जिलों को साढ़े 42 करोड़ रुपए का बजट आबंटित किया गया है । जिला ऊना की स्वां नदी पर पंडोगा- त्यूडी के बीच पुल के निर्माण को केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी है।

## लोकसभा चुनाव तैयारियों में जुटी कांग्रेस



**हल्द्वानी,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने नैनीताल लोकसभा के सीट के लिए चुनाव कोऑर्डिनेटर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल को बनाया है। गोविंद सिंह कुंजवाल ने गुरुवार को हल्द्वानी के कांग्रेस स्वराज आश्रम में नैनीताल जिले के जिला अध्यक्ष सहित सभी ब्लॉक अध्यक्षों महानगर अध्यक्ष के साथ-साथ जिले के अन्य पदाधिकारी की बैठक की। इस दौरान पदाधिकारी ने पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए अपनी-अपनी राय लोकसभा समन्वयक के समक्ष रखी।

इस दौरान कई पदाधिकारी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए अपने-अपने सुझाव रखें। लोकसभा चुनाव के समन्वयक गोविंद सिंह कुंजवाल ने बताया आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरी तन्मयता से तैयारी में जुट गई है। चुनाव तक होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी बनाई जा रही है। साथी घर-घर जाकर केंद्र को राज्य सरकार की नाकामियों को उजागर कर आगामी चुनाव में कांग्रेस की जीत का परचम लहराया जाएगा। गोविंद सिंह कुंजवाल ने कहा लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से तैयार है। जिस तरह से लोगों में भारतीय जनता पार्टी के प्रति नाराजगी देखी जा रही है इसे साफ जाहिर है कि इस बार कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव में सभी पांचो सीटों पर अपना परचम लहराएगी। उन्होंने कहा पार्टी मजबूत प्रत्याशी को लोकसभा चुनाव में उतारेगी। बैठक में हल्द्वानी विधायक सुमित हृदेश, कैबिनेट मंत्री हरिश्चंद्र दुर्गापाल भी मौजूद रहे।

**सार संक्षेप**

### युवा व्यापारी की मौत पर रुद्रप्रयाग बाजार रहा बंद

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग में एक युवा व्यापारी की मौत से शोक की लहर है। व्यापारियों ने शोक में गुरुवार को बाजार बंद रखा, जबकि पीड़ित परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। जानकारी के अनुसार रुद्रप्रयाग में रघुवीर सिंह बिष्ट के 27 वर्षीय पुत्र मनीष सिंह की 5 दिन पहले अचानक तबियत खराब हुई। उन्हें जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया। देहरादून में एक अस्पताल में उनका बुधवार को निधन हो गया। गुरुवार को घटना की सूचना मिलते ही रुद्रप्रयाग बाजार पूरी तरह बंद रहा। व्यापारियों ने मृतक व्यापारी के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। सुबह अलकनंदा नदी तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मृतक व्यापारी के पिता रघुवीर सिंह बिष्ट रुद्रप्रयाग में वर्षो से ठेकेदारी का कार्य करते हैं। उनके निधन पर व्यापार संघ, जनप्रतिनिधि, ठेकेदार संघ के साथ ही स्थानीय लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। साथ ही ईश्वर से मृतक आत्मा की शांति की प्रार्थना की। गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत, क्षेत्रीय विधायक भरत सिंह चौधरी, जिपंअ अमरदेई शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, जिपंस नरेन्द्र बिष्ट, व्यापार संघ अध्यक्ष राय सिंह बिष्ट, जिला महामंत्री चन्द्रमोहन सेमवाल, भाजपा नेता विजय कप्रवान सहित विभिन्न लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

### कार खाई में गिरने से दो की मौत

**डोईवाला।** उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में सड़क दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। आये दिन सड़क हादसों में कोई न कोई जान गंवा रहा है। ताजा मामला नरेंद्रनगर क्षेत्र का है। नरेंद्रनगर में बीती रात एक सड़क हादसा हुआ। इस सड़क हादसे में एक कार गहरी काई में जा गिरी। इस सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिनमें से एक व्यक्ति का रात को ही रेस्क्यू कर लिया गया था। एक अन्य का रेस्क्यू आज सुबह किया गया। इस सड़क दुर्घटना में डोईवाला निवासी व्यापारी संजय बजाज की मौत हो गई है। दूसरे व्यक्ति की पहचान नाम सुशील रावत के नाम से हुई है, जो भानियावाला के रहने वाला था। संजय बजाज बीजेपी नेता मंदीप बजाज के भाई थे। मंदीप बजाज ने बताया कल उनके भाई किसी काम से नरेन्द्र नगर आये थे। उनके साथ सुशील रावत भी थे। कल रात नरेन्द्रनगर रोड पर उनका वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल गो गये। दोनों में एक को गंभीर हालत में नरेन्द्र नगर हॉस्पिटल और को हिमालयन हॉस्पिटल भेजा गया। दोनों ही घायलों की मौत हो गई है। डोईवाला के दो लोगों की मौत की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

### सुडोकू 6441 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 6 | 8 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 |
| 5 | 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 4 | 9 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 7 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 4 | 2 | 6 | 3 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 1 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 7 |
| 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 |
| 4 | 3 | 9 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 |

# राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने पर मुख्यमंत्री ने राज्य सहकारी बैंक की सराहना की

### स्वयं सहायता समूह बैंक लिंकेज के लिए मिला पुरस्कार



**शिमला,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। स्वयं सहायता समूह बैंक लिंकेज में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत वर्ष 2022-23 के लिए हिमाचल को यह पुरस्कार हाल ही में नई दिल्ली में प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस उपलब्धि के लिए बैंक प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की है।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से आज यहां हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेन्द्र श्याम ने भेंट कर उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार के रूप में प्राप्त ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र भेंट किया।

मुख्यमंत्री ने बैंक के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बैंक को भारत में सर्वोच्च श्रेणी के पुरस्कार से नवाजा जाना बैंक ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक ने अपनी कार्यशैली से सहकारी क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है।

इस अवसर पर राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेन्द्र श्याम ने मुख्यमंत्री को बैंक की विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाया। बैंक के प्रबंध निदेशक श्रवण मान्टा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# अनाथ बच्चों को अपनाने के लिए आगे आए समाज का सम्पन्न वर्ग : सुक्खू

**शिमला,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री एवं हिमाचल प्रदेश बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार सायं ओक ओवर, शिमला में शिशु गृह टूटी कंडी शिमला में पल रही अनाथ बेटी 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' ज्योति (काल्पनिक नाम) का उसके भावी माता-पिता को दत्तक ग्रहण करवाया। उन्होंने ज्योति के भावी माता-पिता को बधाई दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाज के समृद्ध लोगों से अपील की कि वे शिशु गृह व आश्रमों में पल रहे अनाथ किशोर बच्चों को अपनाने (दत्तक ग्रहण) के लिए आगे आएं ताकि इन बच्चों का सुखद व उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के कमजोर व गरीब वर्गों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश सरकार ने अनाथ व असहाय वर्गों के दर्द को समझा और मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना आरंभ की है। प्रदेश के 4000 अनाथ बच्चों की अब प्रदेश सरकार ही माता, सरकार ही पिता है और इन्हें 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है।

अनाथ बच्चों व बेसहारा वर्गों के लिए कानून के तहत योजना बनाने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बना है। इन्हें अब तक लगभग 18 करोड रुपए के लाभ दिए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष प्रदेश सरकार के इन प्रयासों की दिशा में एक और सार्थक पहल है। इसमें प्रदेशवासियों से बहुमूल्य योगदान मिला है, मंत्रिमंडल के सहयोगियों और विधायकों ने भी अंशदान किया है। अनाथ बच्चों के रहन-सहन, शिक्षा से लेकर उनके भविष्य को सुरक्षित करने में यह कोष सहायक बना है । इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी, निदेशक महिला एवं बाल विकास रूपाली ठाकुर तथा हिमाचल प्रदेश बाल कल्याण परिषद के महासचिव मोहन दत्त शर्मा उपस्थित थे।

### जीतपुर बेहरी में स्थापित होगा इथेनॉल प्लांट

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां जिला ऊना के जीतपुर बेहरी में स्थापित किए जाने वाले इथेनॉल प्लांट के निर्माण कार्य पर हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्लांट का निर्माण हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड तथा प्रदेश सरकार द्वारा 50:50 प्रतिशत हिस्सेदारी में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस हिस्सेदारी में प्रदेश सरकार द्वारा प्लांट निर्माण के लिए दी जा रही भूमि की लागत भी शामिल होगी।

## मसूरी में अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटी कार, पांच घायल, दो हायर सेंटर रेफर

मसूरी, 18 जनवरी (देशबन्धु)। टिहरी बाईपास आईडीएच बिल्डिंग के पास एक कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। जिसमें सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से मसूरी उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां पर दो लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें देहरादून हायर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

गुरुवार सुबह उत्तरकाशी से देहरादून की ओर जा रही कार यूके02टी7954 टिहरी बायपास रोड आइडिया बिल्डिंग के पास अनियंत्रित होकर पहाड़ से टकराई। जिसके बाद कार सड़क पर पलट गई। जिसमें सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मसूरी पुलिस 108 एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंची। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। डॉक्टर यतेन्द्र सिंह सीएमएस उप जिला चिकित्सालय मसूरी ने बताया कार सवार शांति प्रसाद पुत्र स्वर्गीय दयाराम (74), जानकी देवी पत्नी शांति प्रसाद(65) निवासी उत्तरकाशी निवासी उत्तरकाशी, सोनिका देवी पत्नी सुशांत(22) सुशांत पुत्र कृष्ण भट्ट(25) और भारत पुत्र बलराम उपाध्याय(27) निवासी बंजारा वाला पटेल नगर देहरादून घायल हो गए।

उन्होंने बताा पांचो को मसूरी उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें सुशांत और सुशांत की पत्नी की गंभीर चोट आई हैं। जिन्हें देहरादून हायर सेंटर रेफर किया गया है।। मसूरी पुलिस ने बताया घटना की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया सड़क पर पाला पड़ा होने के कारण मोड़ पर कार अचानक से अनियंत्रित हो गई। जिसके बाद कार पलट गई। घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दे दी गई है।

# उद्योग बंधुओं के आवेदनों पर तत्काल करें कार्यवाही : सौरभ

■ डीएम ने ली 'जिला उद्योग मित्र समिति एवं एकल खिड़की सुगमता' की बैठक




**रुद्रप्रयाग,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। उद्योग बंधुओं की समस्याओं के निराकरण एवं उनके द्वारा स्थापित किए जाने वाले औद्योगिक इकाइयों के लिए ऋण उपलब्ध कराए जाने को लेकर जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में जिला कार्यालय एनआईसी सभागार में 'जिला उद्योग मित्र समिति एवं एकल खिड़की सुगमता' की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योग बंधुओं द्वारा अपनी औद्योगिक इकाइयों को स्थापित करने के लिए जो भी आवेदन किए जाते हैं, उन आवेदनों को शीर्ष प्राथमिकता से नियमानुसार बैंक से स्वीकृत कराने की कार्यवाही करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि उद्योग बंधुओं द्वारा संचालित की जा रही औद्योगिक इकाइयों के संचालन में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो तथा उनकी जो भी समस्याएं हैं उनका तत्काल निराकरण किया जाए। ताकि उद्योग बंधुओं को अपने औद्योगिक इकाइयों के संचालन में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। इसके लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समस्याओं का निराकरण तत्परता से करें। उन्होंने महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र से कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों की जो भी समस्याएं हैं, उन समस्याओं का पूर्ण विवरण फोटोग्राफ सहित तैयार कर आगामी बैठक में पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया जाए। ताकि वस्तुस्थिति के बारे में स्थिति स्पष्ट करते हुए संबंधित विभाग द्वारा की जाने वाली कार्यवाही तत्परता से कराई जा सके। बैठक में उद्यमियों इकाइयों के ब्याज उपादान से संबंधित 10 प्रकरण बैंकों से प्राप्त हुए हैं, जिन्हें जिलाधिकारी द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र महेश प्रकाश ने बताया कि एकल खिड़की सुगमता के अंतर्गत माह सितंबर 2023 से वर्तमान तक 12 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन्हें अन्य विभागों से सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान करने के बाद निर्धारित समयावधि के अंतर्गत ऑनलाइन सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोई भी आवेदन पत्र लंबित नहीं हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, अग्रणी बैंक अधिकारी चतर सिंह, कोषाधिकारी चंद्रप्रकाश सती, जिला सेवायोजन अधिकारी कपिल पांडे, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे, एसडीओ विद्युत विभाग राहुल चौहान, सहायक अभियंता जल संस्थान रेवत सिंह रावत, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष सहित उद्यमी मौजूद रहे।

# राजकीय इंटर कालेज उडामाडा को नहीं मिल पाया मुख्य भवन

### वर्षो से जीर्ण-शीर्ण भवन में चल रही कक्षाएं





**चमोली,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर मुख्य भवन के निर्माण की मांग की है। विनगढ की प्रधान लक्ष्मी देवी,पूर्व प्रधान हर्षवर्धन चौहान,कुजासू के पूर्व प्रधान शिवराज राणा, सुदर्शन राणा ,पूर्व प्रमुख नरेंद्र रावत ,हरीश रावत ,हरीश खाली ,टीका प्रसाद खाली ,भागवत रावत क्षेत्र पंचायत सदस्य सुभाष रावत,, सहित तमाम क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि क्षेत्रीय जनता के लम्बे सघर्ष के बाद उडामाडा इंटर कालेज की स्थापना 1975 में जूनियर हाईस्कूल के रुप में हुई। जिससे वे अपने नौनिहालों को यहां से जूनियर हाईस्कूल तक की शिक्षा दिला सके फिर छात्र संख्या में बढ़ोतरी हुई और 1985 में इस विधालय का हाईस्कूल और 2005 में इंटरमीडिएट के रुप में उच्चीकरण हुआ लेकिन आज तक इंटर कालेज उडामाडा का मुख्य भवन नहीं बना, साथ ही वर्षो से प्रधानाचार्य का पद रिक्त चल रहा है। कई बार मुख्य भवन की मांग के लिए शासन प्रशासन , विभागीय उच्चाधिकारियों शिक्षा मंत्री, विधायक को पत्र दिए गए लेकिन आज तक मुख्य भवन नहीं बना। वर्तमान में यहां पर 147। छात्र छात्राएं अध्यनरत हैं। लेकिन मुख्य भवन नहीं होने से 1975 में क्षेत्रीय लोगों द्वारा सर्वदान में बनाये गये पुराने जीर्ण शीर्ण भवन में कक्षाएं चल रही हैं। जो अब पाषाण युग में पहुंच चुका है इस भवन के टिन और लकड़ियां सड चुकी है ।दीवारें ढहने के कगार पर पहुंच चुकी है अन्दर गड्ढे बने हुए हैं। जबकि सरकार डिजिटल शिक्षा की बात कर रही है । हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र छात्राओं के लिए रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान,जीव विज्ञान, भूगोल विषयों के प्रैकटिकल के लिए कोई लैव की ब्यवस्था नहीं है। जबकि सरकार की शिक्षा नीति है कि छात्र छात्राओं को इंस्ट्रूमेंट दिखाकर विषयों के प्रैक्टिकल करवाया जाए लेकिन लैब नहीं होने से छात्र छात्राओं के इन विषयों के प्रैक्टिकल भगवान भरोसे चल रहे हैं। वर्षात के समय थोड़ी भी बारिश होने से इस भवन के अंदर पानी टपकने लगता है ।और ग्रामीणों के सहयोग से इस पुराने जीर्ण शीर्ण भवन में तिरपाल डालकर छात्र छात्राओं की कक्षाएं संचालित करनी पड़ती है । भवन और लैब के अभाव में अभिभावक यहां से अपने बच्चों को अन्य विद्यालयों ,कालेजों मे शिफ्ट करने को मजबूर हैं। लिहाजा छात्र छात्राओं के भविष्य को देखते हुए अभिलम्ब राजकीय इंटर कालेज उडामाडा में मुख्य भवन सहित भुगोल ,रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान,जीव विज्ञान विषयों के लैबों का निर्माण करवाकर प्रधानाचार्य की नियुक्ति की जाय वरना वे क्षेत्रीय जनता के साथ शिक्षा विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

# पूर्णागिरी क्षेत्र के विकास के लिए जल्द तैयार हो योजना: राधा रतूड़ी

### एसीएस ने पूर्णागिरी क्षेत्र के विकास के लिए ली अधिकारियों की बैठक

**देहरादून,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने पूर्णागिरी क्षेत्र के विकास के लिए मास्टर प्लान को तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश के साथ ही शासन स्तर के अधिकारियों एवं जिलाधिकारी चंपावत को मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर इंटिग्रेटेड अप्रोच के साथ काम करते हुए जल्द से जल्द योजनाओं को पूरा करने की हिदायत दी है।

इसके साथ ही राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारी चंपावत को जिले में विशेषरूप से दूरस्थ एवं दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में अपर मुख्य सचिव ने चंपावत विधानसभा क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री की गई घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में शहरी विकास विभाग ने जानकारी दी गई कि चम्पावत के गोरलचोड मैदान को स्टेडियम का स्वरूप देने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने 45 लाख रूपये की वितीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के लिए प्रस्ताव सचिव आवास को भेज दिया गया है। बनबसा में मुक्तिधाम के निर्माण के कार्य को जल्द ही सिंचाई विभाग को स्थानांतरित कर दिया जाएगा। नगर क्षेत्र चम्पावत में सीवर लाईन के सम्बन्ध में यूयूएसडीए डीपीआर पर कार्य कर रही है।

चम्पावत में पंचमुखी गौशाला धाम के सम्बन्ध में शासन ने स्थल चयन समिति से आख्या मांगी है। टनकपुर में कम्युनिटी हॉल के निर्माण के सम्बन्ध में कार्यवाही गतिमान है। पर्यटन विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि चम्पावत में एडवेंचर पार्क के निर्माण, हैरिटेज स्ट्रीट के निर्माण, पूर्णागिरी क्षेत्र को ईको टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने, गौरलचौड मैदान के समीप ओपन एयर थियेटर के निर्माण तथा गोल्ज्यू मंदिर के समीप पर्यटन अवस्थापनाओं के विकास के सम्बन्ध में कार्यवाही गतिमान है।

# प्रादेशिकी

## 22 को नहीं खुलेगी मीट और शराब की दुकानेः डीएम

**मेरठ।** श्रीराम की अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर जिले में शराब और मीट सहित मादक पदार्थों की दुकान बंद रहने के निर्देश जारी किये गये है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने पशुधन एवं दुग्ध विकास, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फएवं हज, राजनैतिक पेंशन, तथा नागरिक सुरक्षा विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह से हुई वार्ता के क्रम में बताया कि शासन स्तर से प्राप्त आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित सभी अधिकारियो को आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है।

## गन्ना मूल्य में 20 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि, सेमी कंडक्टर नीति को मंजूरी

### योगी कैबिनेट की बैठक में 8 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लगी मुहर

**लखनऊ,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को लोक भवन में मंत्री परिषद् की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान 8 अहम प्रस्तावों पर योगी कैबिनेट ने अपनी मुहर लगा दी है। इसमें बहुप्रतीक्षित सेमी कंडक्टर नीति 2024 के साथ ही गन्ना किसानों को बड़ी सौगात देते हुए गन्ना मूल्य में वृद्धि के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। इसके अलावा प्रदेश में तीन नये निजी विश्वविद्यालयों को भी मंजूरी दी गई है। साथ ही साथ गोरखपुर के मुंडेरा बाजार नगर पंचायत के नाम को बदलकर चौरी चौरा करने के प्रस्ताव पर भी योगी कैबिनेट की मुहर लग गई है। लोक भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी मीडिया को दी।



कैबिनेट बैठक में हुए निर्णयों की जानकारी देते हुए चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने बताया कि पेराई सत्र 2023-24 के लिए प्रदेश के समस्त चीनी मिलों (सहकारी क्षेत्र, निगम एवं निजी क्षेत्र) के द्वारा क्रय किये जाने वाले गन्ना का राज्य परामर्शित मूल्य (एसएपी) का निर्धारण किया गया है। इसमें गन्ने की अगेती प्रजातियों के लिए निर्धारित मूल्य 350 रुपए प्रति क्विंटल को बढ़ाकर 370 रुपए, सामान्य प्रजाति के लिए 340 रुपए प्रति क्विंटल को बढ़ाकर 360 रुपए और अनुपयुक्त प्रजाति के लिए गन्ना मूल्य 335 रुपए प्रति क्विंटल को बढ़ाकर 355 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है। योगी कैबिनेट की बैठक में प्रदेश में तीन नये निजी विश्वविद्यालयों को भी मंजूरी दी गई है।

#### प्रदेश में तीन नए निजी विश्वविद्यालयों का रास्ता साफ

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि निजी क्षेत्र के अंतर्गत जे एस एस विश्वविद्यालय की स्थापना नोएडा में, सरोज विश्वविद्यालय की स्थापना लखनऊ में और शारदा विश्वविद्यालय की स्थापना आगरा में किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि योगी सरकार में उच्च शिक्षा की क्वालिटी में काफी सुधार हुआ है। आज प्रदेश में पांच सरकारी और पांच निजी विश्वविद्यालय ए डबल प्लस की रैंकिंग के हैं। इसके अलावा ए प्लस रैंकिंग के तीन विश्वविद्यालय हैं। वहीं बड़ी संख्या में ए रैंकिंग विश्वविद्यालय प्रदेश में हैं। जबकि योगी सरकार से पहले प्रदेश में मात्र तीन बी प्लस रैंकिंग के ही विश्वविद्यालय मौजूद थे। प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने में निजी विश्वविद्यालयों की अहम भूमिका साबित होगी। साथ ही साथ शिक्षा की क्वालिटी में भी सुधार होगा।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में योगी कैबिनेट ने बहु प्रतीक्षित सेमी कंडक्टर नीति 2024 को मंजूरी प्रदान की है। भारत में ये उद्योग अभी शैशव अवस्था में है। अबतक केवल गुजरात, ओडिशा और तमिलनाडु ने इसे लेकर नीति बनाई थी। यूपी चौथा राज्य है, जहां सेमी कंडक्टर नीति 2024 बनाई है, जिसे विशेषज्ञों ने सर्वोत्तम नीति बताया है। इससे बड़े पैमाने पर निवेश प्रदेश में आएगा। यूपी सेमी कंडक्टर निर्माण सेक्टर में लीडर बने इसके लिए इस नीति को लाया गया है। कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि सेमी कंडक्टर निर्माण इकाई लगाने वाले उद्योग समूहों को भारत सरकार की ओर से 80 हजार करोड़ रुपए का फंड दिये जाने की व्यवस्था है। यूपी सरकार इसमें 75 प्रतिशत की भागीदारी करेगी। पॉलिसी में उद्योगों को वित्तीय प्रोत्साहन देने की भी व्यवस्था है। इसमें लैंड सब्सिडी के रूप में 200 एकड़ तक 75 फीसदी की सब्सिडी मिलेगी। अबतक 13 कंपनियों ने प्रदेश में सेमी कंडक्टर निर्माण इकाई लगाने के लिए अपनी इच्छा जाहिर की है।

## प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों से किया वर्चुअल संवाद



**मवाना,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद् मवाना द्वारा आरओ वाटर के ऊपर बने मीटिंग हॉल मे प्रोजेक्टर स्क्रीन लगाकर उक्त वर्चुअल संवाद कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल संवाद कर पीएमएवाई एवं पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों से सरकार द्वारा दिये गये आर्थिक लाभों की जानकारी ली। इस दौरान पीएम ने पदाधिकारियों से विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने का आवाह्न किया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक के साथ अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार, भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कौशिक, सभासद विनित कुमार, सलीम, सभासद पति जोनी जाटव, रियाजुद्दीन पालिका के विरिष्ठ लिपिक लाखन सिंह, लिपिक उमेश, वरूण रस्तोगी, सन्दीप कुमार, दीपक, प्रवीन, सतपाल आदि सभी पालिकाकर्मी सहित लगभग भारी संख्या में जनसामान्य उपस्थित रहा।

**पार्टी पदाधिकारियों से वर्चुअल संवाद कर विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने का किया आवाह्न**

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने आरक्षी के आश्रित पिता को दी बीमे की राशि

- **एसपी ग्रामीण के माध्यम से 75 लाख रूपए की धनराशि का चैक सौंपा**
- **पुलिस वेतन खाते से दी गई दुर्घटना बीमे की रकम**

**मेरठ,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा एसएसपी कार्यालय में पल्लवपुरम थाने में कार्यरत स्वर्गीय अलीगढ़ निवासी धर्मेंद्र कुमार, आरक्षी के आश्रित पिता राम बृजेश सिंह को बड़ौदा पुलिस वेतन खाता के अंतर्गत दुर्घटना बीमा की राशि 75 लाख रूपए की धनराशि का चैक सौंपा। इस दौरान श्रद्धांजली सभा में आरक्षी के कार्यशैली पर रोशनी डाली गयी और परिवार को संतावना दी गयी। एसपी ग्रामीण कमलेश बहादुर सिंह, राकेश कुमार, उप महाप्रबंधक-नेटवर्क, बरेली अंचल, हरीश कुमार अरोड़ा, क्षेत्रीय प्रमुख, मेरठ क्षेत्र के द्वारा पुलिस कर्मियों के समक्ष बड़ौदा पुलिस वेतन खाते के लाभ एवं त्वरित दावा प्रक्रिया के विषय में जानकारी प्रदान की गई। बताया कि 03 सितंबर, 2023 को धर्मेंद्र कुमार का निधन मोदीपुरम फ्लाईओवर के पास सड़क दुर्घटना में हो गया था।




## सुभारती परिसर में निकाली गई पूजित अक्षत कलश-यात्रा

**मेरठ,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए पूजित अक्षत कलश-यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। सुभारती सनातन मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस पूजित अक्षत कलश यात्रा में समिति की



अध्यक्ष डॉ. अंजलि खरे एवं सचिव डॉ.वैभव गोयल भारतीय के संयोजन में सुभारती परिसर में निकाली गई। मंदिर के पंडित शक्लानंद ने विधिवत पूजा-अर्चना कराई। कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने पूजित अक्षत कलश-यात्रा का शुभारंभ किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम पूरी मानवता के लिये प्रेरणा स्त्रोत है। सुभारती विश्वविद्यालय उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए अपने विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के गुण रोपित कर रहा है। सुभारती सनातन मंदिर समिति की अध्यक्ष डॉ. अंजलि खरे ने बताया कि पूजित अक्षत कलश यात्रा में सभी संकाय व विभाग से शिक्षण व गैर शिक्षण वर्ग की महिलाएं हर्षोल्लास के साथ शामिल हुई। कलश-यात्रा सुभारती सनातन मंदिर से प्रारम्भ होकर सुभारती परिसर के विभिन्न मार्ग से निकलती हुई पुनः मंदिर में ही समाप्त हुई। इसके उपरान्त सभी को प्रसाद वितरण किया गया। पूजित अक्षत कलश यात्रा में विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज समेत प्रतिकुलपति डॉ.अभय शंकरगौड़ा, कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम याकूब, सुभारती सनातन मंदिर की अध्यक्ष डॉ.अंजलि खरे, सुभारती सनातन मंदिर समिति के सचिव डॉ. वैभव गोयल भारतीय, बीना अस्थाना, विभा सिंह, डॉ. अनुराधा दवे, डॉ. प्रियंका राघव, डॉ. शिल्पी जैन, डॉ. भावना पंत, डॉ. सारिका त्यागी, डॉ. रीना विश्नोई, डॉ. राखी झा, डॉ. सारिका अभय, डॉ.सोनल भारद्वाज, डॉ.वर्षा चौधरी, डॉ. कायनात नासेर, डॉ.हिना कौसर, प्रीति सिंह, शैली शर्मा, सपना रावत सहित सभी संकाय व विभाग से महिला फैकल्टी व गैर शिक्षण वर्ग की महिला कर्मचारी शामिल रहीं। इस अवसर डॉ. सत्यम खरे, डॉ. प्रदीप राघव, डॉ. सरताज अहमद, डॉ.शशिराज तेवतिया, दीपक कुमार सहित प्राण प्रतिष्ठा आयोजन समिति का सहयोग रहा।



■ उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और उनकी पत्नी पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला, नंदी ने अपनी संस्था की ओर से सवा करोड़ रुपए का चंदा राम मंदिर को भेंट किया था।

## हर दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग के लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं : कश्यप

- **जनपद स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से दिव्यांगजनों को कृत्रिम एवं सहायक उपकरण देने का कार्य करें**
- **दिव्यांगजनों की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए**

**लखनऊ,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग में संचालित शादी अनुदान योजना में अधिक से अधिक लोगो को लाभ लेने हेतु प्रेरित किया जाय। पिछड़े वर्ग विभाग में संचालित छात्रवासों के मरम्मत का कार्य हेतु कार्ययोजना बनाकर तीव्र गति से मरम्मत कार्य पूर्ण किये जाय। जनपदस्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से दिव्यांगजनो को कृत्रिम एवं सहायक उपकरण देने का कार्य करे। उक्त निर्देश प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने अधिकारियों को दिये। मंत्री नरेन्द्र कश्यप गुरुवार को अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनो एवं पिछड़ा वर्ग के लोगो के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है और उनके हितों का ध्यान देते हुए विभिन्न योजनाओं को संचालित कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर प्रत्येक दिव्यांगजनो एवं पिछड़ा वर्ग के लोगो तक पहुंचाने का कार्य किया जाय। योजनाओं हेतु धनराशि की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनो एवं पिछड़ा वर्ग के लोगो के लिए नई योजनाओं का प्रस्ताव तैयार किया जाय तथा योजनाओं के लिए बजट की आवश्यकता होने पर तत्काल उसकी मांग की जाय। दिव्यांगजनो की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाय।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि पिछड़े वर्ग के छात्र व छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति निर्धारित समयसीमा में प्रदान किया जाय। पिछडे वर्ग के युवाओं के लिए संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण में शत प्रतिशत बायोमैट्रिक उपस्थिति ली जाय। डॉ. शकुंतला मिश्रा पुर्नवास विश्विद्यालय लखनऊ एवं जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के लिए दी जा रही सुविधाओं की जानकारी अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई जाए।

## हड़ताल पर रहे बार एसोसिएशन मवाना के अधिवक्ता



**एसडीएम को सौंपा पीएम को संबोधित ज्ञापन**

मवाना, 18 जनवरी (देशबन्धु)। हाईकोर्ट बैंच केन्द्रीय संघर्ष समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बार एसोसियेशन मवाना मेरठ के सभी अधिवक्ता गुरुवार को पूर्ण रूप से हड़ताल पर रहे। बार एसोसियेशन मवाना की अध्यक्षता अध्यक्ष बल्लभ एडवोकेट ने की तथा संचालन सचिव महमपाल सिंह एडवोकेट ने किया। तहसील मवाना के समस्त अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहकर हड़ताल पर रहे। उन्होंने तहसीलदार मवाना को प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन दिया जिसमें केन्द्रीय संघर्ष समिति हाई कोर्ट बैंच स्थापना के आह्वान पर पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बैंच की ब्रांच स्थापित करने हेतु तत्काल आदेश पारित करने, अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम तत्काल प्रभाव में लागू करने, अधिवक्ताओं को राजस्थान सरकार की भांति पेंशन योजना लागू करने और कोरोना समय अवधि में अधिवक्ताओं की मृत्यु उपरान्त मृतक आश्रित परिवार को पांच लाख की आर्थिक सहायता धनराशि तत्काल दिलायी जाने और वकीलों का टोल-टैक्स फ्री करने की मांग उठाई।

## सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का जलशक्ति मंत्री ने किया शिलान्यास



**22 करोड लीटर पानी प्रतिदिन शुद्ध करने में सक्षम होगा 220 एमएलडी का प्लांट और सीवरेज नेटवर्क**

**मेरठ,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा कमालपुर जागृति विहार में एसटीपी (220 एमएलडी) एवं सीवरेजन नेटवर्क का शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया गया। शिलान्यास के दौरान गजेन्द्र सिंह ने कहा कि यह संयत्र शुरू होने के बाद इससे 22 करोड लीटर पानी प्रतिदिन साफ किया जा सकेगा जिससे पानी की समस्या का समाधान करने में बड़ी सफलता मिलेगी संयंत्र के बनने पर मेरठ को इससे लाभ प्राप्त होगा। उन्होने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ऐसी परियोजनाओ को पूर्ण करने के साथ-साथ बडी संख्या में परियोजनाओ को लाया गया तथा वृहद स्तर पर निर्माण कार्य चल रहा है। परियोजना समय से पूर्ण कराते हुये संचालन सुनिश्चित किया जायेगा।

इस अवसर पर राज्यमंत्री जलशक्ति विभाग दिनेश खटीक, सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, महापौर हरिकांत आहलुवालिया, जिलाधिकारी दीपक मीणा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आईआईएमटी कॉलेज में हुआ अधिकारी और लाभार्थी का विशेष संवाद



**मेरठ,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। आईआईएमटी कालेज में अधिकारियों और लाभार्थियों का विशेष संवाद हुआ। लाभार्थियों ने इस दौरान सरकार की योजनाओं को लेकर अपने विचार अधिकारियों के समक्ष व्यक्त किए। अधिकारियों ने लाभार्थियों को आम जनता को सरकार की अनेकों योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, सीएमओ डॉक्टर अखिलेश मोहन की उपस्थिति में यह संवाद आयोजित हुआ। अधिकारियों ने तमाम सरकारी योजनाओं के बारे में लाभार्थियों को विस्तार से बताते हुए कहा कि किसी भी योजना का लाभ पाने के लिए बेहद ही सरल तरीका उपलब्ध है और जागरूकता सभी में आए इसके लिए भी प्रयास किया जा रहा है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वह सरकार की योजनाओं के बारे में जानें। आयुष्मान योजना, हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। युवाओं से भी अधिकारियों का सीधा संवाद हुआ रोजगार सृजन को लेकर सरकार की योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

## कार्यस्थल पर उत्पीड़न के प्रति महिलाओं को किया जागरूक



**जिला कारागार में किया गया कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न विषय पर विधिक साक्षरता एंव जागरूता कार्यक्रम आयोजित**

मेरठ, 18 जनवरी (देशबन्धु)। कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न विषय पर विधिक साक्षरता एंव जागरूता कार्यक्रम का आयोजन जिला कारागार, मेरठ में किया गया। उक्त विधिक साक्षरता शिविर में उपस्थित महिला बन्दियों एंव महिला कर्मचारियों को हरीराम, अपर जिला न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ, अलका सिहं, डिप्टी जेलर एवं चन्द्रिका कौशिक तथा अम्बर साहरण, असिस्टेण्ट लीगल एड़ डिफेन्स काउंसिल मेरठ द्वारा सम्बोधित किया गया। वक्ताओं द्वारा उपर्युक्त विषय पर कानूनी रूप से जानकारी दी गयी तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा जारी एक्शन प्लान 2022-2023 के अनुपालन में महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षित बनाने की दिशा में कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

**योजना** *अयोध्याधाम के प्रमुख मार्गों पर 200 इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी*

## नगर विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही इलेक्ट्रिक बसें

**लखनऊ, 18 जनवरी (देशबन्धु)। 22 जनवरी को अयोध्याधाम में श्रीरामजन्मभूमि परिसर में निर्मित पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में व इसके बाद भी आने वाले श्रद्धालुओं, यात्रियों एवं पर्यटकों तथा स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए तथा उन्हें आरामदायक एवं सुलभ परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार 6 रूटों पर 200 इलेक्ट्रिक बसों को संचालित किया जाएगा। हाल ही में मुख्यमंत्री ने अयोध्यावासियों के लिए 50 ई-बसों और 25 ई-आटो की सौगात दी थी।**

ई-बसों के संचालन से अयोध्यावासियों और पर्यटकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में इन बसों में यात्री सफर भी कर रहे हैं। योगी सरकार के इस निर्णय से अयोध्या आने वाले यात्रियों और श्रद्धालुओं को काफी राहत मिलेगी। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि 14 जनवरी को मुख्यमंत्री जी द्वारा एयरपोर्ट से अयोध्या धाम के लिए भी ई-बस सेवा का शुभारम्भ किया गया। आगामी 20 जनवरी तक नगर विकास विभाग द्वारा 200 इलेक्ट्रिक बसों को संचालित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 4 ई-बसें (7 मीटर) का एयरपोर्ट के यात्रियों की सुविधा के लिए महर्षि वाल्मीकि अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से श्रीराम जन्मभूमि तक वाया लता मंगेशकर चौक मार्ग पर संचालन कराया जाएगा। जिन छः रूटों पर इन बसों का संचालन किया जाना है उसमें

### श्रद्धालुओं, यात्रियों एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए अलग-अलग 5 कलर कोड में चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें

23 किलोमीटर लम्बे कटरा रेलवे स्टेशन से सहादतगंज, रामपथ पर लाल कलर कोड की 40 बसें चलेंगी, जिससे गोरखपुर एवं गोण्डा व इससे जुड़े मार्गों से आने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। सलारपुर से अयोध्याधाम बस स्टेशन तक 22 किमी लम्बे मार्ग पर पीले कलर कोड की 40 बसें, इससे लखनऊ मार्ग से आने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। अयोध्याधाम बस स्टेशन से भरतकुंड तक 41 किमी लम्बे मार्ग पर नारंगी कलर कोड की 40 बसों से प्रयागराज एवं सुल्तानपुर व इससे जुड़े मार्गों से आने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। अयोध्याधाम बस स्टेशन से बारून बाजार तक 33 किमी लम्बे मार्ग पर बैगनी कलर कोड की 40 बसों से बांदा एवं झांसी व इससे सम्बद्ध मार्ग के यात्रियों को सुविधा मिलेगी। अयोध्याधाम बस स्टेशन से पूरा बाजार तक 33 किमी लम्बे मार्ग पर हरे कलर कोड की 40 बसें चलायी जायेंगी, इससे वाराणसी एवं अकबरपुर व इससे सम्बद्ध मार्ग से अयोध्याधाम आने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त महर्षि वाल्मीकि अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से श्रीराम जन्मभूमि तक वाया लता मंगेशकर चौक से 17 किमी लम्बे मार्ग पर 04 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। इससे एयरपोर्ट से आने वाली यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

ए के शर्मा ने कहा कि वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें व ई-ऑटो श्रद्धालुओं, यात्रियों एवं दर्शनार्थियों के लिए काफी सुलभ, सुरक्षित एवं लोकप्रिय पब्लिक ट्रॉन्सपोर्ट के रूप में जानी जाएंगी। इससे लोगों को वायु एवं ध्वनि प्रदूषण से भी मुक्ति मिलेगी। यह परिवहन सेवा दिव्यांग, वृद्धजनों एवं महिलाओं के लिए काफी सुरक्षित है। इन बसों में यात्रियों की सुरक्षा (विशेष रूप से महिलाओं) के लिए 5 सीसीटीवी एवं 10 पैनिक बटन की भी व्यवस्था की गई है तथा सेफ सिटी परियोजना के अन्तर्गत पुलिस हेल्पलाइन डायल यूपी-112 से भी जोड़ा गया है। इन बसों की रियल टाइम लोकेशन प्राप्त करने के लिए इन्हें व्हीकल ट्रैकिंग डिवाइस से भी सुसज्जित किया गया है। चलो ऐप के माध्यम से भी इन बसों की ट्रैकिंग की जा सकेगी।

## 23 को होगा सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह

**मेरठ,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा 23 जनवरी को कैलाश प्रकाश स्पोर्टस स्टेडियम में मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने विस्तार से बताते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति आमजनमानस में जागरूकता लाये जाने हेतु शासन के निर्देशानुसार नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर पूर्वान्ह 11.00 बजे मानव श्रृंखला एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन वृहद स्तर पर किया जायेगा। उन्होने अपर जिलाधिकारी नगर एवं परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाये जाने हेतु समस्त विभागों की जिम्मेदारी को सुनिश्चित करते हुये कार्यवाही की जाये तथा जनपद की एनजीओ, स्काउट गाइड, स्कूली बच्चे, सिविल डिफेन्स तथा अन्य सामाजिक संस्थाओ की भागादारी सुनिश्चित की जाये तथा अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

उन्होने समस्त संबंधित को निर्देशित किया कि आवागमन हेतु परिवहन की व्यवस्था स्टेडियम में साफ-सफाई, ड्रोन, एलईडी स्क्रीन एवं अन्य ग्राउंड फैसिलिटी को उपलब्ध कराये जाने हेतु पूर्व में ही तैयारी सुनिश्चित कर ली जाये। उन्होने कहा कि स्कूली बच्चे एवं संस्थाओ को अच्छी परफॉरमेन्स के लिए पुरूस्कृत किये जाने हेतु आवश्यक तैयारी कर ली जाये। यह कार्यक्रम शासन की प्राथमिकता के अंतर्गत किया जाना है किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



**नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम में मानव श्रृंखला बनाकर यातायात सुरक्षा के प्रति किया जाएगा जागरूक**

देशबन्धु नई दिल्ली, शुक्रवार, 19 जनवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

दुनिया रंग-बिरंगी

## बेल्जियम में 14वें टुर्नाई रैमडैम महोत्सव में दिखायी जाएगी फिल्म 'स्टोलन'

**मुंबई।** गौरव ढींगरा द्वारा निर्मित और करण तेजपाल द्वारा निर्देशित फिल्म 'स्टोलन' बेल्जियम में 14वें टुर्नाई रैमडैम महोत्सव में दिखायी जाएगी। जंगल बुक स्टूडियो के संस्थापक गौरव ढींगरा द्वारा निर्मित और करण तेजपाल द्वारा निर्देशित 'स्टोलन' बेल्जियम में द टुर्नाई रामडैम फेस्टिवल के प्रतिष्ठित 14वें संस्करण में दिखायी जाएगी। इसकी स्क्रीनिंग 17, 20 और 22 जनवरी, 24 को निर्धारित है। इस फिल्म में अभिषेक बनर्जी की मुख्य भूमिका है। अभिषेक बनर्जी ने कहा, द टुर्नाई रामडैम फेस्टिवल में हमारी फिल्म का प्रीमियर होना हमारे लिए सम्मान की बात है। मैं वास्तव में उत्साहित हूं और वहां मौजूद विभिन्न पृष्ठभूमि के फिल्म प्रेमियों और दर्शकों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं।



## 'ब्लडी इश्क' के लिए विक्रम भट्ट के साथ काम कर रही हैं अविका गौर

**मुंबई,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। 'बालिका वधू', '1920-हॉरर्स ऑफ द हार्ट' में अपने काम के लिए मशहूर अभिनेत्री अविका गौर जल्द ही महेश भट्ट द्वारा लिखित और विक्रम भट्ट द्वारा निर्देशित फिल्म 'ब्लडी इश्क' में नजर आएंगी। यह फिल्म '1920-हॉरर्स ऑफ द हार्ट' के बाद भट्ट परिवार के साथ उनका दूसरा सहयोग है। एक्ट्रेस ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है।

उसी के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि मैं भट्ट के साथ अपने दूसरे प्रोजेक्ट को लेकर रोमांचित हूं। महेश जी लेखन का काम संभाल रहे हैं, और विक्रम जी इस बार निर्देशन कर रहे हैं। कृष्णा भट्ट के साथ '1920' पर हमारे पिछले सहयोग के बाद विक्रम भट्ट के साथ काम करना और भी रोमांचक है। मैं फिल्म निर्माण में उनके व्यापक अनुभव से सीखने के लिए उत्सुक हूं। ऐसे अनुभवी पेशेवरों के साथ जुड़ना एक बकेट लिस्ट के सपने को पूरा करता है। उन्होंने आगे कहा कि कहानी और पूरी फिल्म की निर्माण प्रक्रिया अविश्वसनीय रूप से दिलचस्प है। हालांकि मैं अभी अपने किरदार के बारे में ज्यादा खुलासा नहीं कर सकती, लेकिन कुल मिलाकर अनुभव अद्भुत रहा है। मुझे ऐसा लगता है कि मैं इसका हिस्सा हूं। मैं उन लोगों के साथ काम करने के लिए भाग्यशाली हूं जिनकी मैं वास्तव में दिन-रात प्रशंसा करती हूं। इस बीच, अभिनेत्री के पास पाइपलाइन में अन्य हिंदी और तेलुगु परियोजनाएं भी हैं।

# गठिया से पीड़ित महिलाओं के रक्तचाप में सुधार कर सकती है सैर

- हृदय रोग से मृत्यु का जोखिम सामान्य आबादी की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक
- दर्द, सूजन और प्रगतिशील शारीरिक अक्षमता का कारण

**साओ पाउलो,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। एक शोध से यह बात सामने आई है कि सिर्फ 30 मिनट की सामान्य सैर गठिया से पीड़ित महिलाओं को आराम देने के साथ उनके रक्तचाप को अस्थायी रूप से कम कर देती है। इससे उनके तनाव में भी कमी आती है। रूमेटाइड अर्थराइटिस एक ऑटोइम्यून सूजन की बीमारी है जो सिनोवियल जोड़ों को प्रभावित करती है और दर्द, सूजन और प्रगतिशील शारीरिक अक्षमता का कारण बनती है।

रुमेटाइड गठिया से पीड़ित लोगों में भी उच्च रक्तचाप होता है और पिछले शोध से पता चला है कि हृदय रोग से मृत्यु का जोखिम सामान्य आबादी की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है। मानसिक तनाव, शारीरिक प्रयास और दर्द के जवाब में रुमेटाइड गठिया के रोगियों को रक्तचाप बढ़ने के लिए भी जाना जाता है, जो रोग की हृदय संबंधी जटिलताओं के उच्च जोखिम में योगदान देता है।

ब्राजील में साओ पाउलो विश्वविद्यालय (यूएसपी) मेडिकल स्कूल (एफएम-यूएसपी) के शोधकर्ता टियागो पेकान्हा ने कहा कि अध्ययन से पता चलता है कि व्यायाम ने रुमेटाइड गठिया से पीड़ित महिलाओं में रक्तचाप में वृद्धि को रोक दिया। 24 घंटे के निगरानी परीक्षण में, टीम ने दिखाया कि व्यायाम से सिस्टोलिक दबाव औसतन 5 मिमीएचजी कम हो गया। पेकान्हा ने कहा कि कमी की यह मात्रा स्ट्रोक से मृत्यु के 14 प्रतिशत कम जोखिम, कोरोनरी धमनी रोग से मृत्यु के 9 प्रतिशत कम जोखिम और उच्च रक्तचाप वाले लोगों के लिए सभी कारणों से मृत्यु के 7 प्रतिशत कम जोखिम के साथ संबंधित है।

जर्नल ऑफ ह्यूमन हाइपरटेंशन में प्रकाशित अध्ययन में टीम ने 20 से 65 वर्ष की आयु की 20 महिला वालंटियर्स का विश्लेषण किया और रूमेटाइड अर्थराइटिस और उच्च रक्तचाप का पता लगाया। महिलाओं की सबसे पहले रक्तचाप और हृदय गति को मापा गया।

दूसरे सत्र में एक स्वतंत्र रूप से चयनित समूह 30 मिनट तक ट्रेडमिल पर मध्यम गति से चला, जबकि, एक नियंत्रण समूह बिना कोई व्यायाम किए 30 मिनट तक ट्रेडमिल पर खड़ा रहा। सत्र से पहले और बाद में दोनों समूहों का रक्तचाप मापा गया। व्यायाम या आराम के बाद, उन्होंने तनाव से जुड़े परीक्षण किए जो उनके रक्तचाप को प्रभावित कर सकते थे। ट्रेडमिल सत्र से पहले और तुरंत बाद सभी 20 महिलाओं में सिस्टोलिक रक्तचाप स्थिर रहा, लेकिन आराम करते समय किए गए माप में यह अधिक था।



पेकान्हा ने कहा कि सिर्फ एक एरोबिक व्यायाम सत्र का अस्थायी प्रभाव बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि लगातार कई दिनों तक रक्तचाप में तीव्र कमी आने की उम्मीद है और समय के साथ इसमें निरंतर कमी आने की संभावना है, जिससे रूमेटाइड अर्थराइटिस में उच्च रक्तचाप के बेहतर नियंत्रण में योगदान मिलेगा। 30 मिनट की सैर के दिन, सिस्टोलिक दबाव औसतन एक एमएमएचजी कम हो गया। जिस दिन वे आराम पर रहे, उस दिन यह 4 एमएमएचजी बढ़ गया। पेकान्हा ने कहा कि निष्कर्षों को अन्य ऑटोइम्यून सूजन संबंधी बीमारियों, जैसे ल्यूपस, सोरियाटिक गठिया, सूजन संबंधी मायोपिया और किशोर ल्यूपस पर भी लागू किया जा सकता है।



## वाघा बॉर्डर पर प्रशंसकों से मिले प्यार से बेहद खुश हैं अभिनेता वरुण तेज

**मुंबई,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे अभिनेता वरुण तेज ने बताया कि वह वाघा बॉर्डर पर फिल्म का एक गाना लॉन्च करते समय प्रशंसकों के गर्मजोशी भरे स्वागत से अभिभूत थे। वह शादी के बाद अपना पहला जन्मदिन लावण्या और अपने परिवार के साथ मनाने की योजना बना रहे हैं, अभिनेता प्रशंसकों से मिले प्यार से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि मैं उस भावना को शब्दों में बयां नहीं कर सकता, न ही मैं भूल सकता हूं कि जब मैं मंच पर था तो प्रशंसकों ने मुझे कितना उत्साहित किया। इससे मुझे बहुत आभारी और प्रोत्साहित महसूस हुआ। यह एक अभिनेता के लिए सबसे अच्छी मान्यता है, और मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। वरुण थ्रिलर 'ऑपरेशन वेलेंटाइन' में मानुषी छिल्लर के साथ नजर आएंगे, फिल्म 16 फरवरी को रिलीज होगी। इसके अलावा, वरुण के पास 'मटका' भी है।

## खुशी दुबे 'आंख मिचौली' में अपने किरदार से किरण बेदी, अभिनव बिंद्रा को देंगी ट्रिब्यूट



**मुंबई,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। शो 'आंख मिचौली' में आईपीएस अधिकारी बनने की इच्छा रखने वाली रुक्मिणी की भूमिका में अभिनेत्री खुशी दुबे नजर आएंगी। अभिनेत्री ने कहा कि मेरा यह किरदार डॉ. किरण बेदी और अभिनव बिंद्रा जैसे बहादुर अधिकारियों को ट्रिब्यूट होगा। भूमिका के लिए तैयार होने में खुशी को एक साहसिक अनुभव हुआ। उन्होंने एक शूटिंग रेंज का दौरा किया, और यह अपनी भूमिका को बेहतर बनाने के लिए अभिनेत्री के समर्पण का एक प्रमाण है।

'आशिकाना' फेम अभिनेत्री ने कहा कि शूटिंग रेंज गतिविधि मेरे लिए बहुत नई थी। यह कुछ ऐसा है जो मैंने पहले कभी नहीं किया है। शूटिंग रेंज के प्रशिक्षक ने निशाना लगाने, गोली चलाने और पिस्तौल की तकनीकी बारीकियों के बारे में बताया। मैं आश्चर्यचकित थी कि मैंने एक सांड की आंख पर प्रहार किया था।

खुशी ने आगे कहा कि डॉ. किरण बेदी और अभिनव बिंद्रा मेरी प्रेरणा हैं, जिन्होंने अपने पेशे में महारत हासिल की है। शो आंख मिचौली में मैं इन सभी बहादुर अधिकारियों को ट्रिब्यूट दूंगी। किरण बेदी भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी रैंक में शामिल होने वाली भारत की पहली महिला हैं। अभिनव बिंद्रा एक भारतीय ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और एक रिटायर्ड स्पोर्ट शूटर हैं। अंडरकवर पुलिस कहानी में खुशी और नवनीत मलिक मुख्य भूमिका में हैं।

शशि सुमीत प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित शो 22 जनवरी से स्टार प्लस पर प्रसारित होगा।

## वैलेंटाईन डे के लिए विशेष प्लेटिनम ज्वेलरी

**नई दिल्ली,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। वैलेंटाईन डे पर उपहार देने के लिए विशेष प्लेटिनम ज्वेलरी बनाये गये हैं। प्लेटिनम ज्वेलरी प्यार और चिंतनशीलता का प्रतिनिधित्व करती है। चाहे वैलेंटाईन डे के अवसर पर अपने प्रेमपूर्ण संबंध की खुशी मनाना हो, या फिर अपने प्रेमी या प्रेमिका के प्रति प्यार का इजहार करना हो, हर अवसर के लिए प्लेटिनम ज्वेलरी आकर्षक रहती है।

प्लेटिनम गिल्ड इंटनेशनल (पीजीआई) की बिज़नेस निदेशक पल्लवी शर्मा ने यहां जारी बयान में कहा कि दंपत्तियों के लिए तैयार कॉम्प्लिमेंटरी लव बैंड्स से लेकर महिलाओं के बारीक डिज़ाईन के पेंडंट तक, हमने अपने डिज़ाईन पार्टनर्स के साथ मिलकर विस्तृत डिज़ाईन पैटर्न तैयार किए हैं, जो पीजीआई के अधिकृत रिटेल पार्टनरों के पास उपलब्ध हैं। ग्राहक वैलेंटाईन डे के विशेष अवसर के लिए ये डिज़ाईन उनसे खरीद सकते हैं। प्लेटिनम डेज़ ऑफ लव कलेक्शन के लिए इन डिज़ाईंस का नैरेटिव स्लीक, आधुनिक और बहुमुखी है। युगलों के लिए प्लेटिनम लव बैंड्स विभिन्न रोचक डिज़ाईन विकल्पों में आते हैं, जिनमें ज्यामितीय पैटर्न, स्टेटमेंट और सेंट्रल मोटिफ, और सॉलिटेयर शामिल हैं। पेंडंट्स की श्रृंखला में अद्वितीय हार्ट मोटिफ हैं, जो रोज़ गोल्ड में हीरों से जड़े और टू-टोन टैक्सचर द्वारा सजाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि वैलेंटाईन डे के लिए विशेष रूप से तैयार की गई महिला व पुरुष की अंगूठियां और महिलाओं के लिए पेंडंट एवं चेन शामिल हैं। प्लेटिनम के स्थायी सौंदर्य के साथ, यह सफेद बहुमूल्य मैटल वैलेंटाईन डे के उत्सव की खुशी बढ़ाने के लिए सबसे उत्तम उपहार है।

## शेखर कम्मुला की आगामी फिल्म में नागार्जुन, धनुष, रश्मिका

**मुंबई,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक शेखर कम्मुला की अगली फिल्म में नागार्जुन, धनुष और रश्मिका मंदाना एक साथ दिखाई देंगे। इस फिल्म का टाइटल फिलहाल 'डीएनएस' बताया जा रहा है।




फिल्म का पूजा समारोह गुरुवार को हैदराबाद में हुआ। फिल्म के बारे में ज्यादा कुछ बताए बिना, निर्माता श्री वेंकटेश्वर सिनेमाज एलएलपी ने एक्स पर समारोह की कुछ तस्वीरें साझा कीं।

ट्वीट में लिखा था, एक ब्लॉकबस्टर यात्रा जिसका असर पूरे देश पर पड़ेगा। यह एक पूजा समारोह के साथ शुरू हुआ और शूटिंग एक महत्वपूर्ण शेड्यूल के साथ शुरू हुई।

श्री वेंकटेश्वर सिनेमाज के तहत सुनील नारंग और पुस्कुर राम मोहन राव द्वारा निर्मित यह फिल्म सोनाली नारंग द्वारा प्रस्तुत की गई है। शेखर के लोकप्रिय कार्यों में 'फ़िदा' और 'लव स्टोरी' शामिल हैं। धनुष की नवीनतम रिलीज 'कैप्टन मिलर' है। वह एक बार फिर निर्देशन की कमान संभालते नजर आएंगे। डी50 शीर्षक वाली इस फिल्म में निथ्या मेनन, एसजे सूर्या, संदीप किशन, कालिदास जयराम और वरलक्ष्मी सरथकुमार भी हैं। रश्मिका को पिछली बार संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल में देखा गया था।

## कार सेवा के दौरान चर्चित हुई 'रामकटोरी' मिठाई अब बन गई ब्रांड

**सिद्धार्थनगर,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के दौरान एक बार फिर रामकटोरी चर्चा में है। वर्ष 1992 में राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान यह मिठाई पहली बार बनाई गई थी। अब यह ब्रांड बन चुकी है। क्षेत्र में यह मिठाई हिंदू और मुस्लिम दोनों ही समाज में काफी लोकप्रिय है। बर्डपुर निवासी और मिठाई विक्रेता विनोद मोदनवाल राममंदिर आंदोलन में बतौर कारसेवक जुड़े थे। विनोद मोदनवाल बताते हैं कि बात 1992 की है। तब राम मंदिर आंदोलन चरम पर था। संतों, धर्माचार्यों और विश्व हिंदू परिषद ने अयोध्या में कारसेवा का ऐलान किया था।विनोद मोदनवाल कारसेवा के लिए अयोध्या जाते समय



2 नवम्बर 1990 गिरफ्तार हो गए। उनको बस्ती जेल में रखा गया। 28 दिन बाद वहां से छूटे तो घर पर कटोरी के आकार की एक मिठाई तैयार की। इसका नाम रखा 'रामकटोरी'। तब उन्होंने इसे बतौर प्रसाद लोगों में बांटा। खोआ और घी से बनी अपेक्षाकृत कम मीठी यह मिठाई अपने नाम और खास स्वाद के कारण हिट हो गई, खासकर बस्ती और गोरखपुर मंडल में। चूंकि इन दोनों मंडलों के बहुत से लोग रोजी रोजगार के चलते देश के महानगरों और विदेशों में रहते हैं, लिहाजा इनके जरिए यह बाकी जगहों पर भी जाती है। बिना भेदभाव के सब इसकी मिठास का आनंद लेते हैं। उन्होंने बताया कि सिर्फ मिठाई ही नहीं, भगवान श्रीराम और राम मंदिर बने अलग अलग साइज के पैकेट्स की भी खासी मांग है। लिहाजा पैकेजिंग इंडस्ट्री को भी बूम मिलेगा। इसका लाभ इनको तैयार करने वाले कारीगरों को भी मिलेगा। लोडिंग अनलोडिंग और ट्रांपोर्टेशन से मिलने वाला रोजगार अलग से। राम कटोरी की लोकप्रियता इस कदर बढ़ी कि जिले के तमाम मिठाई के विक्रेता भी राम कटोरी बनाना शुरू कर दिया। हल्के मीठे स्वाद वाली यह मिठाई मुंबई, अहमदाबाद, सूरत व दिल्ली में रहने वाले पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग वापसी में साथ ले जाते हैं।

स्थानीय लोग बताते हैं कि इसी तरह सऊदी अरब, दुबई व शारजाह जाने वाले लोग वहां रहने वाले परिवारीजन व मित्रों को भेंट के लिए राम कटोरी मिठाई ले जाते हैं।

# अयोध्या जाने वालों के लिए तीर्थ टेंट सिटी तैयार

**लखनऊ,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। मणि पर्वत के निकट तीर्थ क्षेत्र पुरम समेत राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा तैयार सभी टेंट सिटी में व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं।

- प्रतिदिन बन रहा 2000 लोगों का भोजन, मणि पर्वत के पास तीर्थ क्षेत्र पुरम में 8000 लोगों के लिए की गई रुकने की व्यवस्था

आवासीय व्यवस्था के तहत मणि पर्वत के पास तैयार किए गए तीर्थ क्षेत्र पुरम में आठ हजार बिस्तर आगंतुकों के लिए हैं। पूरे परिसर को छह क्षेत्र में बांटा गया है। इसके अलावा छावनी के योग केंद्र और कारसेवकपुरम में भी आवासीय व्यवस्था



पूर्ण हो गई है। विगत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली थी।

तीर्थ क्षेत्र पुरम में पांच भोजनालय प्रारंभ हो गए हैं, इसमें करीब 2000 लोगों का भोजन रोज बन रहा है। यहां का दस शैया वाला अस्पताल भी 20 चिकित्सकों के साथ चिकित्सा व्यवस्था संभाले हुए है। कई चिकित्सक रिजर्व में भी हैं। विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त महामंत्री और आवास योजना के प्रभारी कोटेश्वर शर्मा ने बताया कि तीर्थ क्षेत्र द्वारा बसाई गई तीनों टेंट सिटी में सभी सुविधाएं जुटा ली गई हैं। तीर्थ क्षेत्र पुरम में 300 वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है इसके अलावा दोपहिया वाहनों की पार्किंग भी बनाई गई है।

छावनी योग केंद्र की टेंट सिटी के प्रभारी क्षेत्रीय संगठन मंत्री विश्व हिन्दू परिषद मनोज हैं। यहां की व्यवस्था में दर्शन, महेश, डॉ. परमानंद, रनदीप पोखरिया, धईरजजई, कुलदीप रावल, ब्रजेशानंद, राम मिलन, पंकज आदि लगे हैं। इसके अलावा कारसेवकपुरम की टेंट सिटी भी आगंतुकों की अगवानी को तैयार है।

## पन्ना, जहां है भगवान राम के वनवासी रूप की प्राचीनतम प्रतिमा

**पन्ना,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पहले मध्यप्रदेश के पन्ना जिले स्थित भगवान राम के वनवासी रूप की एक प्राचीनतम मूर्ति इन दिनों समूचे अंचल में चर्चा का विषय बनी हुई है। बुन्देलखण्ड अंचल के पन्ना जिले में सलेहा के निकट धार्मिक महत्व का एक अनूठा स्थल सिद्धनाथ है, जो ऐतिहासिक व पुरातात्विक दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है। सिद्धनाथ मन्दिर परिसर में भगवान श्रीराम के वनवासी रूप की दुर्लभ पाषाण प्रतिमा मौजूद है। यह स्थान जिला मुख्यालय पन्ना से 60 किमी दूर विंध्य पहाड़ियों के बीच स्थित है।

पुरातत्वविदों का दावा है कि देश में अब तक प्राप्त भगवान श्रीराम की पाषाण प्रतिमाओं में यह सबसे अधिक प्राचीन है। कहा जाता है कि दुर्गम पहाड़ियों के बीच स्थित इस स्थान पर अगस्त्य मुनि का आश्रम रहा है। इस पूरे परिक्षेत्र में 10वीं और 11वीं शताब्दी की दुर्लभ पाषाण प्रतिमायें व मन्दिरों के अवशेष बिखरे पड़े हैं। राम वन गमन पथ सर्वेक्षण यात्रा में बुद्धिजीवियों व पुरातत्वविदों का दल जब इस प्राचीन स्थल पर पहुंचा तो वनवासी राम की दुर्लभ और प्राचीन प्रतिमा को देख आश्चर्यचकित रह गया। जिस छोटी सी कुटिया में वनवासी वेश वाली भगवान श्रीराम की जटाजूटयुक्त पाषाण प्रतिमा रखी है, उसी के निकट सिद्धनाथ मन्दिर है, जिसे खजुराहो के मन्दिरों से भी अधिक प्राचीन बताया जाता है। दुर्लभ पाषाण प्रतिमा में वनवासी राम धनुष की प्रत्यंचा खींचे हुए वीर भाव में दृष्टिगोचर हो रहे हैं जो लक्ष्य भेदने को तत्पर हैं।

### फिरोजाबाद से मां जानकी के लिए आये 10 हजार चूड़ी तथा कंगन के बाक्स



**लखनऊ।** सुहागनगरी फिरोजाबाद से माता जानकी के सुहाग के रुप में कांच की चूड़ियां और कंगन दस हजार डिब्बों को गुरुवार को अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ न्यास क्षेत्र परिषद के महासचिव चंपत राय को सौंपा गया। सूबे के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इन नक्काशीदार खूबसूरत चूड़ियों और कंगनो को हिन्दू और मुस्लिम कारीगरों ने मिल कर बनाया है। मां जानकी को अर्पित करने के बाद ये चूड़ी और कंगन महिला श्रद्धालुओं को प्रसाद के स्वरूप में वितरित किये जाएंगे। इन चूड़ियों और कंगन पर भगवान श्रीराम, माता सीता जी तथा हनुमान जी के चित्र उकेरे गए हैं। उन्होंने बताया कि फिरोजाबाद से 10 हजार चूड़ियों के बाक्स को लेकर आज सुबह एक ट्रक अयोध्या पहुंचा है और इन बाक्सों को महासचिव चंपतराय को सौंप दिया गया है, जो महिला श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा।

### गोमती की लहरों पर निकली भगवान श्रीराम की शोभायात्रा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन ने गुरुवार को गोमती नदी की लहरों पर भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली। निशातगंज स्थित बोट क्लब में राममयी नाव में चारों ओर रामनामी झंडे लगाए गए और नाव पर भगवान श्रीराम का भव्य कटआउट लगाया गया था। खिलाड़ियों ने पुष्पवर्षा करते हुए जयश्रीराम के उद्घोष के साथ बोट क्लब को भगवान राम के नाम से गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय, प्रदेश ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष डा. सैयद रफत जुबैर रिजवी, रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के आजीवन उपाध्यक्ष डा. आईडी शर्मा ने उत्तर प्रदेश तैराकी संघ के सचिव रविन कपूर, उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पुनीत अग्रवाल की मौजूदगी में उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन की अधिकृत टाई का अनावरण किया। डा. पाण्डेय ने उत्तर प्रदेश में पिछले वर्ष गोरखपुर के रामगढ़ताल में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की रोइंग की स्पर्धाओं में तकनीकी अधिकारी की भूमिका का निर्वहन करने वाले 15 लोगों को सम्मानित किया और कहा कि उत्तर प्रदेश में रोइंग खेल के विकास की काफी संभावनाएं है। इसको आगे बढ़ाने के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे।

## यूके के हिन्दू संगठन 22 को मनाएंगे 'दीपावली'

**लखनऊ,** 18 जनवरी (देशबन्धु)। श्रीराम 22 जनवरी को श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ने सिर्फ उत्तर प्रदेश और देश बल्कि विदेशों में भी दीवाली मनाई जाएगी। इसी क्रम में यूनाइटेड किंगडम की 217 हिन्दू संस्थाओं ने संयुक्त बयान जारी कर अयोध्या में राम जन्म भूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक क्षण बताया है और कहा है कि श्रीराम का अयोध्या में होना ही 'दीवाली' है। उल्लेखनीय है कि अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले इस ऐतिहासिक अयोजन को लेकर सीएम योगी और पीएम मोदी ने देशवासियों से घर, दुकान, प्रतिष्ठान सभी जगह दीपोत्सव मानने की अपील की है। इसी क्रम में अब विदेशों में भी दीपोत्सव और दीपावली मनाएं जाने की तैयारी हो रही है।

इन सभी संस्थाओं ने पूरे यूनाइटेड किंगडम (यू.के.) में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन को पर्व की तरह मनाने की अपील की है। विश्व हिन्दू परिषद के संयुक्त महामंत्री

- पीएम मोदी व सीएम योगी की अपील का असर, देश के साथ ही विदेशों में भी मनाया जाएगा पर्व

विज्ञानानंद के अनुसार ऐसा बयान जारी करने वाले संगठनों में भक्ति मंडल लंदन, भक्ति धाम वेल्स, डा. अंबेडकर यूके मिशन, हिन्दू फोरम आफ यूरोप एंड यूके, जैन समाज मैनचेस्टर, माहेश्वरी महा सभा यूके, तेलुगू हिन्दू आर्गेनाइजेशन, उप्र. कम्युनिटी एसोसिएशन यूके ब्रिटिश हिन्दू प्रेस एसोसिएशन, श्री राम जन्मभूमि उत्सव समिति यार्कशायर, वेंकटेश्वरा बालाजी अभिषेकं ग्रुप, गुजराती सत्संग मंडल श्री कच्छ लेवा पटेल कम्युनिटी, स्वामी नारायण टेम्पल,आदि संस्थाओं के लोगों ने यूनाइटेड किंगडम के सभी हिन्दू परिवारों से इस मंगल अवसर को समारोह पूर्वक मनाने और शाम को दीपों से घर सजाने का आह्वान किया है।

# [ अर्थ जगत ]

| सर्वाधिक बढने वाले शेयर | |
|---|---|
| सन फार्मा | 2.86 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.16 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.72 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.18 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.03 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| एचडीएफसी बैंक | 3.26 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 3.23 प्रतिशत |
| टाइटन | 2.45 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 2.43 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.36 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लौटने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## सरकार राजमार्ग परियोजनाओं को निजी निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बनाएगी : गडकरी

**नई दिल्ली,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार सड़क परियोजनाओं के लिए बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) मॉडल को पुनर्जीवित करने और इसे निजी भागीदारी के लिए अधिक निवेश अनुकूल और आकर्षक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।.

मंत्री ने यहां एक सम्मेलन में कहा, इससे न केवल सड़क बुनियादी ढांचा मजबूत होगा, बल्कि इसका व्यापक प्रभाव होगा जो अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, रोजगार क्षमता बढ़ाने और लॉजिस्टिक लागत को कम करने में मदद करेगा। बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) परियोजनाओं के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

उद्योग के हितधारक ठेकेदार, राजमार्ग संचालक, बैंक और वित्तीय संस्थान और साथ ही सड़क क्षेत्र के तकनीकी और वित्तीय सलाहकार हैं। इस समय बीओटी परियोजनाओं के कार्यान्वयन में विभिन्न



चुनौतियों के कारण परियोजनाएं इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) या हाइब्रिड वार्षिकी मोड पर प्रदान की जा रही हैं।

सम्मेलन में हितधारकों द्वारा उजागर की गई चिंताओं को दूर करने और बाधाओं को दूर करने के लिए बीओटी (टोल) के मॉडल रियायत समझौते में प्रस्तावित संशोधनों पर एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतियां दी गईं। प्रस्तावित संशोधनों में विसंगतियों को दूर करने के लिए विभिन्न प्रावधान शामिल हैं, जैसे समाप्ति भुगतान का निर्धारण, वास्तविक यातायात (पीसीयू) बनाम वाहनों के टोलिंग समूहों के आधार पर रियायती अवधि में संशोधन, डिजाइन क्षमता से अधिक वास्तविक यातायात को फिर से देखना, और देरी के लिए मुआवजा। प्राधिकरण के हिस्से के साथ-साथ अप्रत्याशित घटना के कारण अतिरिक्त टोलवे या प्रतिस्पर्धी सड़क के मामले में वापस खरीदने के नए प्रावधान के साथ परियोजना के पूरा होने से पहले समाप्ति भुगतान को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए।

बीओटी परियोजनाओं के पुनरुद्धार के लिए कई पहल की गई हैं और सामंजस्यपूर्ण प्रतिस्थापन, वन टाइम फंड इन्फ्यूजन, तर्कसंगत मुआवजा, प्रीमियम स्थगन और पुनर्वित्त की अनुमति जैसी विभिन्न योजनाएं अतीत में अपनाई गई हैं। आगे बढ़ते हुए, 2.1 लाख करोड़ रुपये की 5,200 किमी लंबाई वाली 53 बीओटी (टोल) परियोजनाओं की पहचान की गई है और 27,000 करोड़ रुपये की 387 किमी लंबाई वाली 7 परियोजनाओं के लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। सरकार की विज़न 2047 योजना के अनुसार, बड़ी संख्या में हाई-स्पीड कॉरिडोर विकसित करने की परिकल्पना की गई है।

## 2030 तक घरेलू हवाई यातायात 300 मिलियन तक पहुंच जाएगा : सिंधिया

**हैदराबाद,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को बताया कि भारत का घरेलू हवाई यातायात 2030 तक बढ़कर 300 मिलियन हो जाएगा।

हैदराबाद के बेगमपेट हवाईअड्डे पर विंग्स इंडिया 2024 को संबोधित करते हुए सिंधिया ने कहा, %%घरेलू यात्री यातायात जो 2014 में 60 मिलियन था, वह कोविड से पहले बढ़कर 145 मिलियन और 2023 में यह बढ़कर 153 मिलियन हो गया। उन्होंने कहा कि साल 2030 तक 300 मिलियन की अनुमानित वृद्धि के बावजूद, भारत दुनिया के शीर्ष 20 बाजारों में एक होगा। आज हमारी पहुंच लगभग 3-4 प्रतिशत है, जो बढ़कर 10-15 प्रतिशत हो जाएगी। हमें अभी भी 85 प्रतिशत तक पहुंच हासिल करनी है। हम क्षमताएं बनाकर, बाधाओं को दूर कर और प्रक्रियाओं को सरल बनाकर इस क्षमता की तैयारी कर रहे हैं ताकि 2047 तक विमानन क्षेत्र 20 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का समर्थन करने में सक्षम हो सके। कोविड से पहले दैनिक यात्री यातायात 4,00,425 था। अप्रैल-मई में यह बढ़कर 4,50,000 हो गया और नवंबर-दिसंबर 2023 में प्रति दिन 4,67,000 यात्रियों तक पहुंच गया। पिछले 10 वर्षों में घरेलू यात्री यातायात 15.3 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ा, जबकि अंतर्राष्ट्रीय यातायात 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ा।

भारत तीसरा सबसे बड़ा घरेलू नागरिक उड्डयन बाजार और सातवां सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय नागरिक



उड्डयन बाजार है। दोनों को मिला दिया जाए तो भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा नागरिक उड्डयन बाजार है। मंत्री ने कहा कि भारत संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में विमान का सबसे बड़ा खरीदार बन गया है। उम्मीद है कि अगले दशक में भारत का बेड़ा 713 से बढ़कर 2,000 से अधिक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि देश, जिसके पास 2013-14 में 400 विमान थे, ने अपने बेड़े को 713 विमानों तक बढ़ा दिया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान, भारत ने 74 हवाईअड्डे, वॉटरड्रोम और हेलीपोर्ट जोड़े, जिससे संख्या 149 हो गई। साल 2030 तक यह संख्या 200 के पार हो जाएगी। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि टियर 2 और टियर 3 शहरों को जोड़ने के दौरान मंत्रालय की नजर महानगरों पर है। छह महानगरों में 2021 में 221 मिलियन यात्रियों की थ्रूपुट (प्रवाह) क्षमता थी और पिछले ढाई वर्षों में यह बढ़कर 261 मिलियन हो गई।

## भारत की इस्पात मांग को पूरा करने के लिए एनएमडीसी प्रतिबद्ध




हैदराबाद। राष्ट्रीय खनिक एनएमडीसी घरेलू इस्पात मार्केट की निरंतर बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए लौह अयस्क उत्पादन में वृद्धि कर रहा है और निर्यात के बगैर उच्च बिक्री आय अर्जित कर रहा है। भारत सरकार की सबसे सम्मानित और भरोसेमंद कंपनियों में से एक, एनएमडीसी ने चीन को अयस्क निर्यात करने का कोई प्रस्ताव नहीं रखा है, जैसा कि रॉयटर्स द्वारा चलाई गई एक रिपोर्ट में आधारहीन दावा किया गया है । बिजनेस मीडिया के साथ हाल की वार्ताओं में कंपनी ने कहा है कि लौह अयस्क के लिए भारत की आवश्यकता ऐतिहासिक रूप से उच्च-स्तर पर है और एनएमडीसी घरेलू इस्पात निर्माताओं की खपत की मांग को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है । निर्यात के आर्थिक समीकरण पर बोलते हुए कंपनी ने कहा है कि यद्यपि लौह अयस्क निर्यात की कीमतों में वृद्धि का रूझान दिखाई दे रहा है, लेकिन घरेलू बाजार में शुद्ध बिक्री अर्जन बेहतर है ।

## कैबिनेट ने चिप प्रौद्योगिकी पर यूरोपीय संघ के साथ समझौते को दी मंजूरी

**नई दिल्ली,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ईयू-भारत व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) ढांचे के तहत सेमीकंडक्टर्स इकोसिस्टम, इसकी आपूर्ति श्रृंखला और नवाचार पर कार्य व्यवस्था पर केंद्र और यूरोपीय आयोग के बीच हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) को मंजूरी दे दी है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 21 नवंबर, 2023 को हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन का उद्देश्य उद्योगों और डिजिटल प्रौद्योगिकियों की उन्नति के लिए सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकी को बढ़ाने की दिशा में भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच सहयोग को मजबूत करना है। आधिकारिक बयान में कहा गया, यह भारत और यूरोपीय संघ के



बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी सेमीकंडक्टर संबंधित व्यापार अवसरों और साझेदारी की दिशा में एक और कदम है। समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर की तारीख से लागू होता है और तब तक जारी रह सकता है, जब तक दोनों पक्ष यह पुष्टि नहीं कर लेते कि इस उपकरण के उद्देश्यों को प्राप्त कर लिया गया है या जब तक एक पक्ष इस उपकरण में अपनी भागीदारी बंद नहीं कर देता। यह समझौता सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखलाओं के लचीलेपन को बढ़ावा देने और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए पूरक शक्तियों का लाभ उठाने के लिए जी2जी (सरकार से सरकार) और बी2बी (व्यवसाय से व्यवसाय) दोनों द्विपक्षीय सहयोग को शामिल करता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए अनुकूल वातावरण बनाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है। भारत में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के विकास के लिए कार्यक्रम भारत में एक मजबूत और टिकाऊ सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले इकोसिस्टम के विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पेश किया गया था।

## सार संक्षेप

### केंद्र ने कश्मीर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की जांच के आदेश दिए

**श्रीनगर।** केंद्र सरकार ने कश्मीर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (केसीसीआई) के मामलों की जांच के आदेश दिए हैं। अधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार और कॉर्पोरेट मामलों के महानिदेशक (डीजीसीए) ने कंपनी रजिस्ट्रार, श्रीनगर को केसीसीआई के मामलों की जांच करने का निर्देश दिया है। कंपनियों के रजिस्ट्रार सैयद हामिद बुखारी के साइन किए गए एक नोटिस में कहा गया है, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 206 (4) के आधार पर कंपनी को 15 दिनों की अवधि के भीतर जानकारी और दस्तावेज प्रस्तुत करने का आदेश दिया जाता है। जानकारी के मुताबिक, केसीसीआई को पिछले 5 से 6 वर्षों के बोर्ड बैठक विवरण, बैंक विवरण और सभी खाता विवरण, डोनेशन का विवरण और धन के स्रोत के अलावा पदाधिकारियों के बारे में जानकारी मुहैया कराने को कहा गया है।

### अकासा एयर ने 150 बोइंग 737 मैक्स जेट का ऑर्डर दिया

**हैदराबाद।** भारत में नागरिक उड्डयन के इतिहास में सबसे बड़े विमान ऑर्डरों में से एक में, देश की सबसे नई एयरलाइन अकासा एयर ने अपने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय परिचालन के विस्तार के लिए 150 बोइंग 737 मैक्स जेट का ऑर्डर दिया है। नैरोबॉडी विमानों के ऑर्डर की घोषणा गुरुवार को हैदराबाद में विंग्स इंडिया एयर शो में की गई। परिचालन शुरू करने के 17 महीनों के भीतर 200 से अधिक विमानों की ऑर्डर तक पहुंचने वाली यह एकमात्र भारतीय एयरलाइन है। अकासा एयर और बोइंग के अधिकारियों ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की उपस्थिति में आदेश पर हस्ताक्षर किए। केंद्रीय मंत्री ने इस आदेश को दुनिया के नागरिक उड्डयन के इतिहास में अपनी तरह का पहला आदेश बताया।

### दिल्ली में स्मार्ट सिटीज़ इंडिया एक्सपो में प्रभावशाली परियोजनाओं की प्रदर्शनी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के प्रगति मैदान में 17 से 19 जनवरी तक आयोजित होने वाला 9वां स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो स्मार्ट सिटीज मिशन की उपलब्धियों को प्रदर्शित कर रहा है। नेशनल पेवेलियन में इंदौर स्मार्ट सिटी की छप्पन दुकान, सूरत स्मार्ट सिटी के अतीत को भविष्य से जोड़ना, उदयपुर स्मार्ट सिटी का क्षेत्र-आधारित विकास और प्रयागराज स्मार्ट सिटी की पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण सहित कुछ सबसे प्रभावशाली परियोजनाओं के मॉडल दिखाये गये हैं। इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन (आईटीपीओ) और एक्जीबिशन इंडिया ग्रुप द्वारा आयोजित तीन दिवसीय एक्सपो में स्मार्ट आईसीटी, स्मार्ट एनर्जी, भवन, परिवहन, जल और स्वच्छ भारत आदि सहित स्मार्ट सिटी ढांचे के प्रमुख वर्टिकल शामिल हैं। स्मार्ट शहरों को वास्तविकता बनाने की दिशा में गहन संचार और व्यावहारिक दृष्टिकोण को सक्षम करने के लिए यह एक मंच प्रदान करता है।

## शेयर बाजार में गिरावट


**मुंबई,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के मजबूत आर्थिक आंकड़े और बॉण्ड यील्ड में तेजी के बीच ब्याज दरों में कटौती में हो रहे विलंब के दबाव में स्थानीय स्तर पर कंज्यूमर डयूरेबल्स, यूटिलिटीज, पॉवर और वित्तीय सेवाएं समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 313.90 अंक लुढ़ककर 71,186.86 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 109.70 अंक टूटकर 21,462.25 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.08 प्रतिशत फिसलकर 37,568.92 अंक पर आ गया। वही, स्मॉलकैप में 0.02 प्रतिशत की बढ़त रही।

इस दौरान बीएसई में कुल 3910 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1906 में बिकवाली जबकि 1898 में लिवाली हुई वहीं 106 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियां गिरावट जबकि 19 तेजी पर रही।

बीएसई के 12 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.52, सीडी 0.30, एफएमसीजी 0.50, वित्तीय सेवाएं 0.82, आईटी 0.29, यूटिलिटीज 1.70, बैंकिंग 0.42, कंज्यूमर डयूरेबल्स 2.07, धातु 0.75, पावर 1.30, टेक 0.19 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.58 प्रतिशत गिर गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस




दौरान जर्मनी का डैक्स 0.23, हांगकांग का हैंगसेंग 0.75 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.43 प्रतिशत की तेजी रही जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.11 और जापान निक्की 0.03 प्रतिशत फिसल गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 482 अंकों का गोता लगाकर 71,018.86 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 70,665.50 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर तक 71,451.29 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 71,500.76 अंक के मुकाबले 0.44 प्रतिशत गिरकर 71,186.86 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी 158 अंक की गिरावट के साथ 21,414.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,285.55 अंक के निचले जबकि 21,539.40 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 21,571.95 अंक की तुलना में 0.51 प्रतिशत टूटकर 21,462.25 अंक रह गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में एचडीएफसी बैंक 3.26, एनटीपीसी 3.23, टाइटन 2.45, एशियन पेंट 2.43, पावरग्रिड 2.36, इंडसइंड बैंक 1.82, नेस्ले इंडिया 1.60, मारुति 1.31, बजाज फाइनेंस 1.31, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.92, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.61, एचसीएल टेक 0.54, टाटा स्टील 0.46, आईटीसी 0.28, बजाज फ़िनसर्व 0.24, कोटक बैंक 0.14 और विप्रो 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, सन फार्मा 2.86, टेक महिंद्रा 2.16, टाटा मोटर्स 1.72, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.18, एक्सिस बैंक 1.03, एलटी 0.85, आईसीआईआई बैंक 0.73, इंफ़ोसिस 0.43, टीसीएस 0.42, अल्ट्रासिमको 0.40, एसबीआई 0.34, रिलायंस के शेयर 0.29 प्रतिशत के लाभ में रहे।


## एयरबस ने विमान निर्माण के लिए टाटा, महिंद्रा से किए नए अनुबंध

**हैदराबाद,** 18 जनवरी (आईएएनएस)। विमान बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी एयरबस ने वाणिज्यिक विमान घटकों की खरीद के लिए टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) और महिंद्रा एयरोस्पेस स्ट्रक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड (एमएएसपीएल) के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। एयरबस ने गुरुवार को हैदराबाद में शुरू हुए एशिया के सबसे बड़े नागरिक उड्डयन कार्यक्रम विंग्स इंडिया 2024 में यह घोषणा की।

अनुबंध के तहत, टीएएसएल और महिंद्रा एयरोस्ट्रक्चर एयरबस के ए320निओ, ए330निओ और ए350 विमानों के लिए धातु बड़े पार्ट्स, घटकों और असेंबलियों का निर्माण करेंगे। दोनों कंपनियां पहले से ही 100 से अधिक भारत-आधारित आपूर्तिकर्ताओं में से हैं जो विभिन्न एयरबस विमानों के लिए घटक और इंजीनियरिंग तथा डिजिटल सेवाएं प्रदान करती हैं। भारत और दक्षिण एशिया के लिए एयरबस के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक रेमी माइलर्ड ने कहा, एयरबस ने देश में मेक इन इंडिया को अपनी रणनीति का केंद्र बनाया है। हमारी महत्वाकांक्षा न केवल भारतीय वाणिज्यिक बेड़े के विकास का समर्थन करना है, बल्कि यहां संपूर्ण एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करना भी है। इसमें हमारे भारतीय भागीदारों से विनिर्माण और इंजीनियरिंग क्षमताओं को विकसित करना और मजबूत करना शामिल है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और महिंद्रा एयरोस्ट्रक्चर पहले से ही हमारे विमान कार्यक्रमों में योगदान करते हैं, और नवीनतम अनुबंध से उनके साथ हमारा सहयोग बढ़ेगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि एयरबस के लिए भारत एक रणनीतिक संसाधन केंद्र है जहां कंपनी विमान असेंबली, घटक निर्माण, इंजीनियरिंग डिजाइन और विकास, एमआरओ समर्थन, पायलट और रखरखाव प्रशिक्षण के साथ-साथ मानव पूंजी को बढ़ावा देने के लिए अकादमिक सहयोग के साथ अपने औद्योगिक पदचिह्न का विस्तार कर रही है।

## खाद्य तेलों में टिकाव, चावल सस्ता

**नई दिल्ली,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि चावल सस्ता हो गया।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 70 रिंगिट उबलकर 3925 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.28 सेंट की बढ़त के साथ 47.98 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपये प्रति क्विंटल उतर गया जबकि गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9700-9800, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और **चावल :** 2700-2800 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

## आरबीआई बुलेटिन ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7 प्रतिशत किया

**मुंबई,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। बाहरी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मजबूत घरेलू मांग के कारण भारत की आर्थिक गतिविधियां लचीली बनी हुई हैं। गुरुवार को जारी आरबीआई के मासिक बुलेटिन के अनुसार, भारत में आपूर्ति श्रृंखला का दबाव दिसंबर में कम हुआ और ऐतिहासिक औसत स्तर से नीचे रहा। रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा आर्थिक गतिविधि सूचकांक (ईएआई) अब 2023-24 की तीसरी तिमाही के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7 प्रतिशत रखता है। पहले विकास दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया था। इसके अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 में उम्मीद से अधिक मजबूत वृद्धि दर्ज की, जो उपभोग से निवेश की ओर बदलाव के साथ-साथ पूंजीगत व्यय पर सरकार के जोर के साथ निजी निवेश में वृद्धि पर आधारित है। अर्थव्यवस्था की स्थिति पर रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिकूल आधार प्रभावों के कारण उच्च खाद्य मुद्रास्फीति के कारण दिसंबर में हेडलाइन मुद्रास्फीति में मामूली वृद्धि दर्ज की गई।




साथ ही, रिपोर्ट वैश्विक मंदी के कारण नकारात्मक जोखिमों को भी चिन्हित करती है। विश्व अर्थव्यवस्था को निकट भविष्य में विकास की भिन्न-भिन्न संभावनाओं का सामना करना पड़ रहा है।


रिपोर्ट यह भी बताती है कि खुदरा और सेवा क्षेत्रों को ऋण देने से भारतीय बैंकों (एससीबी) की समेकित बैलेंस शीट में लगातार विस्तार हुआ है। उच्च शुद्ध ब्याज आय और कम प्रावधान ने शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) और लाभप्रदता को बढ़ावा दिया। सितंबर 2023 के अंत में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (जीएनपीए) अनुपात 3.2 प्रतिशत होने के साथ परिसंपत्ति गुणवत्ता में भी लगातार सुधार हुआ है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) की समेकित बैलेंस शीट का भी विस्तार हुआ, जिसका नेतृत्व किया गया दोहरे अंक की ऋण वृद्धि हुई, जबकि लाभप्रदता और परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ और सीआरएआर नियामक आवश्यकता से अधिक रहा।

रिपोर्ट में बैंकों और एनबीएफसी के बीच बढ़ते अंतर-संबंध को चिह्नित किया गया है और कहा गया है कि एनबीएफसी को अपने फंडिंग स्रोतों को व्यापक बनाने और बैंक फंडिंग पर अत्यधिक निर्भरता को कम करने की जरूरत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंकों और गैर-बैंकों को अपनी ग्राहक सेवाओं में अधिक सहानुभूति लाने की जरूरत है, साथ ही उन्हें और भुगतान प्रणाली को धोखाधड़ी और साइबर खतरों से उत्पन्न डेटा उल्लंघनों के जोखिमों से बचाने के लिए ठोस प्रयास करने की जरूरत है।

# खेल जगत

## स्वीयाटेक कोलिन्स पर संघर्षपूर्ण जीत के साथ तीसरे दौर में

**मेलबर्न,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक ने निर्णायक सेट में 1-4 से दो बार पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए दूसरे दौर में डेनियल कोलिन्स के खिलाफ गुरुवार को रॉड लेवर एरेना में 6-4, 3-6, 6-4 से जीत दर्ज की और ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली। स्वीयाटेक ने पिछले साल बीजिंग में खिताबी दौड़ और कैनकन में डब्ल्यूटीए फाइनल्स में लगातार 18 मैच जीते हैं, और यूनाइटेड कप में नाबाद एकल अभियान के बाद इस साल ऑस्ट्रेलियाई धरती पर 7-0 से सुधार हुआ है। जीत के बाद स्वीयाटेक ने कहा, यह आसान नहीं था। मुझे लगा जैसे मेरी गति बढ़ रही है और फिर उसने अचानक दो गुना तेज खेलना शुरू कर दिया और मुझे नहीं पता था कि कुछ गेम तक मैं इस पर कैसे प्रतिक्रिया दूं। लेकिन मैं वापस आयी, और मैंने केवल यही सोचा जिस चीज पर मैं ध्यान केंद्रित कर सकती थी वह मैं खुद थी।



# भारत ने अफगानिस्तान को तीसरे टी-20 में दूसरे सुपर ओवर में हरा सीरीज 3-0 से जीत किया क्लीन स्वीप



सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 18 जनवरी (देशबन्धु)। कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के सही समय पर गियर बदल कर जड़े तूफानी अविजित शतक और बेहतरीन फिनिशर रिंकू सिंह के तूफानी अविजित अर्द्धशतक की बदौलत भारत ने अफगानिस्तान को बुधवार रात बेंगलुरू में सीरीज के तीसरे और आखिरी सांस रोक देने वाले सबसे रोमांचक टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के निर्धारित समय में 'टाई ' होने और दूसरे सुपर ओवर में बड़े दिल वाले लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के एक रन पर चटकाए दो विकेट की बदौलत जीत दर्ज क्लीप स्वीप कर सीरीज 3-0 जीत ली। भारत ने अफगानिस्तान से शुरू के दोनों टी-20 अंतर्राष्ट्रीय छह विकेट से जीत 2-0 की बढ़त के साथ पहले ही सीरीज अपने नाम कर ली थी। मैन ऑफ द' मैच रोहित शर्मा टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पांचवां शतक जड़ने के साथ अपने ही देश के इस फॉर्मेट में सूर्य कुमार यादव के दुनिया में सबसे ज्यादा शतक जड़ने के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। रोहित ने अविजित शतक जड़ने के साथ पहले सुपर ओवर में दो और दूसरे में एक छक्के सहित कुल तीन छक्के और एक चौक जड़ भारत को इस यादगार मुकाबलेमें जीत दिलाई। रोहित शर्मा ने अपने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट करियर का पांचवां शतक जड़ और रिंकू ने बतौर फिनिशर इस सीरीज में अविजित रहकर इस साल के मध्य में वेस्ट इंडीज और अमेरिका में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपना स्थान पक्का कर लिया। शिवम दुबे तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज में दो अर्द्बशतकों सहित कुल सबसे ज्यादा 124 रन बनाने के साथ दो विकेट लेकर मैन ऑफ द' सीरीज रहे।

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (4 रन, 6 गेंद), विराट कोहली (0) , शुरू के दो मैचों में अर्द्बशतक जड़ने वाले शिवम दुबे (1) और संजू सैमसन (0) के रूप शुरू के चार विकेट मात्र 4.3 ओवर में मात्र 22 रन पर गंवाने के बाद कप्तान सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और रिंकू सिंह की पांचवें विकेट की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के 190 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत भारत ने बेहद निराशाजनक आगाज से उबर कर छक्कों और चौकों की बारिश कर टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए बुधवार को निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 212 रन का विशाल स्कोर बनाया। रोहित शर्मा 69 गेंद खेल कर आठ छक्कों और 11 चौकों की मदद से 121 तथा रिंकू सिंह मात्र 39 गेंद खेल कर छह छक्कों और दो चौकों की मदद से 69 रन बनाकर अविजित रहे। रिंकू और रोहित ने पारी के 20 वें और अंतिम तथा तेज गेंदबाज करीम जन्नत के तीसरे ओवरों में 36 रन जड़े और इसमें रिंकू ने पारी की आखिरी तीन गेंदों पर लगातार तीन छक्के जड़े। भारत ने आाखिरी के पांच ओवर में बिना कोई विकेट खोए 103 रन जोड़े। तेज गेंदबाज फरीद अहमद (3/20) अफगानिस्तान के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे। जवाब में विकेटकीपर बल्लेबाज रहमतुल्लाह गुरबाज (50 रन, 32 गेंद, 4 छक्के, तीन चौके) और कप्तान इब्राहिम जादरान(50 रन,41 गेंद, एक छक्का, चार चौके) और गुलबदीन नायब (अविजित 55 रन, 23 गेंद, चार छक्के, चार चौके) के तूफानी अर्द्धशतकों की बदौलत अफगानिस्तान ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 212 रन बनाकर मैच %टाई ' कराया। ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर(3/18) भारत के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे। अफगानिस्तान को जीत के लिए 20 वें आखिरी में 19 रन की जरूरत थी और इसमें गुलबदीन ने एक चौका और एक छक्का जड़ा और अफगानिस्तान ने 18 रन बना पाया और स्कोर टाई होने पर फैसले के लिए 'सुपर ओवर' फेंका गया। मुकेश कुमार ने सुपर ओवर किया और इसमें पहली ही गेंद पर नायब दूसरा रन लेने के फेर में रनआउट हुए और रहमतुल्लाह गुरबाज के चौके और मोहम्मद नबी के छक्के से अफगानिस्तान ने 16 रन बनाए। अफगानिस्तान के लिए पहला सुपर ओवर अजमतुल्लाह उमरजई ने किया और रोहित शर्मा के दो छक्कों की बदौलत भारत ने भी सुपर ओवर में एक विकेट पर 16 रन बनाए। कप्तान रोहित पांचवीं गेंद पर खुद रिटायर्ड आउट हो कर मैदान से बाहर चले और अंतिम गेंद पर यशस्वी एक रन ही दौड़ पाए। नियमों के मुताबिक जिसने भी पहले सेट में सुपर ओवर किया वे दूसरे सुपर ओवर के दूसरे सेट में गेंदबाजी नहीं कर सकते। ऐसे में उमरजई और मुकेश सुपर ओवर के इस सेट में गेंदबाजी की होड़ से बाहर हो गए। दूसरे सेट में निर्धारित समय में अफगानिस्तान के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे फरीद अहमद(3/20) ने सुपर ओवर फेंका। रिंकू सिंह (0) इस ओवर की चौथी गेंद पर बल्ला चलाया गेंद बल्ले का महीन बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर रहमतुल्लाह गुरबाज के हाथों चली गई और अगली गेंद पर संजू सैमसन ने खेली और रोहित रन के लिए दौड़े और रनआउट हो गए। इस ओवर की पहली गेंद पर कप्तान रोहित ने छक्का और दूसरी पर चौका जड़ा था और अगली पर एक रन लिया था और भारत ने दो विकेट पर 11 रन बनाए। अफगानिस्तान को जीत के दूसरे सुपर ओवर में मात्र 12 रन का लक्ष्य मिला। भारत के लिए दूसरा सुपर ओवर लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने किया और अफगानिस्तान के लिए पारी का आगाज मोहम्मद नबी और रहमतुल्लाह गुरबाज ने किया। बिश्नोई की पहली ही गेंद को नबी उड़ाने गए और लॉन्ग ऑन पर रिंकू सिंह के हाथों लपके गए।अगली गेंद पर करीम जन्नत ने पॉइंट पर खेल कर एक रन लिया और तीसरी और अगली गेंद को रहतुल्लाह गुरबाज (1)उड़ाने गए और रिंकू सिंह ने लॉन्ग ऑफ कैच लपक भारत को दूसरे सुपर में मैच जिता दिया।

■ रवि बिश्नोई ने दूसरे सुपर ओवर में 2 विकेट ले भारत को दिलाई रोमांचक जीत

## ली चेउक यियू ने गत चैंपियन कुनलावुत विटिडसार्न को हराया



**नई दिल्ली,** 18 दिसंबर (एजेंसियां)। हांगकांग के ली चेउक यियू ने इंडिया ओपन 2024 के दूसरे दौर में गुरुवार को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में मौजूदा पुरुष एकल चैंपियन थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न पर जीत दर्ज कर तहलका मचा दिया।

ली चेउक यियू ने भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित सुपर 750 मीट में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मौजूदा विश्व चैंपियन कुनलावुत को एक घंटे 22 मिनट में 16-21, 22-20, 23-21 से हरा दिया।

सुबह के सत्र में पूर्व विश्व चैंपियन जापान की अकाने यामागुची और चीन के ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली शी फेंग को भी हार का सामना करना पड़ा। थाईलैंड के बुसानन ओंगबामरुंगफान ने यामागुची को 21-11, 21-19 से हराया, जबकि जापान के कोकी वतनबे ने तीसरी वरीयता प्राप्त फेंग को 14-21, 21-13, 21-9 से हराया।

लेकिन, सुबह के सत्र के स्टार निस्संदेह ली चेउक यियू थे, जिस तरह से उन्होंने कुनलावुत के खिलाफ लड़ाई लड़ी।

पहला गेम हारने के बाद जब हांगकांग का शटलर दूसरे गेम में 6-12 से पिछड़ रहा था, लेकिन उसने लगातार छह अंक जीतकर 12-12 से बराबरी हासिल करके स्थिति बदल दी और फिर निर्णायक गेम खेला।

तीसरे और अंतिम गेम में भी इसी पैटर्न का पालन किया गया और कुनलावुत ने 16-9 की बढ़त बना ली। इसके बाद ली ने लगातार 10 अंक जुटाए और फिर 20-18 पर दो गेम प्वाइंट अर्जित किए।

हांगकांग के शटलर के मैच खत्म करने से पहले थाई खिलाड़ी कुल तीन मैच प्वाइंट बचाने में सफल रहा।

महिला एकल के अन्य मुकाबलों में गत चैंपियन दक्षिण कोरिया की एन-से यंग को अमेरिका की बेइवेन झांग पर 21-19, 14-21, 21-14 से जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता चीनी ताइपे की ताई जू-यिंग और दो बार की विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता चीन की हे बिंग जियाओ ने भी अपने-अपने विरोधियों पर आसान जीत हासिल की।

ताई ने सुपानिडा कटेथोंग को 21-12, 21-11 से हराया, जबकि हे बिंग जियाओ ने पोर्नपावी चोचुवोंग को 21-6, 21-11 से हराया।

# रोहित शर्मा की हिटिंग से हैरान रह गए राहुल द्रविड़



**बेंगलुरु,** 18 जनवरी (आईएएनएस) भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रोमांचक तीसरे टी20 मैच में कप्तान रोहित शर्मा की नाबाद 121 रन की पारी से आश्चर्यचकित रह गए और उन्होंने कहा कि दाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज की हिटिंग का स्तर अविश्वसनीय था।

अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला, जिसे भारत ने 3-0 से जीता, में रोहित की विराट कोहली के साथ टी20 में वापसी हुई। लेकिन रोहित की शुरुआत आदर्श से कम रही और उन्हें लगातार दो बार शून्य पर आउट होना पड़ा। बुधवार शाम एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में, रोहित ने भारत की डबल सुपर ओवर जीत में अपना पांचवां टी20 शतक लगाया।

ईमानदारी से कहूं तो, मुझे लगता है कि वह आज शानदार था। उसने दिखाया है कि वह कितना स्तरीय खिलाड़ी हो सकता है। एक समय हमारा स्कोर 4 विकेट पर 22 रन था और यहां तक कि जब मैं 10वें ओवर में (ड्रिंक्स के समय) अंदर गया, तो चर्चा हमेशा इसी बारे में थी सकारात्मक होना। जाहिर है, आपको मैच को थोड़ा बचाना था (4 विकेट पर 22 रन पर)। द्रविड़ ने मैच समाप्त होने के बाद प्रसारकों से कहा, आपकी हमेशा बाहर जाने और खेल की गति निर्धारित करने की मानसिकता होती है, लेकिन इस तरह के मैचों में, कभी-कभी आपको थोड़ा पीछे रहना पड़ता है। आप इस मैदान पर बहुत अधिक पीछे नहीं रह सकते क्योंकि आप जानते हैं कि आपको बड़े स्कोर की आवश्यकता है। मुझे लगा कि हिटिंग का वह स्तर अविश्वसनीय था।

69 गेंदों पर अपनी नाबाद 121 रन की पारी के दौरान, रोहित पांच ट्ट20 शतक लगाने वाले पहले व्यक्ति भी बने, क्योंकि भारत ने 212/4 का स्कोर बनाया, जिसमें से 103 रन आखिरी पांच ओवरों में आए। रोहित ने 12वें ओवर तक का समय लिया और आखिरी 35 गेंदों में 93 रन अविश्वसनीय अंदाज में बनाए। द्रविड़ ने कहा, रोहित के साथ बात यह है कि उसके पास जिस तरह की रेंज है, जब वह बैक एंड पर सेट होता है तो उसे गेंदबाजी करना मुश्किल होता है। आप शॉर्ट बॉल नहीं कर सकते क्योंकि वह पुल के साथ वास्तव में अच्छा है, और ऊपर गेंदबाजी नहीं कर सकता उनके पास शानदार रेंज भी है। उनका वापस आना वास्तव में अच्छा है, बस ड्रेसिंग रूम में उनकी उपस्थिति बहुत मददगार रही है। विराट (कोहली) और वह दोनों इस समूह में बहुत कुछ जोड़ते हैं।

अपने पुराने शॉट्स लगाने और पूरे पार्क में गेंदबाजों को घुमाने के बीच, रोहित ने कुछ रिवर्स स्वीप और एक स्विच हिट भी किया, जो सामूहिक रूप से पांच बार आया। द्रविड़ ने टीम के लिए बहुमूल्य रन बनाने के लिए अपरंपरागत शॉट लगाने की कोशिश कर रहे रोहित की प्रशंसा की।

## अल्काराज संघर्षपूर्ण जीत के साथ तीसरे दौर में, ज्वेरेव, रुड, नोरी 5-सेट थ्रिलर में जीते

**मेलबर्न,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने गुरुवार को लोरेंजो सोनेगो पर 6-4, 6-7(3-7), 6-3, 7-6(7-3) से जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के तीसरे दौर में अपनी जगह बनाई। स्पैनियार्ड को रॉड लेवर एरेना में जीत हासिल करने में तीन घंटे और 25 मिनट का समय लगा और उन्होंने 2021 सिनसिनाटी मास्टर्स में अपने करियर की एकमात्र अन्य भिड़ंत में सोनेगो से सीधे सेटों में मिली हार का बदला लिया।

12 एस सहित 43 विनर्स लगाने वाले 20 वर्षीय स्पैनियार्ड का अगला मुकाबला भारतीय क्वालीफायर सुमित नागल और चीनी वाइल्डकार्ड जंचेंग शांग के बीच चल रही लड़ाई के विजेता से होगा। इससे पहले दिन में, अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने स्लोवाकिया के क्वालीफायर लुकास क्लेन के खिलाफ पांच सेट के रोमांचक मैच में वापसी की और लगातार दूसरे दौर से बाहर होने से बचे। जॉन कैन एरेना में साढ़े चार घंटे के खेल के बाद जर्मन ने 7-5, 3-6, 4-6, 7-6(7-5), 7-6(10-7) से जीत हासिल की। टूर स्तर पर यह जीत ज्वेरेव की 400वीं जीत है। तीसरे दौर में उनका मुकाबला नेक्स्टजेन एटीपी अमेरिकन एलेक्स मिशेलसन से होगा। ज्वेरेव द्वारा अपनी जीत पूरी करने से कुछ मिनट पहले, कैस्पर रूड भी घरेलू पसंदीदा मैक्स परसेल के खिलाफ पांच-सेटर से बच गए। नॉर्वेजियन ने मार्गरेट कोर्ट एरेना में 6-3, 6-7(5-7), 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से जीत दर्ज की। तीसरे दौर में रूड का मुकाबला ब्रिटेन के 19वीं वरीयता प्राप्त कैमरून नोरी से होगा। नोरी ने उस मैचअप को पांच सेट की जीत के साथ स्थापित किया जो रूड की जीत में आखिरी गेंद के तुरंत बाद समाप्त हुआ।

## सार संक्षेप

### अमेरिका जापान को 2-1 से हराकर फाइनल में पहुंचा

**रांची।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जापान को गुरुवार को 2-1 से हराकर फाइनल में जगह पक्की की और पेरिस ओलंपिक खेलों में स्थान हासिल कर लिया। संयुक्त राज्य अमेरिका, जिसने 1984 संस्करण में घरेलू मैदान पर कांस्य पदक जीता था, ने सातवीं बार ओलंपिक में वापसी करने के लिए शानदार वापसी की, आखिरी बार रियो डी जेनेरो में 2016 के खेलों में भाग लिया था । संयुक्त राज्य अमेरिका दावेदारों के बीच सबसे कम पसंदीदा के रूप में भारत आया था, लेकिन ओलंपिक में बर्थ हासिल करने में वह पहले स्थान पर था क्योंकि वे एक अमर भावना पर सवार थे, मजबूती से बचाव कर रहे थे और अब तक चार मैचों में केवल एक गोल खाकर अजेय रहे। डेविड पासमोर की टीम ने पूरे मैच में पीछा किया और जापान ने बढ़त बनाए रखी। एशियाई खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता ने यहां मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो-टर्फ हॉकी स्टेडियम में ठंडी और धुंध भरी शाम में पेनल्टी कॉर्नर पर 38वें मिनट में अमीरू शिमादा के गोल करने से बढ़त बना ली। एश्ले हॉफमैन ने 52वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर उन्हें बराबरी पर ला दिया और फिर अबीगैल टैमर ने 55वें मिनट में चौथे पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड पर विजयी गोल कर दिया। अंत में, दोनों टीमों ने समान कब्ज़ा साझा किया लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका ने जापान द्वारा पाँच की तुलना में आठ सर्कल प्रविष्टियाँ बनाईं। दोनों टीमों के पास आठ सर्कल प्रविष्टियाँ थीं क्योंकि अमेरिका ने अपने पाँच पेनल्टी कॉर्नर में से दो को परिवर्तित किया जबकि जापानी अपने छह शॉर्ट कॉर्नर में से केवल एक का ही फायदा उठा सके।

### अफगानिस्तान के नए फील्डिंग कोच बने शेन मैकडरमॉट

**काबुल।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने गुरुवार को शेन मैकडरमॉट को सीनियर पुरुष टीम का नया फील्डिंग कोच नियुक्त करने की घोषणा की। एसीबी ने कहा कि मैकडरमॉट 1 फरवरी को अफगानिस्तान के पुरुषों के सभी प्रारूपों के श्रीलंका दौरे के दौरान टीम में शामिल होने के लिए तैयार हैं। मैकडरमॉट एक उच्च प्रदर्शन स्तर तीन कोचिंग प्रमाणपत्र धारक हैं और उनके पास अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर टीमों के साथ काम करने का व्यापक अनुभव है। वह हाल ही में बांग्लादेश पुरुष टीम के सहायक फील्डिंग कोच थे। इस भूमिका में वह 2022 से थे। उन्होंने 2019-2022 तक श्रीलंकाई सीनियर पुरुष टीम के साथ भी इसी पद पर काम किया है और तीन साल की अवधि के लिए श्रीलंका ए टीम के मुख्य कोच थे। बांग्लादेश और श्रीलंका के साथ अपने कार्यकाल से पहले शेन मैकडरमॉट ने 2012 से 2019 तक क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय क्रिकेट केंद्र में अंतरिम राष्ट्रीय टीम सहायक/ फील्डिंग कोच और अंतरिम राष्ट्रीय ए टीम विश्लेषक और फील्डिंग कोच के रूप में काम किया।

## सुमित नागल दूसरे दौर में हारे, बोपन्ना-एबडेन युगल वर्ग में जीते



**मेलबर्न,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियन ओपन में सुमित नागल का शानदार सफर गुरुवार को मेलबर्न पार्क में पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में चीन के जुनचेंग शांग से हारने के बाद समाप्त हो गया।

मंगलवार को शुरुआती दौर में कजाकिस्तान के विश्व नंबर 27 अलेक्जेंडर बुबलिक को हराने वाले विश्व नंबर 137 नागल ने शांग के खिलाफ पहला सेट जीता, लेकिन दो घंटे 50 मिनट में 6-2, 3-6, 5-7, 4-6 से हार गए।

मंगलवार को नागल उस समय गौरवान्वित हुए जब भारतीय टेनिस सनसनी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन का पहला राउंड जीता और 1989 में रमेश कृष्णन के बाद ग्रैंड स्लैम में किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। इस बीच, पुरुष युगल में, भारतीय अनुभवी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एबडेन ने ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड प्रवेशकों जेम्स डकवर्थ और मार्क पोलमैन्स के खिलाफ एक कठिन मैच को सफलतापूर्वक पार कर दूसरे दौर में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया।

बोपन्ना और एबडेन पहले गेम में 0-5 से पिछड़ गए लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए सुपर टाई-ब्रेकर में अपना पहला राउंड मैच 7-6(7-5), 4-6, 7-6 (10-2) से जीत लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त इंडो-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी का अगला मुकाबला जॉन मिलमैन और एडवर्ड विंटर की एक अन्य ऑस्ट्रेलियाई वाइल्ड कार्ड टीम से होगा।

# सूर्यकुमार यादव की जर्मनी में हुई सफल सर्जरी



म्यूनिख, 18 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के शीर्ष क्रम के टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की 17 जनवरी को जर्मनी के म्यूनिख में ग्रोइन की सफल सर्जरी हुई। कई रिपोर्टों से पता चला है कि सूर्यकुमार का स्पोर्ट्स हर्निया का ऑपरेशन हुआ था। उनसे पहले केएल राहुल ने भी 2022 में म्यूनिख में ही स्पोर्ट्स हर्निया का ऑपरेशन करवाया था।

सूर्यकुमार सर्जरी के लिए अपनी पत्नी देविशा के साथ जर्मनी में हैं। उन्होंने सर्जरी के बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा, सर्जरी हो गई। मैं सभी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, जिन्होंने चिंता जताई और मेरे अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। मैं यह बताते हुए खुशी महसूस कर रहा हूं कि जल्द ही वापसी करूंगा।

33 वर्षीय बल्लेबाज पिछले महीने जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 के दौरान 56 गेंदों में शतक बनाने के बाद फील्डिंग करते समय बाएं टखने में चोट लगने के बाद से एक्शन से बाहर हैं। बाद में, उन्हें मून बूट्स के साथ चलते हुए देखा गया, जिससे पता चलता है कि चोट गंभीर थी। कई रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि सूर्यकुमार के चोटिल टखने का भी ऑपरेशन हुआ है। यहां तक कि ग्रोइन ऑपरेशन के लिए जर्मनी जाने से पहले वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में पुनर्वास से भी गुजरे थे। यह देखना बाकी है कि सूर्यकुमार आईपीएल 2024 की शुरुआत के लिए समय पर फिट होते हैं या नहीं, जो संभवत: मार्च के तीसरे सप्ताह से शुरू होने वाला है। आईपीएल में सूर्यकुमार पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का अहम हिस्सा रहे हैं। अमेरिका और वेस्ट इंडीज में 1-29 जून तक होने वाले 2024 पुरुष टी20 विश्व कप से पहले उनकी उपस्थिति भारतीय टीम के लिए महत्वपूर्ण होगी।

सर्जरी हो गई। मैं सभी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, जिन्होंने चिंता जताई और मेरे अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। मैं यह बताते हुए खुशी महसूस कर रहा हूं कि जल्द ही वापसी करूंगा : सूर्यकुमार यादव

# सुपर ओवर ड्रामा, रोहित रिटायर हर्ट हुए थे या रिटायर आउट?




**बेंगलुरु,** 18 जनवरी (एजेंसियां)। भारत और अफ़ग़ानिस्तान के बीच खेले गए तीसरे और अंतिम टी20 मुक़ाबले का ड्रामा अब तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मैच के नतीजे तक पहुंचने के लिए दो सुपर ओवर का सहारा लेना पड़ा लेकिन इन्हीं सुपर ओवर के बीच एक ऐसा सवाल पनपा जो अभी तक बना हुआ है। रोहित शर्मा पहले सुपर ओवर के दौरान रिटायर आउट हुए थे या रिटायर हर्ट? दरअसल पहले सुपर ओवर के दौरान ऐसा समझा गया था कि रोहित रिटायर आउट होकर मैदान छोड़कर चले गए। अगर आईसीसी के प्लेइंग कंडीशन का रुख़ करें तो वहां साफ़ तौर पर उल्लेखित है कि अगर कोई बल्लेबाज़ पहले सुपर ओवर में आउट हो जाता है तो वह अगले सुपर ओवर में बल्लेबाज़ी नहीं कर सकता। हालांकि मैच से संबंधित अधिकारियों ने भी इस घटना को लेकर कोई साफ़ तस्वीर पेश नहीं की है। लेकिन अगर रोहित रिटायर हर्ट हुए थे, तभी वह दोबारा बल्लेबाज़ी करने आ सकते थे। रोहित ने पहले सुपर ओवर में तीसरी और चौथी गेंद पर लगातार दो छक्के लगाए, जिसके बाद वह सिंगल लेकर दूसरे छोर पर चले गए। अब भारत को जीत के लिए अंतिम गेंद पर दो रन बनाने थे और स्ट्राइक यशस्वी जायसवाल के पास थी। हालांकि तभी भारत ने नॉन स्ट्राइकर एंड पर बदलाव किया और वहां रोहित की जगह रिंकू सिंह को भेज दिया गया। अगर रोहित रिटायर्ड आउट हुए थे तो ऐसा फ़ैसला इस मंशा के साथ लिया गया होगा कि अंतिम गेंद पर दौड़ने के लिए भारतीय टीम के पास एक क्विक रनर उपलब्ध हो। जायसवाल के बल्ले का गेंद ने किनारा लिया और सिर्फ़ एक ही रन मिल पाया। जिसके बाद भारत को दूसरा सुपर ओवर खेलने की तैयारी करनी पड़ी। हालांकि इस बार ख़ुद रोहित, रिंकू के साथ मैदान पर उतरे। पहले सुपर ओवर में चेज़ करने वाली टीम इंडिया को अब पहले बल्लेबाज़ी करनी थी। रोहित ने पहली गेंद पर छक्का और दूसरी पर चौका जड़ दिया। तीसरी गेंद पर वह एक ही रन बटोर पाए। हालांकि इसकी अगली ही गेंद पर रिंकू का विकेट गिर गया और रोहित भी रन आउट हो गए। लेकिन रवि बिश्नोई ने अपनी पहली ही दो गेंद पर दोनों विकेट ले लिए।

मैच के बाद ब्रॉडकास्टर्स से बात करते हुए भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की बातें सुनकर तो ऐसा ही लगा जैसे वह यह स्वीकार रहे हैं कि रोहित ने ख़ुद को रिटायर आउट ही किया था। इतना ही नहीं, द्रविड़ ने इस घटना की तुलना आईपीएल 2022 में रविचंद्रन अश्विन के रिटायर आउट होने से भी की। द्रविड़ ने कहा, ख़ुद को आउट करना अश्विन स्तरीय सोच थी। अफ़ग़ानिस्तान की टीम के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट से भी मैच के बाद हुई प्रेस वार्ता के दौरान रोहित वाले घटनाक्रम के बारे में पूछा गया कि क्या मैच से संबंधित अधिकारियों ने उनसे यह जानकारी साझा की थी कि रोहित रिटायर आउट थे या रिटायर हर्ट? ट्रॉट ने कहा, मुझे कोई जानकारी नहीं है। क्या इससे पहले दो सुपर ओवर हुए हैं? मैं यही कहना चाहता हूं। यह एक तरह से नया है। नए तरह के नियम बनते रहते हैं। मैं बस यही कहना चाह रहा हूं कि हम नियमों और दिशानिर्देशों का परीक्षण करते रहे। ट्रॉट शायद यह बताना चाह रहे थे कि मैच से संबंधित अधिकारियों और टीम के बीच संवाद में थोड़ी और स्पष्टता की दरकार थी। हालांकि उन्होंने रोहित के घटनाक्रम से ज़्यादा दूसरे सुपर ओवर के लिए अफ़ग़ानिस्तान की गेंदबाज़ी की पसंद का मामला उठाया। दरअसल अफ़ग़ानिस्तान, पहला सुपर ओवर डालने वाले अज़्मतउल्लाह ओमरज़ई से ही दूसरा सुपर ओवर भी डलवाना चाहता था। हालांकि आईसीसी के प्लेइंग कंडीशन के मुताबिक़ पिछले सुपर ओवर में गेंदबाज़ी कर चुका गेंदबाज़ अगले सुपर ओवर में गेंदबाज़ी नहीं कर सकता।